रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 248, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

या देवी सर्वभूतेषु मां महागौरी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. मां शैलपुत्री | 2. मां ब्रह्मचारिणी | 3. मां चंद्रघंटा | 4. मां कूष्मांडा | 5. मां स्कंदमाता | 6. मां कात्यायनी | 7. मां कालरात्रि | 8. मां महागौरी | 9. मां सिद्धिदात्री |
| बीज मंत्र: ह्रीं शिवायै नम: | बीज मंत्र: ह्रीं श्री अम्बिकायै नम: | बीज मंत्र: ऐं श्रीं शक्तयै नम: | बीज मंत्र: ऐं ह्री देव्यै नम: | बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम: | बीज मंत्र: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नम: | बीज मंत्र: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम: | बीज मंत्र: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम: | बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम: |



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

**मां महागौरी**

वन्दे वांछित कामार्थेचन्द्रार्घकृतशेखराम्।
सिंहारूढाचतुर्भुजा महागौरी यशस्वीनीम्॥

## अष्टमी महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्य: फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दु:ख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। महागौरी की चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है।

**श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचि:।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥**

मां महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देख कर कुछ ऐसी बात कह देते हैं जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्यारत पार्वती जब वापस नहीं आयीं तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं। शिव वहां पहुंचे तो पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं।

## ईएसआईसी रांची में बनाएगा नया मेडिकल कॉलेज

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से रांची में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का रास्ता साफ हुआ है। ईएसआईसी के जरिये रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख भाई मंडवीय ने नई दिल्ली में की है। मालूम हो कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के तुरंत बाद संजय सेठ ने मनसुख मांडवीय से मुलाकात कर रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव भी दिया था। **विस्तृत खबर पेज दो पर**

# सीएम हेमंत ने खरगे व राहुल से की मुलाकात, सीट शेयरिंग पर हुई चर्चा

## मुलाकात के दौरान कल्पना सोरेन और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल रहे मौजूद

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीट शेयरिंग और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। हेमंत सोरेन ने खरगे और राहुल गांधी को राज्य की मौजूदा सियासी परिस्थितियों से अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार, सोरेन ने कांग्रेस नेताओं से कहा कि 20 अक्टूबर के पहले सीट शेयरिंग पर फैसला कर लेना उचित होगा। राज्य में मंईयां सम्मान योजना एवं हाल में लिए गए कई फैसलों के प्रभाव और भारतीय जनता पार्टी की ओर से हाल में की गई घोषणाओं के बारे में भी चर्चा हुई। संकेत मिले हैं कि चुनाव आयोग झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा एक हफ्ते के भीतर कर सकता है। इसे देखते हुए झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ-साथ एनडीए ने राज्य में चुनावी अभियान पहले से तेज कर दिया है। भाजपा ने हाल में राज्य की सभी 81 सीटों पर परिवर्तन यात्रा निकाली है, जबकि झामुमो और कांग्रेस ने इसके जवाब में संयुक्त रूप से मंइयां सम्मान यात्रा निकाली है। कांग्रेस ने 2 अक्टूबर से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंवाद शुरू किया है। पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस और राजद ने मिलकर चुनाव लड़ा था।



### मुलाकात का समय भी अहम कांग्रेस सहयोगियों के दबाव में


मंगलवार को हरियाणा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने और जम्मू-कश्मीर में एक पार्टी के रूप में बेहतर प्रदर्शन नहीं करने के ठीक एक दिन बाद सीएम हेमंत सोरेन का कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात के समय को भी खास माना जा रहा है। कांग्रेस अभी सहयोगियों के दबाव में है। शिव सेना उद्धव, टीएमसी व आम आदमी पार्टी ने तो हरियाणा में हार के लिए सीधे कांग्रेस को जिम्मेवार बता दिया है। इस वक्त एक और चुनाव के लिए सहयोगी दलों के सीट शेयरिंग में बेहतर बार्गेनिंग की संभावना कांग्रेस के लिए काफी कम है और इसका लाभ झामुमो को मिल सकता है।

# 2028 तक मिलता रहेगा मुफ्त अनाज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। इनमें गरीबों को मिल रहे मुफ्त अनाज की समयसीमा बढ़ाने जाने का फैसला भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, कैबिनेट ने फैसला किया कि दिसंबर 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा, कैबिनेट ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दी। उम्मीद है कि इससे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर होगी। इसका कुल वित्तीय भार 17,082 करोड़ रुपये होगा और इसे केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात के लोथल में एक राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने का फैसला किया। प्रस्ताव का उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है।

### केंद्रीय कैबिनेट के अन्य फैसले



1. मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा, पीएम मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है। कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी।
2. गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास के लिए मास्टर प्लान के अनुसार चरण 1 बी और चरण 2 को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। इसके चरण 1 ए 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और 2025 तक इसे पूरा करने की योजना है।
3. 4,500 साल पुरानी समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय लोथल में एक विश्व स्तरीय राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) स्थापित कर रहा है। इससे 15 हजार प्रत्यक्ष और 7 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

**17,082** करोड़ रुपये खर्च होगा चार साल के लिए मुफ्त फोर्टिफाइड चावल पर, केंद्र करेगा खर्च वहन

**4,406** करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़क बनेंगे राजस्थान व पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में

# चतरा में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/चतरा।** चतरा के जोरी में टीएसपीसी और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। वहीं एक नक्सली को जिंदा पकड़ा गया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक मौके से एक एके 47 भी बरामद की गई है। मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान हरेंद्र गंझू और ईश्वर के रूप में हुई है। ये दोनों 7 फरवरी 2024 को पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में दो पुलिस जवानों को शहीद करने में शामिल थे। चतरा एसपी विकास पांडेय ने नक्सलियों की मौत की पुष्टि की है। चतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बल जोरी इलाके में अभियान पर थी, इसी दौरान



▸ **एक नक्सली को मौके से पकड़ा गया, एक एके 47 जब्त**

गनयोत्री जंगल के पास सुरक्षा बलों का सामना टीएसपीसी के नक्सलियों से हो गया। मौके पर टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू मौजूद था, उसके दस्ते ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने एक नक्सली को पकड़ लिया, जबकि अब तक मारे गए दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

**कौन-कौन मारे गए :** टीएसपीसी सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू और ईश्वर मारे गए जबकि गोपाल गंझू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से एक एके-47 राइफल भी बरामद की है।

**फरवरी 2024 में शहीद हुए थे दो जवान :** चतरा के जिस इलाके में बुधवार शाम को मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए, उसी इलाके में 7 फरवरी 2024 को नक्सली हमले में झारखंड पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे।

## रतन टाटा की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे भारतीय उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा की तबीयत बुधवार को गंभीर हो गई। उन्हें सोमवार को उम्र संबंधी बीमारियों के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रतन टाटा के एक करीबी अधिकारी ने बुधवार शाम बताया कि वह अभी अस्पताल में हैं। हम गुरुवार सुबह इस संबंध में एक आधिकारिक बयान जारी करेंगे। दो दिन पहले अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं। 86 वर्षीय कॉरपोरेट दिग्गज ने एक बयान जारी कर सभी का उनकी चिंता करने के लिए धन्यवाद किया और कहा था कि वह कुछ नियमित चिकित्सा जांच करवा रहे हैं और वह अच्छे मूड में हैं।



## तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

**हरियाणा का खेल**

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही विधानसभा में भाजपा समर्थित विधायकों की संख्या 51 हो गई है। भाजपा को समर्थन देने वालों में दो ने भाजपा से तो एक ने कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ा था। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ही निर्दलीय कांग्रेस प्रत्याशियों को हराकर विधानसभा में पहुंचे हैं। प्रदेश विधानसभा के लिए मंगलवार को घोषित हुए परिणाम में कुल तीन विधायक निर्दलीय जीतकर पहुंचे हैं। सोनीपत जिले की गन्नौर सीट से देवेंद्र कादयान को भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर वह बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे थे। देवेंद्र कादियान ने यहां कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा को मात दी है। **शेष पेज 15 पर**

### कांग्रेस ने ईवीएम पर उठाए सवाल, भाजपा बोली चुनाव आयोग को नीचा दिखाने की कोशिश

**नई दिल्ली।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर कांग्रेस ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। इसको लेकर बुधवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को शिकायत पत्र भी सौंपा है। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इसे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को नीचा दिखाने की कोशिश करार दिया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने हर नागरिक को गौरवान्वित किया है। राहुल गांधी और विपक्ष भी कुछ जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। **शेष पेज 15 पर**

## लातेहार में वज्रपात से चार मजदूरों की मौत, दो लोग गंभीर

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ओरसा गांव में बुधवार को वज्रपात से चार मजदूरों की मौत गई जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में संजय नगेसिया (32), रवि शंकर नगेसिया (27), जितेंद्र लोहार (30) और लालू नगेसिया हैं। जानकारी के अनुसार, सभी मजदूर मजदूरी कर लौट रहे थे। इसी दौरान ओरसा गांव के पास बारिश होने लगी। सभी मजदूर बारिश से बचने के लिए एक पुलिया के नीचे जा छुपे। इसी दौरान वज्रपात हुआ और सभी लोग घायल हो गए। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के सहारे सभी को महुआडांड़ अस्पताल लाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने चार मजदूरों को मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक रामचंद्र सिंह तत्काल अस्पताल पहुंचे।

# इंडिया | एंबुलेंस एमर्जेंसी वाहन है पर वीआइपी नहीं वैकल्पिक मार्ग नहीं



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कभी लाल पीली बत्तियों से गुलजार रहने वाली सड़कें केंद्र सरकार की पहल के बाद अब कम वीआइपी का दबाव झेल रहीं हैं पर वीआइपी समाप्त नहीं हुए हैं हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब निजी गाड़ियों के बाहर बोर्ड नहीं लगाए जाते पर सामने शीशे के अंदर बोर्ड से रोब जमाया जाता है । सायरन बजाने की सुविधा अति विशिष्ट लोगों तथा इमर्जेंसी के लिए परिभाषित है पर अनेक प्रभावशाली नेता और अधिकारी अपने निजी वाहन में लगे सायरन बजाकर इसका दुरुपयोग जाम में फंसने पर करते हैं ताकि उनके लिए सड़क खाली हो जाए पर सायरन जिसके लिए जीवन मरण का प्रश्न है उनकी अनदेखी भी राजधानी रांची में होती है और कई बार एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाता। हाल ही में एक दर्दनाक घटना घटी जिससे सीख लेने की आवश्यकता है । झारखंड हाईकोर्ट ने कुछ महीने ट्रैफिक की समस्या की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि स्कूल बस और एंबुलेंस कहीं भीड़ में न फंसे इसकी व्यवस्था जी जाए ।पर बुधवार को एक आम आदमी को करमटोली चौक में हार्ट अटैक के बाद ऑटोरिक्शा में रख दिया गया और एंबुलेंस या चिकित्सीय सुविधा मिलने से पहले उनकी मृत्यु हो गई । ऐसी घटना किसी के साथ हो सकती है इसमें आरोप प्रत्यारोप करने के बजाय उसका समाधान ढूंढा जाना चाहिए । ट्रैफिक एसपी से जब पूजा की भारी भीड़ में एंबुलेंस के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम गाड़ी पार करा देंगे कैसे का स्पष्ट जवाब नहीं दिया क्योंकि तीन चार दिन पूरे शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ता है । नियम है कि एंबुलेंस को रास्ता ना देने पर आपके खिलाफ कंप्लेंट हो जाएगा, आपका चालान कट सकता है और आपको जुर्माना देना पड़ सकता है यातायात नियमों के अनुसार एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी गाड़ियों को रोकने पर जेल काटनी पड़ सकती है। पर रांची में जो हुआ एंबुलेंस नहीं मिल पाया उसके लिए दोषी कौन है किसे सजा होगी ?भारत के मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत अगर कोई सड़क पर जानबूझकर एंबुलेंस का रास्ता रोकता है तो उस पर 10000 का चालान किया जा सकता है छः महीने की जेल भी सकती है ।सामान्य दिनों में भी झारखंड के शहरी क्षेत्र में संकरी गलियों में सायरन बजाते एंबुलेंस को भीड़ में बेबस देखा जाता है जबकि नेता अधिकारी के साथ चलने वाले पुलिसकर्मी उनके लिए रास्ता बना देते हैं ।भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार एंबुलेंस बीमार या घायल लोगों के ले जाने/इमरजेंसी इलाज के लिए एक विशेष रूप से सुसज्जित और एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किया गया वाहन है। इसमें मेडिकल केयर के स्तर अनुरूप कर्मचारी होते हैं। यह चलने के दौरान/स्थिर होने पर अस्पताल से बाहर मेडिकल देखभाल देने में सक्षम है।एंबुलेंस और अन्य इमरजेंसी वाहनों को स्पीड लिमिट से अधिक की अनुमति है। उस समय जब वे इमरजेंसी की स्थिति में हों। वे लाइट और सायरन के साथ चल रहे होंगे। उन्हें सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाना चाहिए। कुछ ईएमएस सेवाओं में अधिकतम गति को लेकर नियम हैं।इमरजेंसी की स्थिति में एम्बुलेंस को कानूनी रूप से रेड लाइट को जंप करने की अनुमति है। उदाहरण के लिए, एक इमरजेंसी वीकल का ड्राइवर जो रेड लाइट क्रॉस करना चाहता है या यू-टर्न लेना चाहता है, उसे सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों को सचेत करने के लिए सायरन बजाना और ब्लिंकर लाइट को एक्टिव करना जरूरी है।एंबुलेंस रॉन्ग साइड चल सकती हैजिंदगी की प्राथमिकता सबसे पहले है। जाम की स्थिति में यदि किसी की जान पर बनी या कहें इमरजेंसी की स्थिति है तो एंबुलेंस किसी भी साइड से निकल सकती है। पूरी दुनिया में एंबुलेंस को सड़क पर चलने का हक सबसे पहले है। इसकी एक ही वजह है कि एंबुलेंस में मौजूद मरीज की जान बचाई जा सके। सरकार की तरफ से इस संबंध में अक्सर सड़क, फुटपाथ और सर्विस लेन हर हाल में खाली रखने की बात कही जाती है। यदि एंबुलेंस के पास निकलने का रास्ता नहीं है तो वह दूसरी तरफ से निकल सकती है।जबकि कई बार जबरन बंद,हड़ताल, सड़क जाम या वीआइपी के लिए मार्ग रोके जाने जैसी स्थिति में कई मरीजों मी मौत हो चुकी है ।दुर्घटना या बीमारी किसी को भी प्रभावित कर सकती है इसलिए सरकार को पूरे राज्य की स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए और अस्पताल तक पहुंचाने के लिए बाइपास जैसी वैकल्पिक व्यवस्था के साथ सूचना तंत्र को मजबूत और प्रभावी बनाना चाहिए ताकि घंटे भर के गोल्डन पीरियड में किसी के भी परिवार को अस्पताल पहुंचाया जा सके । इसमें वीआइपी,पैरवी और आम आदमी का अंतर या भेदभाव मानवता और संविधान के विरुद्ध है।



## बेकर, हसाबिस और जम्पर को रसायन का नोबेल पुरस्कार



डेविड बेकर



डेमिस हसाबिस



जॉन जम्पर

**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान के क्षेत्र में साल 2024 के लिए नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है। इस बार तीन वैज्ञानिकों को नोबेल प्राइज दिया जाएगा। इनमें गूगल डीपमाइंड के दो वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर और वाशिंगटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डेविड बेकर शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने प्रोटीन डिजाइन और संरचना पर शोध के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। अकादमी ने कहा कि नोबेल पुरस्कार की 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर की राशि तीनों वैज्ञानिकों में बराबर बांटी जाएगी। अकादमी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने रसायन विज्ञान में 2024 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है। इस साल रसायन विज्ञान के नोबेल को दो हिस्सों में दिया जाएगा, जिनमें से डेविड बेकर को 'कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन' के लिए और दूसरा आधा हिस्सा डेमिस हसबिस और जॉन एम. जम्पर को 'प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी' के लिए दिया जाएगा। बता दें कि डेमिस हसाबिस वर्तमान में यूके में गूगल डीपमाइंड के सीईओ हैं **शेष पेज 15 पर**

# भाजपा की 25 हजार की योजना के जवाब में झामुमो लाई 30 हजार की योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रस्तावित गोगो दीदी योजना के जवाब में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपकर राज्य में झामुमो सम्मान योजना लागू करने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इस योजना के तहत झामुमो ने महिला लाभार्थियों को प्रति माह 2500 रुपए (सालाना 30 हजार रुपए) की आर्थिक मदद मुहैया कराने का वादा किया है, जबकि भाजपा अपने चुनावी वादे में महिलाओं को 2100 रुपए प्रति महीने देने का वादा कर रही है। झारखंड विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत तक होने हैं।

झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडे ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, हमने अपनी प्रस्तावित झामुमो सम्मान योजना को लागू करने की मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है। दो मई को जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, आयोग की अनुमति के बिना इस योजना को लागू नहीं किया जा सकता है।

### चुनाव आयोग से मांगी अनुमति




उन्होंने कहा, अगर चुनाव आयोग को लगता है कि भाजपा की प्रस्तावित योजना अवैध नहीं है, तो उसे झामुमो की योजना को भी अनुमति देनी चाहिए।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तावित लाभार्थी योजनाओं के लिए सर्वेक्षण के बहाने मतदाताओं का विवरण मांगना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 123 (1) के तहत रिश्वतखोरी का भ्रष्ट आचरण माना जाता है। उन्होंने बताया कि यह पार्टियों को राजनीतिक लाभ के लिए मतदाताओं को लुभाने या प्रभावित करने से भी रोकता है। पांडे ने दावा किया कि भाजपा द्वारा महिलाओं को एक पंजीकरण फॉर्म दिया जा रहा है, जिसमें आवेदकों को गोगो दीदी योजना के तहत पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। पांडे के मुताबिक फॉर्म में नाम, पता, मोबाइल नंबर, पंचायत, प्रखंड, जिले का नाम और अन्य विवरण मांगे गए हैं और योजना में प्रत्येक महिला को हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपए और प्रति वर्ष 25,000 रुपए देने का वादा किया गया है। यह सरासर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन है और इसका उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाना है। पांडे ने दावा किया कि फॉर्म में आधार नंबर या बैंक खाता का विवरण नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि वे प्रस्तावित योजना के बहाने मतदाताओं का विवरण एकत्र कर रहे हैं जो अधिनियम का उल्लंघन भी है।

## नवरात्र पर रांची को संजय सेठ का एक और उपहार

# रांची को शीघ्र मिलेगा नया मेडिकल कॉलेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से रांची में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का रास्ता साफ हुआ है। ईएसआईसी के द्वारा रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख मंडवीय ने नई दिल्ली में की है। विदित हो कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के तुरंत बाद नई दिल्ली में संजय सेठ ने मनसुख मांडवीय से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बताया था कि रांची में ईएसआईसी का एक अस्पताल है, जिसे बड़ा रूप दिए जाने की आवश्यकता है। रांची के ईएसआईसी अस्पताल पर झारखंड के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी आश्रित हैं, ऐसे में यह आवश्यक है कि अस्पताल विस्तृत रूप दिया जाए और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बातचीत के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री



*रक्षा राज्य मंत्री के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार की मुहर*

ने केंद्रीय मंत्री को मेडिकल कॉलेज खोलने से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार करने का आग्रह किया था। इसी आलोक में केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में ईएसआईसी के 194वें बैठक में कई घोषणा की है। जिसमें रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर मेडिकल सीटों को 75000 बढ़ाने पर जोर दिया था। इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्रधानमंत्री के उसी विचार से संबंधित है। इस घोषणा के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। श्री सेठ ने कहा कि इसलिए हम कहते हैं कि मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। मैंने आज से 3 महीने पहले केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया को यह सुझाव दिया और अब उसका परिणाम ही सामने आ गया है। रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खोलने से जहां मेडिकल के विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई आसान हो सकेगी। उन्हें कई अत्याधुनिक सुविधा और प्रशिक्षण मिल सकेगा, वहीं इस क्षेत्र की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। इस पहल के लिए श्री सेठ ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख मंडवीय के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

# मांडू विधानसभा किसके खाते में, स्थिति स्पष्ट नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अब कुछ ही समय बचा हुआ है। वर्तमान समय में सबसे चर्चित सीट मांडू विधानसभा है। एनडीए हो या इंडी गठबंधन के दल सभी इस सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। कोई भी राजनीति दल इस सीट को छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। इस सीट पर सबसे अधिक टेकलाल महतो के परिवार से विधायक रहे हैं। वहीं इस विधानसभा चुनाव में मांडू सीट को एनडीए गठबंधन में ना आजसू छोड़ना चाह रही है और ना ही जदयू। इस सीट पर उम्मीदवार किस दल से होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इंडी गठबंधन की बात करे तो यह सीट जेएमएम के खाते में जाएगी या फिर कांग्रेस के खाते में ये भी अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। जेएमएम के टिकट पर 2014 में जयप्रकाश भाई पटेल ने इस सीट से जीत दर्ज की थी। उसके बाद 2019 के चुनाव में वह बीजेपी में चले गए और फिर इस सीट से जीत



दर्ज की, 2024 के लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में चले गए फिलहाल अब वे कांग्रेस में है।

मांडू विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक ओबीसी वोटर है। ओबीसी वोटरों की संख्या लगभग 147190 है जिसमें से कुर्मी जाति के वोटरों की संख्या लगभग 83653 है। इसके बाद दूसरे नंबर पर मुस्लिम समुदाय के वोटर है, इनकी संख्या 59865 है। आदिवासी वोटरों की संख्या 45973 है। एससी वोटरों की संख्या 34372 और सामान्य कैटिगरी के वोटो की संख्या 22787 है।

## सासंद चंद्रप्रकाश चौधरी का आरोप

# सड़क निर्माण विभाग में हुआ 106 करोड़ का घोटाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने टेंडर में बरती गई अनियमतता की कॉपी भी उपलब्ध कराई है। इस मामले को उन्होंने मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआई सहित सभी जांच एजेंसियों को पत्र लिखा है। मुख्य सचिव सहित जांच एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित व आबंटित निविदाओं में अनियमितता बरती जा रही है। इससे सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है। विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कई निविदाओं में बीओक्यू राशि से ज्यादा राशि पर कुछ विशेष प्रतिभागी निवेदाकारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कार्यों का निस्तारण व आवंटन किया जा रहा है। जिन निविदाकारों के पक्ष में निविदा कार्यों का आवंटन किया गया है



*ईडी, सीबीआई और मुख्य सचिव को लिखा पत्र*

उनमे से अधिकतर निविदाकार की न्यूनतम निविदा राशि उस निविदा कार्य के बीओक्यू राशि से अधिक है।

**मुख्य सचिव से की उच्च स्तरीय जांच की मांग :** सांसद ने उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है। साथ ही संलिप्त संवेदक एवं पदाधिकारियों के आय संबंधित धनोपार्जनका की भी जांच कराने की मांग की है।

### निविदा की भावनाओं के खिलाफ हुआ काम

कई निविदाकार जो पथ निर्माण विभाग के तहत समुचित श्रेणी में निबंधित है तथा निविदा आमंत्रण व एसबीडी द्वारा निर्धारित सभी शर्तों व अहताओं को पूर्ण करते है और बीडिंग की प्रक्रिया में शामिल भी हुई हैं, जिनका न्यूनतम निविदित राशि आमंत्रित निविदा के बीओक्यू राशि से भी कम है, उनके पक्ष में निविदा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इन निविदाकारों की निविदाओं को जान बूझ कर नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर एवं बिना उनका पक्ष सुने निरस्त कर दिया जा रहा है। जो कि नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांत एवं निविदा के भावनाओं के खिलाफ है।

### चहेते को मिल रहा टेंडर

विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा कुछ चुने गये कुछ विशेष निविदाकार जिन्होंने कारटेल का गठन किया है उन्हें ही कार्य आवंटित किया जा रहा है। बाकी प्रतिभागी निविदाकारों के निविदा को अकारण नॉन रेस्पोंसिव घोषित किया जा रहा है। योग्य एवं लोकल निविदाकारों को निविदा से अकारण नॉन रेस्पोंसिव कर निविदा प्रतिभागिता से हटाया जा रहा है। विशेष निविदाकार को ही निविदा में टेक्नीकली क्वालिफाई किया जा रहा है।

### राज्य को हो रही आर्थिक क्षति

झारखंड सरकार के ई-टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर एक तालिका भी सांसद ने मुख्य सचिव सहित सभी जांच एजेंसियों को भेजा है। जिसमें कहा कि तालिका देखने स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के द्वारा निविदाकारों को टेक्नीकली क्वालिफाई कर सिर्फ दो-तीन निविदाकारों के फाइनांशियल पार्ट को खोला जा रहा है। ये विशेष रूप से चयनित निविदाकार होते हैं। उन्हें अधिक मूल्य पर कार्य आवंटित की जा रही है।

# जेटीडीसी के खाते से 109 करोड़ की निकासी सोची समझी साजिश : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के खाते से 109 करोड़ की फर्जी निकासी हुई है। यह गंभीर आर्थिक अपराध है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों पर केस दर्ज कराकर राज्य सरकार फर्जी निकासी मामले में सीआईडी जांच करने का नाटक कर रही है। हेमंत सरकार में सीआईडी जांच की विश्वसनीयता हमेशा शक-सवालों के घेरे में रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सीआईडी जांच करा के सरकार क्या बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अरबों रुपए की धोखाधड़ी एवं इसके तार दूसरे राज्यों से जुड़े होने के उद्भेदन के लिए राज्य सरकार अविलंब उक्त मामले की जांच सीबीआई को सौंपे। मनी लॉउंड्रिंग से जुड़ा मामला होने के कारण इसकी जांच ईडी से भी कराने की मांग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की। उन्होंने कहा कि राज्य में बैंककर्मियों



और अधिकारियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचारियों ने बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अनौपचारिक रूप से अधिकारियों से हुई बातचीत में यह पता चल रहा है कि करीब 500 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी संपत्ति का गबन घोटालेबाजों एवं भ्रष्टाचारियों द्वारा किए जाने की संभावना है, जो राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों और लचर प्रशासन का परिणाम है। पूरी घटना को क्रमबद्ध तरीके से देखें तो यह बात स्पष्ट होती है कि झारखंड के दूसरे विभागों में भी इस तरह के घोटाले हुए होंगे जो सामने आने बाकी हैं।

## मारपीट मामले में दोषी आरोपी को चेतावनी देकर किया रिहा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को 9 साल पुराने जानलेवा हमले एवं मारपीट मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी ब्रजेश महतो को सिर्फ मारपीट मामले में दोषी करार दिया है। दोषी पाए जाने के बाद अदालत ने आरोपी की जमानत रद्द कर दी। साथ ही उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। लंच ब्रेक के बाद उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोषी आरोपी को अपराधी परिवीक्षा का लाभ देते हुए उचित चेतावनी के बाद रिहा कर दिया गया। घटना को लेकर किरण देवी ने 7 सितंबर 2015 को आरोपी के खिलाफ पिठोरिया थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## कोर्ट के बाहर युवक को पीटने पर प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** सिविल कोर्ट के बाहर मंगलवार को युवक को पीटकर घायल करने और गले से सोने की चेन छीनने के आरोप में कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया गया। बड़गाईं निवासी पीड़ित फैसल इमाम ने मनीष राज साहू, रमेश साहू और प्रियांशु को आरोपी बनाया है। उसने बताया कि कोर्ट में सुनवाई के बाद वह बाहर निकला। तभी बदमाशों ने रोक लिया और हत्या की धमकी दी। विरोध करने पर पिटाई कर दी।

## आज | कल




# केशव महतो बनाये गये झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय), झारखंड सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल के हवाले से खबर है कि राज्यपाल के आदेश के उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए गए हैं और इनको राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। बता दें कि राज्य के संतुलित विकास की संभावना तलाशने, इसके लिए आवश्यक उपाय करने तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष, 5 सदस्य, 2 विशेष आमंत्रित सदस्य एवम एक आमंत्रित सदस्य हैं। झारखंड प्रदेश



कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनयन किए जाने पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उराँव, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचु, धीरज प्रसाद साहू, अभिलाष साहू, सतीश पौल मुजनी, राकेश सिन्हा,रमा खलखो, सुल्तान अहमद खान, अशोक चौधरी, भीम कुमार, मदन मोहन शर्मा,राजन वर्मा लाल किशोर नाथ शाहदेव संजय पांडे, सोनल शान्ति, गजेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ऑनलाईन वोटिंग हो : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ईमेल भेजकर अपना सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि जो निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह स्टेडियम में कार्यक्रम में आयोजित कर रही है। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ने वाला नहीं है। श्री नायक ने कहा की शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में नहीं रहना पड़े उसके लिए एक (ऐप) भी लांच कर रही है। इससे मतदान केंद्र पर कितने लोग कतार में है इसकी जानकारी मतदाताओं को मिलेगी।



## जेटीडीसी के नाम पर फर्जी खाता में 10.40 करोड़ ट्रांसफर मामला

# एटीएस व सीआईडी ने की पूछताछ, 1 करोड़ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के मामला सामने आया है। इस मामले में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसमें एटीएस एसपी ऋषभ झा और सीआईडी की टीम और तीन एएसपी को शामिल किया गया था। इस मामले को लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

**सभी से की गई पूछताछ :** एसआईटी की टीम ने गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में इन दोनों ने इस कांड में



अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य साजिशकर्ता व्यक्तियों के नाम तथा उनकी संलिप्ता के बारे में बताया। जिसमें से पुलिस के द्वारा रूद्र सिंह और लोकेश्वर साह को हिरासत में लेकर इनसे पूछताछ की गई। इन साजिशकर्ताओं की निशानदेही पर इनके बताये स्थान से लगभग 85 लाख नकद तथा लगभग 15 लाख रुपये के सोने के गहने (प्राप्त कमीशन के पैसों से), कुल लगभग एक करोड़ के अपराध से अर्जित किये गये राशि को बरामद किया गया।

इन सभी शिकायतों के आधार पर सीआईडी में कांड दर्ज कर एसआईटी के द्वारा अग्रतर अनुसंधान, सरकारी राशि को विभिन्न बैंक अकाउंटों में फ्रिज और छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक कुल तीन सौ विभिन्न फर्जी अकाउंटों की जानकारी प्राप्त हुई है। जिनमें से सबसे ज्यादा फर्जी अकाउंट उत्कर्ष स्मॉल फाईनांस बैंक में खोले जाने की बात सामने में आई है।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि तीन अक्टूबर को जीएम फाईनेंस, झारखंड टुरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 10.4 करोड़, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट के द्वारा निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई। इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट के द्वारा निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी गई।

अब तक के अनुसंधान में एसआईटी के द्वारा लगभग 39 करोड़ 70 लाख रुपए विभिन्न खातों में फ्रिज किये गये हैं।

# सशक्तीकरण के उपकरण के रूप में आधार का विशेष महत्व है : अखिलेश

### आधार संख्या-आधार धारक तक सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को पहुंचाने में मदद करता है

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय ने आधार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 'आधार से अधिकतम प्रभाव प्राप्त करना' पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह थे। मौके पर बोलते हुए उन्होंने जन्म से आधार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधार की मदद से वित्तीय और सामाजिक समावेशन अंतिम लाभार्थी तक कैसे पहुंच रहा है, जिसमें पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव देखा गया है। उन्होंने आधार के उपयोग, नामांकन और अद्यतन में झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के सहयोग से रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। यूआईडीएआई का प्रतिनिधित्व प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से उप महानिदेशक आमोद कुमार, ने किया। उन्होंने आधार के उपयोग पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और आधार संख्या धारक के व्यापक लाभ के लिए आधार के उपयोग में विभिन्न राज्यों द्वारा उठाए गए कई अभिनव कदमों पर प्रकाश डाला। सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव और झारखंड में यूआईडीएआई के लिए नोडल विभाग विप्रा भाल ने नियमित रूप से जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति (डीएलएएमसी) की बैठके आयोजित करने में यूआईडीएआई, क्षेत्रीय कार्यालय के प्रयासों की सराहना की। जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में, जिससे सभी आयु वर्ग में झारखंड के आधार संतृप्ति आंकड़ों को राष्ट्रीय औसत के बराबर सुधारने में मदद मिली है। अखिलेश कुमार गुप्ता, आईटीएस, उप महानिदेशक, यूआईडीएआई, क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने सशक्तीकरण के एक उपकरण और समावेशिता के प्रतीक के रूप में आधार के महत्व पर प्रकाश डाला। 2009 में शुरू की गई पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आधार का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को एक विशिष्ट और सत्यापन योग्य पहचान प्रदान करना है। उन्होंने आगे बताया कि यह कैसे सुनिश्चित करने में सहायक रहा है कि सबसे हाशिए पर रहने वाले लोगों की भी विभिन्न सरकारी सेवाओं, छात्रवृत्ति, सब्सिडी और लाभों तक पहुंच हो। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछला दशक निवासियों को डिजिटल पहचान देने का था और यह दशक इसका लाभ उठाने का है। उन्होंने झारखंड में 'ईज ऑफ लिविंग' में सुधार के लिए राज्य को यूआईडीएआई के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। तकनीकी सत्र में देवेन्द्र कुमार, आईआरपीएस, निदेशक, डीबीटी मिशन, कैबिनेट सचिवालय ने डीबीटी पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।



**कार्यक्रम में उपस्थित**

कार्यक्रम में झारखंड के सभी 24 जिलों, डाक विभाग, रेलवे, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राज्य स्तरीय बैंकर समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधान महालेखाकार कार्यालय, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि, सीएससी, कोल इंडिया, नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, यूआईडीएआई आधार सेवा केंद्र आदि उपस्थित थे।

## धनबाद जेल हत्याकांड के आरोपी पिंटू सिंह की याचिका खारिज



**रांची।** सीआईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने धनबाद जेल में बंद अमन सिंह हत्याकांड में आरोपी जैनेंद्र कुमार उर्फ पिंटू सिंह को झटका लगा है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। उसने मामले में अपने-आप को निर्दोष बताते हुए 5 अक्तूबर को याचिका दाखिल की थी। मामले में अन्य आरोपियों पर आरोप गठित कर दिया गया है। सिर्फ जमानत पर चल रहा पिंटू सिंह पर आरोप गठित करना शेष है। बता दें कि धनबाद जेल में बंद शूटर अमन सिंह की हत्या तीन दिसंबर 2023 को गोली मारकर कर दी गई थी। घटना की जांच सीआईडी कर रही है। मामले में अब तक 8 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है।

# मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय तिवारी को जमानत नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के मिड डे मील घोटाले के आरोपी भानू कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी को रांची पीएमएलए की विशेष अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। उसकी जमानत याचिका तीसरी बार खारिज हुई है । संजय तिवारी के अधिवक्ता ने बहस के दौरान जेल में लंबी अवधि का हवाला देते हुए जमानत देने का आग्रह किया था पर कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। ईडी ने उसे नवंबर 2021 को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। संजय तिवारी पर एसबीआई की हटिया शाखा से मिड डे मील का 101 करोड़ रुपए गबन करने का आरोप है। यह निकासी 5 अगस्त 2017 को हुई थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी करार अभियुक्त प्रभुनाथ लोहरा उर्फ टुप्पा लोहरा को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने अभियुक्त को पोक्सो मामले में 20 साल एवं बच्ची से दुष्कर्म मामले में 10 साल की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने 3 अक्तूबर को अभियुक्त को उक्त आरोप में दोषी करार दिया था। अभियुक्त बेड़ो निवासी है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 27 मई 2020 को बेड़ो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त ने खेल रही बच्ची को सुनसान जगह पर ले जाकर घटना का अंजाम दिया था। साथ ही धमकी दी थी कि घटना की जानकारी किसी को दोगी को जान मार देंगे।





राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सेल सैटेलाइट टाउनशिप में बुधवार को बेलवरण पूजा के साथ 33वें दुर्गापूजा महोत्सव का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। पौराणिक मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। माता रानी की 15 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा रांची के मूर्तिकार अजय पाल ने बनाई है।

## सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के मंच का हुआ उद्घाटन

**रांची।** सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीता सोरेन ने किया। वहीं रांची एवं देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दस्ता के अध्यक्ष मंटु वर्मा, मंत्री मिंटू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष रौशन चौधरी, मंत्री मिंटू सिंह, मीडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, सागर सिंह, महादेव टोप्पो, विकाश जायसवाल, शुभम चौधरी, सामवेल टोप्पो, रविंद्र कौर, रेणुका शर्मा, मंजीत कौर, ऋतु रानी, सुष्मिता शर्मा, कोमल कौर, अंजू कुमारी, कुमारी पूनम, रानी देवी, शीला उरांव, राधा देवी, रीना देवी सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा में महिलाओं की सुरक्षा को शक्ति कमांडो की हुई तैनाती

नवीन मेल संवाददाता। रांची



दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है। इसे लेकर रांची पुलिस के साथ शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। सभी पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में शक्ति कमांडो गश्त करेगा और मनचलों पर नजर रखेगा। दुर्गा पूजा को लेकर रांची के सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ कोचिंग संस्थान में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। ऐसे में शक्ति कमांडो अब स्कूलों और कॉलेजों की ड्यूटी से फ्री हो गई हैं। इसलिए अब शक्ति कमांडो को दुर्गा पूजा के दौरान छेड़खानी और छिनैती जैसी वारदातों को रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में डायल 112 के माध्यम से कई शिकायतें आ रही हैं। ऐसे में शक्ति कमांडो और महिला थाना प्रभारी सहित महिला पुलिसकर्मियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अलर्ट मोड में रहें और जैसे ही कोई सूचना मिलती है तुरंत मूव करें। शक्ति कमांडो के पास एक मोबाइल होता है, जिसमें शक्ति एप को ट्रैक किया जाता है। शक्ति एप से जुड़े क्यूआर कोड शहर भर में लगे हुए हैं। इसके माध्यम से भी महिलाएं पुलिस की सहायता ले सकती हैं।

### दुर्गा पूजा में भी मानदेय का भुगतान नहीं, क्या दीपावली भी इसी तरह बीतेगी?

# रिम्स में प्रतिनियुक्त 400 होमगार्ड के जवानों को नहीं मिला है वेतन

नवीन मेल संवाददाता। रांची




रिम्स में सुरक्षा के लिए 400 होमगार्ड के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। ये जवान चतरा, चाईबासा, सरायकेला और रांची के हैं। इन जवानों को जुलाई माह से वेतन नहीं मिला है। पर्व में वेतन नहीं मिलने से उनलोगों में मायूसी छाई है। जवानों का कहना है कि जुलाई माह से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं। उपर से दुर्गा पूजा में भी मानदेय नहीं मिलने से परेशानी से गुजारना पड़ रहा है। यही हाल दीपावली में भी रहा तो बहुत कठिनाई होगी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रांची, चतरा, चाईबासा और सरायकेला जिलों के समादेष्टा के अलावे रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन और झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी से बात की। रांची जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने बताया कि रांची जिले के रिम्स में प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों का मानदेय रिम्स की तरफ से प्रोसेस में है। चतरा जिला समादेष्टा अमरेंद्र कुमार ने कहा कि गृह रक्षकों को समय पर मानदेय मिले। यह हमारी प्राथमिकता में है। जिला समादेष्टा कार्यालय चतरा की तरफ से मानदेय संबंधी कोई कार्य नहीं रूका है। चाईबासा जिला समादेष्टा चारो उरांव ने कहा कि गृह रक्षकों को ससमय मानदेय संबंधी मामला जिला समादेष्टा कार्यालय चाईबासा में लंबित नहीं है। हमलोग इस पर विशेष ध्यान देते हैं। सरायकेला जिला समादेष्टा हरिहर सिंह मुण्डा ने कहा कि जुलाई-अगस्त तक का डिमांड रिम्स को भेजा जा चुका है, इसके आगे रिम्स की जिम्मेवारी है। जिला समादेष्टा कार्यालय सरायकेला से कोई कार्य लंबित नहीं है। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि चाईबासा और चतरा के जवानों को मानदेय दे दिया गया है। सरायकेला को मानदेय नहीं मिला है। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि सरकारी कर्मियों को एक माह का मानदेय न मिले तो उनकी हालत खराब हो जाता है परंतु होमगार्ड जवानों की इस दयनीय स्थिति को देखने वाला कोई भी नहीं है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि चतरा और चाईबासा होमगार्ड के जवानों का ट्रेजरी में बिल पास हो गया है।

# दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, मॉक ड्रिल कर बढ़या विश्वास

रांची। दुर्गा पूजा को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। बुधवार को इसे लेकर रांची पुलिस लाइन मैदान में उपद्रवी तत्वों से निपटने का मॉक ड्रिल की गई। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### उपद्रवियों से निपटने का हुआ अभ्यास

रांची पुलिस लाइन में एहतियातन हिंसा से निपटने के लिए पुलिस जवानों और पदाधिकारियों ने मॉकड्रिल की। इसमें बड़ी संख्या में रांची पुलिस के जवानों ने भाग लिया और उपद्रवियों से निपटने का अभ्यास किया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस जवानों ने मॉकड्रिल की।



### आम लोग भी शामिल हुए मॉकड्रिल में

इस दौरान पुलिस के जवानों ने लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने, पानी की बौछार आदि को लेकर अभ्यास किया। काल्पनिक स्थिति पैदा कर उससे निपटने का अभ्यास किया गया ।मॉकड्रिल के दौरान ऐसा लग रहा था मानो पूरा क्षेत्र हुड़दंगियों के कब्जे में है और पुलिस इससे निपटने की कोशिश कर रही है। पुलिस के जवानों ने प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को आत्मसात करते हुए अपने अनुभव का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में आम लोग भी मॉकड्रिल में शामिल हुए।

### दिखी पुलिस की तत्परता

रांची पुलिस की मॉकड्रिल में पुलिस की तत्परता दिखी। यहां उपद्रवी की भूमिका में भी पुलिस थी और उनपर कार्रवाई करनेवाली भी पुलिस ही थी। उपद्रवियों की पत्थरबाजी से लेकर उनपर अश्रु गैस के गोले, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार, लाठीचार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल के दौरान जवानों को यह भी बताया गया कि अगर स्थिति बिगड़ती है और उसमें लोग घायल होते हैं तो उन्हें कैसे घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा जाए और एंबुलेंस को कैसे भीड़ से निकाला जाए।

### पूजा को लेकर पुलिस चौकस

दरअसल, दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया है।रांची पुलिस ने मॉकड्रिल कर जनता को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया है और यह संदेश देने की कोशिश की है कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### रांची पुलिस अलर्ट : एसएसपी

इस संबंध में रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। आम लोगों के बीच किसी भी तरह का भय ना हो, लोग शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। डायल 100 और डायल 112 का संकट के समय प्रयोग करें।

### लिंगभेद ने खड़ी कीं कई मुश्किलें, पर कभी नहीं मानी हार

# बहुओं को भी उतनी ही आजादी दें जितनी बेटियों को देते हैं : सीमा

- ना परिवार का साथ मिला ना पति का
- अकेले अपने मुकाम तक पहुंचीं सीमा

माता दुर्गा की पूजा भक्त शक्ति के लिए करते हैं। वहीं, नारी स्वयं शक्ति की प्रतीक है। पर, हम देखें तो भारतीय, खास तौर पर झारखंडी महिलाओं का जीवन ऐतिहासिक रूप से संघर्षपूर्ण रहा है। फिर भी बहुत-सी महिलाओं ने न सिर्फ अपनी मंजिल पाई है बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनी हैं। आज हम चर्चा कर रहे हैं सीमा साहू की, जिन्होंने मुश्किलों से गुजरते हुए पढ़ाई की और आज परिवार का खर्च चला रही हैं।

काजल मेहता

**रांची।** एक महिला जब नौकरी कर आर्थिक रूप से मजबूत होना चाहती है और अपने परिवार की सहायता करना चाहती है, तो समाज, यहां तक कि परिवार भी इसे आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता है। इन स्थितियों में महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यही कहानी है गिरिडीह के अटका बिहारो गांव में जन्म लेने वाली सीमा साहू की। सीमा साहू अपने परिवार के लिए बेहतर करना चाहती थीं, लेकिन उन्हें न पति का साथ मिला और न ही परिवार का। उन्होंने अकेले संघर्ष किया और अपने लक्ष्य को हासिल किया।

सीमा साहू की जिंदगी में चुनौतियों ने कभी साथ नहीं छोड़ा। लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश में हर कदम पर रुकावटें मिलीं। फिर भी आज सीमा अपने ही बूते जिंदगी में बेहतर मुकाम हासिल किया। साथ ही, और बेहतर करने का प्रयास भी जारी है। सीमा कहती हैं- बहुओं को भी उतनी ही आजादी दें, जितनी बेटियों को देते हैं। बेटियों के ससुराल वालों से यही कहूंगी कि अपनी बहुओं को बेटी की दृष्टि से देखिए, ना की बहू की नजर से।

**सीमा ने बताया-** बचपन से ही पढ़ाई की ओर मेरा रुझान ज्यादा था। लेकिन, पिता मुंबई में मजदूरी करते थे और मां गृहिणी थीं, जिस कारण घर की आर्थिक स्थिति कुछ खास अच्छी नहीं थी। मैंने अटका में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहारो सरकारी विद्यालय से 10वीं तक की पढ़ाई की है। लेकिन, मुझे 10वीं तक पढ़ने में भी काफी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने बताया- जब मैं 8वीं कक्षा में थी, उस वक्त मेरी उम्र 16 वर्ष थी और उसी दौरान मेरे माता-पिता ने शादी तय कर दी। जबकि, मैं पढ़ना चाहती थी। काफी बहस के बाद मुझे पढ़ने की इजाजत मिली, लेकिन शादी नहीं टली। किसी तरह मैंने 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई की।

### 16 वर्ष की उम्र में शादी कर दी गई

सीमा साहू 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई के दौरान में अपने घर के काम में सहयोग करती थीं और खेत से निकली सब्जियां बेचा करती थीं। सीमा ने बताया- इससे घर चलाने में आसानी होती थी। वर्ष 2012 में जब मैं 16 वर्ष की हुई, तो मेरी शादी करवा दी गई। एक वर्ष बाद मैं एक बेटी की मां बनी। मुझ पर इतनी कम उम्र में ही गृहस्थी और बेटी की जिम्मेदारी आ गई थी। 19 वर्ष की आयु में मैं एक बेटे की भी मां बनी। सीमा ने बताया कि पति की कमाई में घर चला पाना मुश्किल हो रहा था। सास-ससुर हार्ट पेशेंट थे। बेटे के पैदा होने के एक वर्ष बाद घर में आमदनी कम होने के कारण परेशानियां होने लगीं। इसके बाद सीमा ने मशरूम की खेती करना शुरू किया। किसी संस्था से एक व्यक्ति ने सीमा से संपर्क किया और उसने उनकी परेशानियों को सुन कर मशरूम की खेती करने और बेचने की शैली सिखाई। सीमा साहू वहां दो सालों तक काम करती रहीं। इससे घर की आर्थिक सहायता मिल जाती थी। इसके बाद सीमा ने घर चलाने के लिए लीड संस्था, जो भारत सरकार द्वारा चलाई गई संस्था थी, में एक वर्ष काम किया। इसके बाद तेजस्विनी योजना से जुड़ीं।

### सात वर्षों बाद फिर से शुरू की पढ़ाई

सीमा साहू की चाहत थी पढ़ाई करना। इसे उन्होंने आखिरकार पूरा किया ही। शादी के सात वर्षों के बाद उन्होंने गृहस्थी, सास-ससुर और अपने बच्चों की जिम्मेदारियों के बीच अपनी पढ़ाई शुरू की। 12वीं के बाद बीए की पढ़ाई भी की। वर्तमान में सोशल वर्क में मास्टर डिग्री ले रही हैं। वहीं, सीमा की बेटी छठी कक्षा में और बेटा पांचवीं कक्षा में है। फिलहाल सीमा एक गैरसरकारी संस्था (एनजीओ) में काम कर रही हैं।

### ससुराल वालों ने नौकरी की इजाजत नहीं दी

सीमा ने बताया- ससुराल में आर्थिक तंगी के कारण जरूरतें पूरी नहीं हो पाती थीं। शादी के बाद जब घर की स्थिति देखी, तो मैं समझ गई कि बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए मुझे नौकरी करनी ही पड़ेगी। नौकरी के लिए अपने ससुराल वालों से पूछा, तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया। लेकिन, मैं अपनी जिद पर अड़ी रही। ससुराल वालों ने कई लांछन लगाए। साथ ही, समाज से कई तरह के ताने मिले। फिर भी मैं नहीं हारी। क्योंकि, मैं जानती थी कि अगर हार गई, तो मेरे बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। उन्होंने कहा- जब ससुराल वालों ने काम करने की इजाजत नहीं दी, तो मैंने सवाल किया कि मेरे बच्चों के लिए और अन्य खर्चों के लिए कहां से पैसे आएंगे। इस पर परिवार के सभी सदस्यों ने चुप्पी साध ली। इससे स्पष्ट हो गया कि मुझे काम करना ही होगा। इस पर, ससुराल वालों ने मुझे दो ऑप्शन दिए- काम करो, या घर रहो।


सीमा साहू

शक्ति है, कमजोर नहीं

### घर से जाना और नौकरी करना चुना

सीमा ने बताया- मेरे पति की कमाई इतनी नहीं थी कि बच्चों के खर्चे पूरे हो सकें। इसलिए मैंने घर से जाने और नौकरी करने का विकल्प चुना। लेकिन, पति कुछ ही दिनों में वापस घर ले आए। हालांकि, इस बार नौकरी छोड़ने की बात नहीं कही गई, लेकिन हर दिन मुझे ताने मिलते थे। घर में अक्सर कलेश का महौल बना रहता। इन सब के बावजूद मैं पढ़ाई और अपने काम से भटकी नहीं।

### बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं करें

**सीमा ने कहा-** महिलाएं एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर चलें, ना कि उनकी कमियों के कारण उनके खिलाफ खड़ी हो जाएं। परिवार के लोग कभी बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं करें। जब भेदभाव भगवान ने नहीं किया, तो इन्सान क्यों करता है। समाज से लिंग भेदभाव को दूर करने के लिए सबको शिक्षित होना जरूरी है। सीमा बताया- बचपन में मुझे कभी साइकिल नहीं चलाने दिया गया, क्योंकि मैं लड़की थी। वहीं, आज की तारीख में सीमा ने अपने बूते सबकुछ किया, साइकिल, स्कूटी, बाइक सब चलाना जानती हैं।

### आज सीमा ही चला रहीं परिवार का खर्च

भले सीमा के परिवार और पति ने एक समय में उनके काम करने पर आपत्ति जाहिर की थी, लेकिन आज की तारीख में सीमा ही अपने घर की आर्थिक शक्ति हैं। सीमा ने कहा- फिलहाल घर में कमाई का जरिया सिर्फ मैं हूं। अपने पति के लिए लाखों की मशीन मैंने लगवाई, ताकि वे अपना बिजनेस कर सकें।

### अपनी बहन की बेटी का बाल विवाह रोका

सीमा साहू कम उम्र में शादी का मतलब और मुश्किलें जानती थीं। इसलिए बहन की बेटी की 16 साल की आयु में हो रही शादी रुकवा दिया। उसे 21 वर्ष की उम्र तक पढ़ाया और उसके बाद बहन की बेटी की शादी करवाई।

# रांची में दशहरा की तैयारी जोरों पर, 65 फीट का होगा रावण

नवीन मेल संवाददाता। रांची



शारदीय नवरात्र के लिए राजधानी में जहां एक से बढ़कर एक पंडाल बने हैं, वहीं दूसरी ओर पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा दशहरा और रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी भी अंतिम चरण में है। 1948-49 से लगातार रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किए जा रहे रावण वध कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। बिहार के गया जिले से आए कारीगर मोहम्मद मुस्लिम और उनके सहयोगी द्वारा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है। कडरू के लाला लाजपत राय मध्य विद्यालय में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला बनाया जा रहा है। जिसे 10 अक्टूबर को यहां से मोरहाबादी मैदान ले जाया जाएगा। 12 अक्टूबर की शाम मोरहाबादी मैदान में लंका दहन होगा। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार 65 फीट का रावण, 60 फीट का कुंभकर्ण और 55 फीट की ऊंचाई वाला मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है। राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार बेहद खास यह है कि रावण का कपड़ा बेहद आकर्षक होगा और वाटरप्रूफ भी होगा ताकि मौसम खराब होने या बारिश में भी रावण दहन में कोई परेशानी न हो। राजेश खन्ना ने कहा कि इस बार का रावण ज्यादा बलिष्ठ और बलवान होगा।

**आतिशबाजी होगी बेहद मनभावन**
पंजाबी हिंदू बिरादरी के वरिष्ठ सदस्य राजेश खन्ना ने बताया कि इस बार मुंबई से आए विशेष आतिशबाजों की टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक आतिशबाजी होगी। इसकी खासियत यह है कि सभी पटाखा और फुलझड़ी रिमोट संचालित होंगे। साथ ही लंका दहन कार्यक्रम के दौरान परंपरागत गीत-संगीत का भी प्रदर्शन होगा। राजेश खन्ना ने कहा कि इस वर्ष लंका दहन कार्यक्रम के दौरान 3030 की स्वर्ण नगरी बनाई जाएगी। जिसका दहन रामभक्त हनुमान रूपी कलाकार करेंगे।

**मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि**
पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा एवं लंका दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वो रावण के पुतले का दहन करेंगे। वहीं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कुंभकर्ण का और पूर्व मंत्री सह विधायक सीपी सिंह मेघनाद का पुतला दहन करेंगे।

# मातृशक्ति कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन कल



**रांची।** नवरात्रि पर नूतन वीणा छात्र संघ और मुकेश मुक्ता के सानिध्य में मातृशक्ति कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया जायेगा। इस महोत्सव में मातृशक्ति सुरक्षा एवं कन्या पूजन के लिए देवी स्वरूपा 1008 कुंवारी कन्या पूजन किया जायेगा। संस्था के मुख्य संरक्षक मुकेश मुक्ता ने बताया कि इस वर्ष कन्या पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत दुर्गा पूजनम सुबह नौ बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे ध्वजा रोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह 10:30 बजे 1008 कन्या पूजन होगा। दोपहर एक बजे से प्रसाद ग्रहण एवं भंडारा का आयोजन होगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्री मुक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री श्री 100 शिवदुर्गा मंदिर भवानी नगर, मां बगला मुखी मंदिर, अमर ज्योति क्लब बागान चौक इरगु टोला, आनंद नगर युवा समिति, राज समिति इरगु टोली, हिंद सहायक मंच, जन जागरण युवा समिति गौशाला चौक, न्यू लाइंस क्लब न्यू मधुकम, श्रीनगर जनकल्याण समिति, फ्रेंडस क्लब राजा हाता, झारखंड फोटोग्राफर फेडरेशन आदि सहयोग कर रहे हैं। आयोजन के सफल बनाने में अध्यक्ष सचितानंद सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष चौरसिया, उपाध्यक्ष अविनाश वर्मा, आशुतोष कुमार, मुकेश कुमार, श्याम प्रजापति, शशि गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, कौशल कुमार, राजु बाल्मिकी समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर 15 तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दुर्गा पूजा को लेकर झारखंड में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयीं हैं। पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को बताया कि 15 अक्टूबर तक सभी पुलिस पदाधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर आईजी अभियान एवी होमकर ने आदेश जारी किया है। झारखंड के सभी 24 जिलों के एसपी, एसएसपी, रेंज के डीआईजी, आईजी ओर पुलिस के अन्य विंग के समादेष्टा और प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य को यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार दुगापूर्जा के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए काफी संख्या में बलों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न जिलों में की गई है। इस अवसर पर आकस्मिकता के मद्देनजर सभी प्रकार का अवकाश 15 अक्टूबर तक स्थगित किया जाता है। विशेष परिस्थिति में संबंधित एसपी, रेंज के डीआईजी ओर आईजी ही अवकाश स्वीकृत करेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक स्थिति में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सभी प्रकार के कार्यालयों में पदस्थापित प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की सूची तैयार कर उन्हें तैयारी हालत में रखते हुए उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# पुलिस ने सोशल मीडिया में तथ्यहीन आपत्तिजनक पोस्ट ना डलने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी पुलिस ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए आम लोगों से अपील की है। रांची पुलिस ने बुधवार को अपील करते हुए कहा है कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी नागरिकों से अनुरोध है कि आपसी भाईचारा बनायें रखें। किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाली गतिविधियों से बचें और सौहार्दपूर्ण वातावरण का समर्थन करें। रांची पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, तथ्यहीन या आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो और संदेशों को साझा करने से पूरी तरह बचें। ग्रुप एडमिन भी सुनिश्चित करें कि उनके ग्रुप में किसी प्रकार की गलत जानकारी या आपत्तिजनक सामग्री साझा न हो। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार की गलत सूचना या अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रांची पुलिस के जरिये सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इसलिए जिम्मेदारी से सोशल मीडिया का उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। शहर में किसी भी प्रकार के डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इससे न केवल ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जाएगा, बल्कि सार्वजनिक शांति भी बनी रहेगी।




# सड़क के गड्ढों को भरने से खुश हैं स्थानीय लोग

### कहा, समस्या हुई दूर हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रशासन ने दुर्गा पूजा के मौके पर पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातू रोड) की ओर जाने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन मीनाक्षी सिनेमा हॉल के मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक का निर्धारण किया है। मगर इस रूट में वेंकटेश्वर मंदिर के पास की मोड़ पर गड्ढे थे। आए दिन इस स्थान पर जाम लगा रहता था और दुर्घटना होती थी। विदित हो कि दुर्गा पूजा में यह रूट और अधिक व्यस्त हो जाता है। **राष्ट्रीय नवीन मेल अखबर** ने इस खबर को गंभीरता से उठाया और आस-पास के लोगों से प्रतिक्रिया भी ली। साथ ही नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह से भी इस संबंध में पूछा गया। अखबार में खबर छपने के बाद नगर प्रशासन की नींद खुली और प्रशासन हरकत में आई। तब जाकर नगर प्रशासन ने त्वरित कारवाई करते हुए गडढों को भरने का आदेश दिया। अब, वेंकटेश्वर मंदिर के पास की मोड़ की सड़क पर गडढे भरे जा रहे हैं। गड्ढों के भरने से स्थानीय खुश है, कहा कि समस्या दूर हुई।

### सड़क की मरम्मत से सभी को सुविधा : सावित्री



स्थानीय सावत्री टी स्टॉल की संचालिका सावित्री देवी ने कहा सड़क की मरम्मती होने से सभी को सुविधा होगी। साईकिल से बच्चे जब इस स्थान से पार होते थे तो सड़क के गड्ढों को देखकर डर लगता था।

### लंबे समय से था गड्ढा, हो रही थी परेशानी: संतोष



पानीपुरी ठेला संचालक संतोष कुमार ने बताया कि लंबे समय से इस जगह पर गड्ढा था। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार का आभार है कि इस खबर को प्राथमिकता के साथ उठाया है। खबर छपने के बाद गड्ढों का भरा जा रहा है।

### सड़क मरम्मत होने से अच्छा लगा : सोनू



स्थानीय दुकानदार सोनू वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार को शुक्रिया। सड़क मरम्मत देखकर अच्छा लग रहा है। कल एक और गाड़ी गड्ढे में फंस गई थी जिससे जाम लग गया था।

# 15 से हड़ताल पर जा सकते हैं जेईपीसी और कस्तूरबा विद्यालय के कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड अलग राज्य बनने के बाद अनुबंध या संविदा पर कार्य करने वाले कर्मियों को केवल आश्वासन ही मिला है। इन 24 सालों में कई सरकारें आई, लेकिन सभी ने केवल आश्वासन दिया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) में कर्यरत कर्मियों की मांगे 25 सालों से है। परियोजना कर्मी बताते है कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कार्यकारणी समिती की 37वीं बैठक में समूह और स्वास्थ्य बीमा को स्वीकृति मिली थी, लेकिन इस बैठक के 10 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें लाभ नहीं मिला। एकीकृत बिहार के समय 1997 में बहाली की गई थी, इसके बाद झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी बहाली हुई है। राज्य भर में परियोजना कर्मियों की संख्या लगभग 1500 है। इन कर्मियों का कहना है कि नियमित कर्मचारी जैसा काम करते है। नियमित को 7वां वेतनमान दिया जा रहा है, वहीं अनुबंध को चौथा वेतनमान मिल रहा है। समूह एवं चिकित्सा बीमा लगभग अभी तक के सेवाकाल में नहीं मिला । ऐसे में कई परियोजना कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु हो गई है। परियोजना कर्मी और कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मी सामूहिक रुप से अपनी मांगों को लेकर 15 अक्टूबर से हड़ताल पर जायेंगे। इसके लिए दोनो संगठनों ने सामूहक रुप से जेईपीसी निदेशक के नाम पत्र भेज दिया है।

### बिहार की तुलना में हमें 55 प्रतिशत कम मिलता है मानदेय : राजीव शरण

जेईपीसी कर्मी संघ के अध्यक्ष राजीव शरण ने बताया कि जेईपीसी बिहार में बने नियम के अनुसार चल रही है। बिहार में 60 से 65 हजार रुपए मानदेय के तौर पर दिया जा रहा है। वहीं प्रत्येक साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है। वहीं झारखंड में बिहार की तुलना में 50 से 55 प्रतिशत कम मानदेय मिलता है।

# सही समय पर नहीं मिली एंबुलेंस, बुजुर्ग की मौत




**रांची।** रांची में सही समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से एक व्यक्ति की इलाज के अभाव में हार्ट अटैक से मौत हो गयी। यह घटना करम टोली चौक की है। एक बुजुर्ग व्यक्ति को बुधवार की सुबह हार्ट अटैक आया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल किया लेकिन सही समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पायी। इसके बाद उस व्यक्ति को ऑटो से नजदीकी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इस मामले में 108 एंबुलेंस सर्विस के आपरेशन हेड विक्रम चक्रवर्ती ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी तो फिलहाल नहीं है। एंबुलेंस कॉल आते ही पहुंचती है। इस मामले की जानकारी ली जा रही है कि लापरवाही कहां हुई है।

# दुर्गा पूजा की भीड़ को बारिश ने भिंगाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची समेत राज्यभर के पूजा पंडालों में बेलबरन के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं, राजधानी के भव्य और आकर्षक पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन को देवी के भक्त भी उत्साहित हैं। लेकिन खराब मौसम उनके उत्साह में खलल डाल रहा है। मंगलवार की महाषष्ठी पर रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश के बाद बुधवर को महासप्तमी पर भी कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिण से पश्चिम की ओर बह रही हवा के साथ मिश्रित नमी के प्रभाव से मंगलवार को राज्य के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। वहीं, इसी हवा के प्रभाव से बुधवार को भी कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में खूंटी जिले के अड़की में सबसे अधिक 48.8 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस दौरान सरायकेला में सबसे अधिक 37.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

**बारिश और वज्रपात का अलर्ट**
अभिषेक आनंद ने बताया कि वज्रपात और वज्रपात की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम और वज्रपात से बचने के लिए सुरक्षित स्थान पर शरण लेने के साथ ही वज्रपात केदौरान इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है। दौरान इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है।



**मौसम विभाग का अलर्ट झारखंड में अभी और होगी बारिश**

## 12 अक्टूबर तक बारिश की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे कम 21 डिग्री सेल्सियस तापमान रांची में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अपने ताजा मौसम पूवार्नुमान में 12 अक्टूबर तक राज्य में बादल छाए रहने, आंधी-तूफान और बिजली गिरने के साथ ही कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि 12 अक्टूबर के बाद झारखंड में मौसम सामान्य और शुष्क रहने की संभावना है।

## न्यूज बॉक्स

### रांची में 11 पुलिस पदाधिकारी का तबादला, हटाए गए डोरंडा थाना प्रभारी

**रांची।** विधानसभा चुनाव से पहले लगातार अधिकारियों का तबादला जारी है। इसी कड़ी में रांची एसएसपी ने रांची जिला बल में पदस्थापित 11 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। बुधवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो को डोरंडा थाना प्रभारी, एसआइ दिवाकर कुमार को खादगढ़ा टीओपी प्रभारी, इंस्पेक्टर आनंद किशोर को सीसीआर, एसआइ संजीव कुमार को मेसरा ओपी प्रभारी, एसआइ रोशन कुमार सिंह को कांके थाना, एसआइ टिंकू रजक को कांके थाना, एसआइ पूजा विभूति उरांव को एदलहातू टीओपी प्रभारी, एसआई चुड़ामणि टुडू को टाटीसिल्वे थाना, उदय कुमार को सिल्ली थाना, एएसआई सुरेंद्र प्रसाद को कांके थाना व एएसआई जुल्फिकार अली को रातू थाना में पदस्थापित किया गया है।

### कन्याओं के बीच फायर लेस कुकिंग की क्लास



**रांची।** झारखंड प्रांत युवा मंच के 9 दिन 9 कन्या कार्यक्रम के अंतर्गत रांची समर्पण शाखा ने बच्चों को फायर लेस कुकिंग सिखाया गया। बच्चों को जब उनके बड़े घर में मौजूद नहीं होते हैं तो उन्हें कुछ हेल्दी खाने की आदत बनी रहे। यह कार्य किशोरगंज स्थित आरबी स्प्रिंडल स्कूल में किया गया। इस फायर लेस कुकिंग में बच्चों को सैंडविच बनाना सिखाया गया। ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। इस कार्यक्रम में काफी बच्चों ने अपनी भागीदारी दी और इस फायर लेस कुकिंग से बहुत कुछ सीखा। इस कार्य में सयोजिका कोमल पोद्दार और प्रभारी रेखा रायका, दिशा जैन का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पायल जैन, कविता जालान उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी

### जेसीआई रांची यूथ ने ओल्ड एज होम में वाटर फिल्टर लगवाया




**रांची।** वाटर फिल्टर का उद्घाटन जेसीआई रांची यूथ के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी ने करते हुए इसे ओल्ड एज होम को समर्पित किया। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि जेसीआई रांची यूथ द्वारा वर्षों से समाज सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। ओल्ड एज होम में वाटर फिल्टर की स्थापना से यहां रहनेवाले वयोवृद्धजनों एवं यहां आनेवाले आगंतुकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। वाटर फिल्टर की स्थापना के लिए ओल्ड एज होम प्रबंधन एवं यहां के वरिष्ठजनों ने जेसीआई रांची यूथ के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान, सचिव ऋचा जालान, मोनिका गोयनका, वीजेंद्र प्रसाद, पूजा प्रसाद, अदिति बदानी, विनायक शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 'पत राखो हे मेरी माता' काव्यसंग्रह का लोकार्पण



**रांची।** साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की चौथी कृति काव्य संग्रह 'पत राखो हे मेरी माता' का लोकार्पण अरसंडे दुर्गा मंदिर में दुर्गा महासप्तमी के दिन नौ मातृशक्तियों द्वारा किया गया। वीणा श्रीवास्तव, रश्मि शर्मा, डॉ आभा कुमारी, डॉ रश्मि कुमारी, डॉ राजश्री जयंती, डॉ चित्रलेखा सिन्हा, पूनम रानी तिवारी और गिरिजा सोनी ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति, अरसंडे के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह (चेयरमैन रेडक्रॉस), डॉ एमपी सिन्हा, महेश प्रसाद सिंह, लता कुमारी, डॉ सीएम प्रसाद, अशोक कुमार द्विवेदी, डॉ बीके राय आदि लोग मौजूद थे।

### रांची डाक मंडल में 'फिट पोस्ट, फिट इंडिया' कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** रांची डाक मंडल ने विश्व डाक दिवस मनाया गया। डाक सेवाओं के महत्व और उनके समाज में योगदान को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। एक विशेष पोस्टाथॉन वॉक का आयोजन भी हुआ, जिसका उद्देश्य फिट पोस्ट, फिट इंडिया का संदेश फैलाना था। इस कार्यक्रम में डाक कर्मचारियों और जनता के बीच फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसका नेतृत्व रांची डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने किया। सर्कल स्तर पर यूपीयू पत्र लेखन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार, जिसमें 25,000 रुपए की नकद राशि शामिल थी। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, रांची की कक्षा 9 की छात्रा सृष्टि कुमारी को प्रदान किया गया। उन्हें अपने उत्कृष्ट पत्र लेखन कौशल के लिए सम्मानित किया गया, और यह सम्मान समारोह रांची जीपीओ के फिलाटेली ब्यूरो में आयोजित किया गया। सभी गतिविधियों का संचालन उदयभान सिंह, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, रांची डाक मंडल के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर संजय कुमार सिंह (वरिष्ठ पोस्टमास्टर, जीपीओ), संदीप कुमार महतो (मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव), और करूणानिधि की उपस्थिति भी रही। इस कार्यक्रम ने न केवल डाक सेवाओं के महत्व को रेखांकित किया बल्कि फिटनेस, पर्यावरण और शिक्षा के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा दिया।

## डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

# अभिभावक बच्चों का रखें ख्याल मानव तस्करी से बचाएं : शिवानी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते डालसा ने बुढ़मू प्रखंड के बेदवारी गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा जागरूकता कायक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी सदस्य शिवानी सिंह, पीएलवी राजेंद्र महतो, मालती देवी, फुलेश्वरी देवी, सीमा देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।
एलएडीसी सदस्य, शिवानी सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलनेवाली सुविधाओं एवं मानव तस्करी तथा नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला। सुश्री सिन्हा कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ध्यान रखे। अब का समय पहले जैसे नहीं रहा, लोग बच्चों को बहला-फुसला कर ले जाते हैं और दूसरे राज्य में बेच देते हैं। बच्चे-बच्चियों को या तो घरों में काम कराया जाता है या फिर अज्ञात अपराधियों के द्वारा को भीख मांगने पर मजबूर किया जाता है। नशा उन्मूलन पर बोलीं कि अभिभावक स्वयं एवं अपने बच्चों को नशा से दूर रखें। हड़िया-दारू या विदेशी शराब का सेवन न करें इससे शरीर के साथ-साथ धन की भी हानी होती हैं, अंततः पूरा घर-परिवार बिखर जाता है। नशा के आदि व्यक्ति या बच्चे अपराध की ओर जाते हैं और कई छोटे-बड़े अपराधों को अंजाम देते है। पीएलवी राजेंद्र महतो ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। डालसा के पीएलवी सीमा देवी व मालती देवी ने उपस्थित लोगों को बाल श्रम, बाल अधिकार के बारे में बताया। इसके अलावा बाल विवाह से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गयी। मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में विस्तार से बताया गया। पीएलवी फुलेश्वरी देवी एवं मालती देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में प्रकाश डाला। डालसा के पीएलवी के द्वारा लोगों के बीच पम्पलेट व लीफलेट्स बांटा गया।



### ओम प्रकाश गुप्ता बने योजना और विकास विभाग के अवर सचिव

**रांची।** राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के तबादले किए है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार देर रात अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार बोकारो के चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए योजना एवं विकास विभाग का अवर सचिव बनाया है। साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ाडा को बोकारो के चास का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।



## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जोड़ा तालाब सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कांके विधायक समरी लाल ने संयुक्त रूप से बरियातू जोड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया। जोड़ा तालाब सुंदरीकरण का कार्य कई वर्षों से स्थानीय लोग सौंदर्य करण कार्य कराने कि मांग कर रहे थे। मौके पर सेठ ने कहा कि जोड़ा तालाब में लोक आस्था का महापर्व छठ कई वर्षों से भव्य रूप से मनाया जा रहा है। छठ व्रतधारियों का एवं जोड़ा तालाब निवासियों का कई वर्ष का मांग आज पूरी हो रही है। यह काम जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। सेठ की अनुशंसा पर सीसीएल का सीएसआर फंड से यह कार्य कराया जाएगा। सौंदर्यीकरण हो जाने से छठ व्रतधारियों को महाछठ पर्व करने में सुविधा होगी। तालाब में नाली का गंदा पानी का बहाव हो रहा था, जिसे देखकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं विधायक समरी लाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि तालाब को साफ सुथरा बनाकर रखें और गंदे पानी को तालाब में न जाने दे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रकाश चंद्र सिन्हा, हरिनंदन शर्मा, रामाशीष सिंह, रवि पाठक, विपिन सिंह, लोटन चौधरी, रणधीर सिंह, सुनील शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रांची हिंसा मामले में तीन और आरोपितों के खिलाफ आरोप तय

**रांची।** राजधानी रांची में 10 जून को हुई हिंसा से जुड़े एक मामले में तीन और आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किया गया है। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को नवाब चिस्ती उर्फ समद, शकील उर्फ कारू और नदीम अंसारी पर आरोप तय किया गया है। मामले में अब अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही कराई जाएगी। मामले में पूर्व से 11 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे हैं। इसमें मो. अफसर, मो. शाहबाज, मो. उस्मान उर्फ करण कच्छप, मो. तबारक कुरैशी, अफसर, अरमान हुसैन, मो. रमजान, मो. अमजद, मो. माज, मो. सरफराज एवं मो. इरफान अंसारी शामिल है। रांची हिंसा मामले में अलग-अलग थानों में 48 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें सिर्फ एक मामले (डेली मार्केट कांड संख्या 17/2022) की जांच सीआईडी ने की है जबकि अन्य मामलों में भी ट्रायल जारी है।

## रांची के शास्त्री मार्केट में अब भी है खरीदारों की भीड़

# दुर्गा पूजा में छाई हुई है बाजारों में रौनक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के अवसर पर लोगों में नए कपड़ों और नए आभूषणों को लेकर काफी उत्साह है। बाजार में रौनक छाई हुई है। महिलाओं के लिए नई डिजाइन की तरह-तरह की साड़ियां, युवतियों के लिए नए फैशन के सलवार सूट आदि से दुकानें भरी हुई हैं। इसी तरह, बच्चों और हर उम्र के पुरुषों के लिए नए कपड़ों से दुकानें सजी हुई हैं। वैसे तो दुर्गोत्सव मध्य दौर से गुजर रहा है। पूजा के लिए ज्यादातर व्यक्तियों ने कपड़े खरीद लिये हैं। फिर भी पसंदीदा कपड़े लेने के लिए बाजारों में दुकानों, मॉल आदि जगहों पर अब भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है। राजधानी रांची के शास्त्री मार्केट में अब भी खरीदारों की भीड़ है। शास्त्री मार्केट के दुकानों में पुरुषों, बच्चों और महिलाओं के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के आकर्षक कपड़ों का कलेक्शन है।

### यूनिक क्वीन कलेक्शन : महिला परिधान में अलग पहचान



शास्त्री मार्केट की दुकान यूनिक क्वीन कलेक्शन ने पिछले 30-40 वर्षों से महिलाओं के परिधान में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस दुकान ने महिलाओं का भरोसा जीता है। यूनिक क्वीन कलेक्शन के संचालक रोमल ने बताया- दुर्गा पूजा से दो महीने पहले ही ग्राहकों की पसंद के अनुसार और ट्रेंड को देखते हुए कपड़ों का कलेक्शन लाते हैं। वर्ष 2024 में महिलाएं सबसे ज्यादा जिम्मी चू, डोला सिल्क और जॉर्जेट शिफॉन की साड़ियां पसंद कर रही हैं। इस वर्ष की बिक्री के बारे में बताते हुए रोमल ने कहा, ऑनलाइन शॉपिंग के कारण बाजार में पहले जैसी रौनक नहीं है। हालांकि, बिक्री ठीक-ठाक ही है।

### न्यू रूपम ड्रेस : बच्चों के लिए बेहतर कलेक्शन



शास्त्री मार्केट में स्थित न्यू रूपम ड्रेस बच्चों के मनपसंद कपड़ों के लिए जाना जाता है। न्यू रूपम ड्रेस के संचालक पवन ने कहा- हमारे पास बच्चों के लिए शर्ट, पैंट, जैफ्री जैसे हर तरह के कपड़े उपलब्ध हैं।
बच्चों का रुझान ज्यादातर जींस शर्ट और थ्री पीस की ओर बढ़ता दिख रहा है। ऐसे में बच्चों की पसंद के अनुसार सभी तरह के कपड़ों का कलेक्शन हमारे यहां उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण दुकानदारी पर गहरा असर पड़ रहा है।

### गरिमा कुर्ता : पुरुषों के लिए कुर्तो का भंडार



शास्त्री मार्केट में स्थित गरिमा कुर्ता दुकान डिजाइनर कुर्ता-पजामा के लिए प्रसिद्ध है। गरिमा कुर्ता के संचालक प्रमोद कुमार ने बताया- पिछली तीन पीढ़ियों से हम शास्त्री मार्केट में दुकान चलाते आ रहे हैं। कई बुजुर्गों और पुराने ग्राहकों के साथ-साथ युवाओं का भरोसा आज भी हम पर कायम है। हालांकि, ऑनलाइन शॉपिंग के कारण दुकानदारी पर असर दिखा है, लेकिन ग्राहकों का भरोसा अब भी हम पर है। प्रमोद ने कहा- कुर्ता-पजामा, शेरवानी, बच्चों के लिए कुर्ता-पजामा, पुरुषों के लिए सभी प्रकार के डिजाइनर कपड़े हमारे यहां उपलब्ध हैं। अधिकतर युवाओं का पूजा-पाठ के समय प्रिंटेड शर्ट और कुर्ता-पजामा की ओर रुझान रहता है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने सभी थानों में नियुक्त किए पीएलवी

**रांची।** झालसा के दिशा-निर्देश पर एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन पर डालसा ने रांची जिले के सभी थानों एवं ओपी में एक-एक पीएलवी की नियुक्ति कर दी है। नवनियुक्त पीएलवी को न्यायायुक्त एवं डालसा सचिव ने बधाई देते हुए कहा कि सभी मन लगाकर जनहित का कार्य करें। जो भी लोग थाने में शिकायत लेकर आए उनका मदद करें। आवेदन लिखने या अन्य कानूनी संबंधी जानकारी में उनकी सहायता करें और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूर्ण जानकारी दें और नालसा के निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर - 15100 का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। डालसा सचिव ने नवचयनित पीएलवी को कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आनेवाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और आवेदन में लिख कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यालय में जमा करें।

## एक नजर

### मुखिया के साथ बीडीओ ने की बैठक

**अड़की।** अड़की प्रखंड सभागार में अड़की प्रखंड के सभी मुखिया,पंचायत समिति सदस्य के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अफीम की खेती से होने वाली हानि,अफीम के संबंध में कानूनी पहलू के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

### खरीदारी का झांसा दे दुकान से जेवर चुराकर भागी महिला

**रांची।** हेसाग डॉन बास्को नगर में विनय ज्वेलर्स में खरीदारी का झांसा देकर एक महिला 60 हजार के जेवर लेकर 6 अक्तूबर को भाग गई। ज्वेलर विनय सोनी ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि महिला एक बच्चे के साथ दुकान पर आई और लॉकेट-नथिया देखने लगी। कीमत पूछने के बाद 500 रुपए दिए और घर से पैसे लाने का कहकर चली गई। शक होने पर उन्होंने बाद में सीसीटीवी फुटेज देखे तो पता चला कि महिला पांच नथिया व लॉकेट बैग में रखती दिखी। सड़क पर बाइक सवार एक शख्स के साथ भाग गई। उन्होंने बताया कि महिला के हजारीबाग की होने का पता चला है।

### आम लोगों के सुख-दुख में शरीक हों राजद कार्यकर्ता : जेपी यादव

**रांची।** राजद के झारखंड प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में राजद सम्मानजनक सीटों के साथ मजबूती के साथ लड़ेगी तथा इस बार भी राज्य में दोबारा इंडिया गठबंधन सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि आम लोगों के बीच जाकर वे गठबंधन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। आम लोगों के सुख-दुख में शरीक हों। युवा, महिला समेत सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। राजद प्रभारी प्रदेश कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण तथा मंडल कमीशन लागू करवाने में अहम योगदान देने वाले समाजवादी नेता रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों नेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजद की सदस्यता अभियान की शुरूआत भी की। कार्यक्रम में प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर हर वर्ग के लोगों को सदस्य बनाने का काम करें। कार्यकर्ता आम चुनाव की तैयारी में मजबूती से लग जाएं। राजद का संगठन 24 जिलों तथा 81 विधानसभा सीटों पर मजबूत है?। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा रानी कुमारी, पलामू लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी ममता भुईयां, विजय राम, मनोज पांडेय, क्षितिज मिश्रा, कमलेश यादव, तारकेश्वर यादव, आर्यन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के बीच हुआ अनुष्ठान का आयोजन

# ककरिया में पूजा पंडाल का पट खुला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
लापुंग प्रखंड के ककरिया में दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला वहीं लापुंग दोलैचा एवं दानेकेरा के पूजा पंडालों का पट गुरुवार को खुलेगा। बुधवार को बारिश के बीच ककरिया में पट खुलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि बारिश में थोड़ा अनुष्ठान में खलल डाली। बावजूद इसके ककरिया दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान षष्ठी तिथि को बेलवरण की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य पुजारी गौरव पाठक ने मिथिलेश पती के साथ मिलकर अधिवास एवं आमंत्रण पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया। ढोल, ढाक नगाड़ों, शहनाई घंट और शंख की प्रतिध्वनि के बीच आमंत्रण के माध्यम से मां दुर्गा को आमंत्रित किया गया। देर शाम में यजमान मिथिलेश पती ने पुजारी गौरव पाठक के नेतृत्व में अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस दौरान मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के बीच बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मां दुर्गा के पट खुलने के दौरान ककरिया में बारिश ने आयोजनकताओं के उत्साह पर पानी फेर दिया। लेकिन बारिश के बावजूद सभी अनुष्ठानों का आयोजन सफल बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से ककरिया दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहु, उपाध्यक्ष नित्यानंद साहु, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र साहु, समीर गुप्ता, अमित कुमार, उमेश कुमार, प्रभात कुमार, प्रवीण कुमार, शिवनारायण वर्मा, चुनिया राम, शेखर साहु, गौरव पाठक, मिथिलेश पती सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने चान्हो में पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

## मां दुर्गा अन्याय और असत्य के खिलाफ लड़ने की शक्ति देती हैं : आशुतोष तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजन उत्सव पूरे देश में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के नेता सनी टोप्पो ने विभिन्न पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन किया। उनके साथ आजसू के केंद्रीय सचिव जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित थे। समिति के सदस्यों द्वारा उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा अन्याय और असत्य के खिलाफ युद्ध में भक्तों को शक्ति देती हैं उनकी कृपा दृष्टि से सबका कल्याण होता है उन्होंने देवी से प्रार्थना की की पूरी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मां अपना आशीर्वाद प्रदान करें और कृपा दृष्टि बनाए रखें। आशुतोष तिवारी ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा दृष्टि पूरे क्षेत्र में बनी रहे मां भगवती सब का कल्याण करें उन्होंने समिति के सदस्यों को भी सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। मौके पर थाना प्रभारी चंदन गुप्ता ने कहा कि लोग शांतिपूर्ण त्योहार बनाएं।

## न्यूज बॉक्स

### दुर्गा पूजा पंडाल का परमेश्वर भगत ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता, चान्हो।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर आज चान्हो प्रखंड के ग्राम सिलागई में पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने एक भव्य पंडाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान डॉ. भगत ने पूजा के महत्व और समाज में एकता के संदेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। पंडाल में आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण ने सभी का ध्यान खींचा। इस उद्घाटन समारोह ने क्षेत्र के लोगों में उत्साह और जोश का संचार किया। डॉ. भगत ने सभी से अपील की कि वे इस पर्व को धूमधाम से मनाएं और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दें। इस समारोह में क्षेत्रीय निवासियों की बड़ी संख्या शामिल हुई। मौके पर डॉ मंजू मिंज, समिति के अध्यक्ष अनिल गोप, सचिव आलोक गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित साहू, कौशल कुमार, रामपेयर उरांव, बिनोद साहू, अनिल साहू, बनवारी उरांव, शिवपूजन भगत, प्रदीप बानू, परवीन गोप, परमोद जी, दिलीप सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### डायन कुप्रथा के बारे में जागरूक किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। मारंगहादा।** मारंगहादा थाना अन्तर्गत खूंटी बीडीओ की उपस्थिति में मारंगहादा / तिलमा पंचायत के ग्राम प्रधान, मुखिया एवं करीब 80 ग्रामीणों के बीच अफीम की खेती से होने वाले दुष्प्रभाव,डायन कुप्रथा एवं डायल 112 के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया।

### घर में घुस नकदी समेत ढाई लाख के जेवर ले भागे चोर

**नवीन मेल संवाददाता, रांची।** रांची के पत्थलकुदवा की रहने वाली रजनी खेस के घर से नगदी समेत ढाई लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में रजनी आठ अक्तूबर को लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रजनी ने पुलिस को बताया कि वह पांच अक्तूबर को अपने घर में सोयी हुई थी। छह अक्तूबर को जब वह सोकर उठी तो देखा कि उनके घर में रखा अलमीरा खुला हुआ है। इसमें रखे तीन सोने की अंगुठी, दो सोने का कानफुल, सोने की बाली, हीरे का फुल के अलावा 25 हजार नगदी और चांदी के जेवरात गायब है। इसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### सिकिदिरी में स्कूटी और साइकिल की सीधी टक्कर, तीन घायल

**अनगड़ा।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के ढेलुआखूंटा गांव के पास स्कूटी और साइकिल में सीधी टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार ढेलुआखूंटा गांव निवासी श्याम कृष्ण कार्की गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्कूटी सवार भुसूर गांव निवासी प्रकाश महतो और एक अन्य युवक को भी चोट आई है। घटना बुधवार की रात सात बजे की है। सूचना पर मिलने मौके पर पहुंची सिकिदिरी थाना की पुलिस तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। बताया जाता है कि श्याम कृष्ण कार्की साइकिल पर सवार होकर अपने घर से खालसा की ओर जा रहा था और नियंत्रण खो जाने से दोनों आपस में टकरा गये। वर्तमान समय में लोग हो वाहन चलाते हैं वह काफी रफ्तार और बिना देखे चलाते हैं। अभी हालात ऐसे हैं कि वाहनों की रफ्तार सड़कों पर इतनी तेज होती है कि अगर संभल नहीं चला जाये तो दुर्घटना के शिकार हो सकता है।

# हिंडाल्को में 1950 से हो रही है दुर्गा पूजा

## हिंडालको परिवार ने पहली बार रामलीला मंचन का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली / मुरी**
हिंडालको कॉलोनी में सन 1950 से ही दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बताते चले कि यहां पहले सिर्फ तिरपाल व बांस के सहारे पंडाल का निर्माण किया जाता था। पूजा के दौरान सिर्फ ढाक, शंख और घंटा की आवाज से वातावरण गूंजायमान रहता था। संध्या को सप्तमी के दिन से आरती शुरू हो जाती थी जो आज भी बदस्तूर जारी है। पूर्व में बड़े बुजुर्ग ही धुना नाच में हिस्सा लेते थे जबकि आज युवा व बच्चों के अलावा लड़कियां भी धुना नाच में बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। मां की विदाई बेला में मूर्ति चुमावन के पश्चात महिलाओं द्वारा आनंदपूर्वक सिंदूर भी आपस में खेला जाता है। विसर्जन के पश्चात पंडाल में सभी महिला पुरुष के बीच पुरोहित द्वारा शांति जल के छिड़काव के पश्चात लोग गले मिलकर एक दूसरे को भी दशमी की शुभकामनाएं देते हैं। विजयदशमी के बाद लक्खी पूजा के अवसर पर मनोरंजन हेतु कोलकाता की नामी गिरामी यात्रा पार्टी द्वारा नाटक यात्रा का मंचन भी किया जाता था। इस यात्रा का आनंद उठाने उन दिनों झालदा, तुलिन, जयपुर, बंता, पतराहातू समेत आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में साइकिल एवं पैदल पहुंचने थे तब के दिनों में दशहरा में कड़ाके की ठंड पड़ती थी।



**सिल्ली/मुरी।** हिंडाल्को मुरी परिवार ने मंगलवार के दिन हिंडालको एलुमिना क्लब परिसर में पहली बार रामलीला का भव्य मंचन का आयोजन किया। इस आयोजन में सिल्ली मुरी क्षेत्र से काफी संख्या में भक्त जनों ने भाग लिया। आज के भव्य मंचन में सीता स्ववंरहसे लेकर सीता हरण तक की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंडाल्को के प्लांट हेड रोहित चौरसिया ने सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा और सराहना भी की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को मिली मंजूरी





**नवीन मेल संवाददाता। मैक्लुस्कीगंज।** सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने नवरात्र पर मैक्लुस्कीगंज वासियों को सौगात दी है। मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर एक बार पुनः शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव पर सहमति बनी है। यह जानकारी भाजपा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम कुमार साहू ने बताया कि सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री मैक्लुस्कीगंज में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लंबे समय से हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव को लेकर प्रयासरत थे। कई बार रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर मैक्लुस्कीगंज के लोगों की परेशानियों को सामने रखा। लंबे समय बाद शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित होने पर लोगों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय निवासी दीपक राणा, शेखर बोस, केपी मोहंती, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, मनोज गिरि ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि कोरोना काल के समय कई ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इसमें मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर शक्तिपुंज और पलामू एक्सप्रेस का ठहराव बंद कर दिया गया था।

# अंडर 17 बालिका वर्ग व ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस ने मारी बाजी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत बुधवार को कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई. खेलगांव में आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. अंडर 14 बालिका वर्ग कुश्ती मुकाबले में गुमला विजेता और साहिबगंज उपविजेता बना. देवघर की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 14 बालक वर्ग कुश्ती मुकाबले में लातेहार विजेता और लोहरदगा उपविजेता बना. इस मुकाबले में कोडरमा की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 17 ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम विजयी हुई. इस मुकाबले में साहिबगंज उपविजेता और कोडरमा सेकंड रनरअप बना. अंडर 17 बालिका वर्ग कुश्ती मुकाबले में भी जेएसएसपीएस ने बाजी मारते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. मुकाबले में गुमला उपविजेता और पश्चिमी सिंहभूम सेकंड रनरअप रहा. अंडर 17 फ्री स्टाइल कुश्ती मुकाबले में कोडरमा विजेता बना, बोकारो उपविजेता रहा. अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में गुमला की टीम विजेता बनी. इस मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम उपविजेता और लोहरदगा सेकंड रनरअप बनी. अंडर 19 ग्रीको रोमन मुकाबले में जेएसएसपीएस की टीम जीत हासिल करते हुए विजेता बनी. कोडरमा की टीम उपविजेता और गोड्डा की टीम सेकंड रनरअप बनी. अंडर 19 बालक वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती मुकाबले में कोडरमा की टीम विजेता बनी, धनबाद उपविजेता और जेएसएसपीएस की टीम सेकंड रनरअप बनी.

## मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता, मांडर।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमिन का मिलन समारोह का आयोजन मांडर के दुमदुमीया टोंगरी में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली ने कहा कि आज हमे हाशिए पर रखा गया है। हमसे हमारे हुकुक को छिना जा रहा है। अपने हक और अधिकार के लिए सत्ता में भागीदारी जरूरी है। हमारे लोगों को मॉब लिंचिंग किया जाता है लेकिन सरकार आँख बंद कर लेती है। उनके आश्रितों के साथ न्याय नहीं किया जाता। कार्यक्रम को सुखमणि तिग्गा, शाहीद जफर, तबरेज बुखारी, समीर अली, मौलाना आफताब, कासिम नदवी ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता विनोदित तिग्गा, आलमगीर आलम, अलीम अंसारी, नेजाम अंसारी, नसीम , हाफिज तनवीर, रियाजुल अंसारी, कुद्दुस अंसारी, आजम, सबा परवीन समेत अन्य लोग शामिल हुए। संचालन इमरोज अंसारी ने किया। मौके पर रबुल अंसारी, सोहैल, किताबुल अंसारी, समेत सेंकडो की संख्या में लोग मौजूद थे।

बेड़ो में मां दुर्गा के पंडाल का हुआ उद्घाटन

# धार्मिक अनुष्ठानों के बीच निभाई गई बेलवरण अधिवास व आमंत्रण की रस्म

*मां दुर्गा के मंदिर का पट आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया है, वहीं शाम में पुजारी ने मां कात्यायनी की पूजा की*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में भारी बारिश के बीच भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट्ट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, हिन्दू जागरण मंच के वाणी कुमार रॉय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, पंसस राखी भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, महावीर गोप, राजेश साहु सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र में सुख शान्ति व समृद्धि की कामना कर मां दुर्गा के छठे स्वरूपा मां कात्यायनी की आराधना की। इधर बुधवार को मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा के मंदिर का पट आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया । वहीं बुधवार की शाम पुजारी सुबोल देवघरिया की अगुवाई में मां कात्यायनी की पूजा अर्चना करते हुए यजमान मनोरंजन देवघरिया तथा गौतम देवघरिया ने बिल्ववरण पूजा का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। वहीं पुजारी अशोक पंडा ने गणेश पूजन कराया। मौके पर महासमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। इधर पंडाल के उद्घाटन के साथ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज सहित अन्य लोगों ने उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। ढोल ढाक नगाड़ों शहनाई घंट तथा शंख की ध्वनि के बीच पंडाल का उद्घाटन किया गया। वहीं दूसरी ओर बेड़ो प्रखंड के पाकलमेडी. गांव में झोपड़ीनुमा पंडाल की अनुकृति हर किसी को आकर्षित कर रही है। यहां पूजा को सफल बनाने में पुजारी निकुंज पाठक,सचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार मेहता, लालचंद महतो, संरक्षक सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, डॉ नीरज, पंकज कुमार, नंदलाल महतो, विमल कुमार, मिथिलेश कुमार, सिकंदर कुमार, हेमंत कुमार, सोनू कुमार सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### झामुमो की मान्यता रद्द करे चुनाव आयोग : रमाकांत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झामुमो के नेतृत्व वाली हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। महतो ने बुधवार को झामुमो पर वादा खिलाफी एवं जनता से चिट करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से शीघ्र झामुमो का राजनीतिक दल के रूप में मान्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता से किए वादों में एक भी वादे पूरे नहीं किये। सरकार ने युवाओं के लिए प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरियां देने,नौकरी नहीं देने पर स्नातकोत्तर डिग्री वाले को सात हजार रुपये एवं स्नातक डिग्री धारियों को पांच हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने,नही तो इस्तीफा देने, राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाकर प्रतिवर्ष जेपीएससी,जेएसएससी का पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराने,ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने,बालिकाओं के लिए पहली कक्षा से स्नाकोत्तर तक पढ़ाई निःशुल्क करने,पारा शिक्षकों को स्थायी करने,राज्य में संविदा पर कार्य कर रहे सभी विभागों के कर्मियों को स्थायी करने,प्रत्येक प्रखंडों में कॉल्ड स्टोरेज का निर्माण करने,किसानों का ऋण माफ करने,पेट्रोल, डीजल में सब्सिडी देने,गरीबों को तीन लाख रुपये का आवास देने,महिलाओं को प्रति माह चूल्हा खर्च देने,कन्याओं को विवाह में सोने का सिक्का देने,ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे वादे किए थे।

## 'निर्भया शक्ति' महिलाओं व बच्चों के लिए मील का पत्थर : सुमन गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
'निर्भया शक्ति' के रूप में चयनित द्वितीय बैंच के कुल 47 महिला आरक्षियों के प्रशिक्षण के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता उपस्थित हुईं। अपराध अनुसंधान विभाग की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने स्वागत सम्बोधन एवं कार्यक्रम संचालन किया। अपराध अनुसंधान विभाग की पुलिस उप महानिरीक्षक संध्या रानी मेहता ने निर्भया शक्ति प्रशिक्षण की जानकारी संक्षेप में साझा की। वहीं बताया कि उक्त प्रशिक्षण से महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध बढ़ते अपराध पर रोक तो लगेगी ही बल्कि पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथि ने बताया कि 'निर्भया शक्ति' महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध बढ़ते लैंगिक अपराध में मील का पत्थर साबित होगी। गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान ही अपराधियों को सजा एवं पीड़ितों को न्याय दिला सकता है।

### आदर्श दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता, रांची।**
आदर्श दुर्गा पूजा समिति टंकी साइड धुर्वा के पंडाल का उद्घाटन विधि विधान के साथ समिति के पुरोहित एवं समिति आयोजक मंडली द्वारा कराया गया। पंडाल का उद्घाटन टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुनील तिवारी एवम भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के विजय बहादुर सिंह व गुंजन कुमार ने किया। इस दौरान पार्षद रहे क्षेत्र के कृष्ण मोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा चुनरी ओढ़ाकर किया गया। पंडाल उद्घाटन के साथ ही मां का पट सभी लोगों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। माता रानी के जयकारे, हर हर महादेव के नारे के साथ परिसर गूंज उठा। मौके पर समिति के सदस्य गण एवम क्षेत्र के लोग काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।



शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां कालरात्रि की रात्रि बेला में आरती की गई।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका यूनियन की बैठक में हड़ताल जारी रखने का निर्णय

**कोडरमा।** आठ सूत्री मांगों को लेकर पिछले पांच अक्तूबर से जारी सेविका-सहायिका की बेमियादी हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया गया है। यह निर्णय बुधवार को ब्लॉक परिसर झुमरीतिलैया में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका यूनियन की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बता दें कि मंगलवार देर रात झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं के नियमावली में संशोधन करने का प्रस्ताव लिया गया है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार की कैबिनेट ने नियमावली में संशोधन का जो प्रस्ताव पारित किया गया है, वह सेविका -सहायिकाओं के लिए सिर्फ लॉलीपॉप है।

### दुर्गापूजा में अगलगी की घटना से निपटने को लेकर 24 घंटे तैयार रहेगा अग्निशमन दस्ता

**कोडरमा ।** दुगार्पूजा के त्योहार में आगलगी की घटना को लेकर कहीं भी दिक्कत ना हो, इसके लिए अग्निशमन दस्ता 24 घंटे तैयार रहेगा। अग्निशमन पदाधिकारी पूजा समिति के सदस्यों को आग से बचाने और निपटने को लेकर आवश्यक सुरक्षा सलाह और प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। अग्निशमन पदाधिकारी विमान चंद्र मांजी ने बताया कि तीन दमकल गाड़ियों को पानी के साथ तैयार रखा गया है। दमकल कर्मचारी भी पर्व के दौरान 24 घंटे ड्यूटी में तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि दो बड़े दमकल गाड़ी में करीब 12 हजार लीटर और छोटे दमकल गाड़ी में 300 लीटर पानी भरकर तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने की किसी तरह की घटना की जानकारी लोग मोबाइल नंबर 93049 53425 और टोल फ्री नंबर 112 पर दे सकते हैं।

### भाकपा माले ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाया 'घेरा डालो-डेरा डालो' कार्यक्रम

**डोमचांच।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर प्रखंड मुख्यालय गेट पर मंगलवार को माले ने घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं और ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रखंड मुख्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर जमकर नारेबाजी की। अध्यक्षता प्रखंड कमेटी सदस्य राजेंद्र प्रसाद साहू ने किया। जिला कमेटी सदस्य भागीरथ सिंह ने प्रखंड और अंचल में चल रहे भ्रष्टाचार के तौर- तरीकों का खुलासा किया। माले जिला कमेटी सदस्य विनोद पांडेय ने कहा कि किस तरह दबंगों और भू-माफियाओं के इशारों पर थाना और अंचल कार्यालय में काला को सफेद और सफेद को काला किया जाता है। लोग अपनी समस्या लेकर आएं, उसका तुरंत निराकरण किया जाएगा। यदि कर्मियों से किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो रही है, तो तुरंत बताएं।

बीजेपी नेता ने बड़ा अखाड़ा में लाउडस्पीकर भेंट किया, कहा

# नवरात्र के दिनों में मां दुर्गा की उपासना हमें आंतरिक और बाहरी असुरों से लड़ने की शक्ति देती है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट के प्रबल दावेदार टोनी जैन ने नवरात्रि के पावन अवसर पर बड़ा अखाड़ा में लाउडस्पीकर भेंट की। बड़ा अखाड़ा के महंत ने इस उपहार के लिए श्री जैन को आशीर्वाद देते हुए कहा, आप बिना किसी राग-द्वेष के समाज सेवा के कार्य में लगे रहें। माता रानी आपकी हर मनोकामना पूर्ण करेंगी। इस लाउडस्पीकर से प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ सुनाई देगा, जो सभी के लिए मंगलकारी होगा। लाउडस्पीकर भेंट करने के बाद, टोनी जैन ने हजारीबाग के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के शंकर गुप्ता, ओम गुप्ता, प्रमोद खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल और अशोक जैन ने श्री जैन का जोरदार स्वागत किया। फॉरेस्ट कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों विवेक वाल्मीकि और विशाल वाल्मीकि समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्री जैन का स्वागत किया और उनके समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा की। दौरे के दौरान, टोनी जैन ने बहमर दुर्गा पूजा पंडाल का भी भ्रमण किया, जहां राणा बिजल देवी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री जैन ने कहा, नवरात्रि के इन दिनों में मां दुर्गा की उपासना हमें आंतरिक और बाहरी असुरों से लड़ने की शक्ति देती है। यह पर्व सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है, और हर सनातनी को मां दुर्गा की भक्ति करनी चाहिए। टोनी जैन ने यह भी कहा कि मां दुर्गा की कृपा से समाज में शांति और सौहार्द बना रहेगा, और हर व्यक्ति को इस पर्व के महत्व को समझते हुए अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए।

## डीवीसी क्लब में सेमिनार आयोजित पुस्तक का भी हुआ विमोचन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

डीवीसी क्लब में अनिस चेस अकादमी का पहला सेमिनार और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई, जिसके बाद अतिथियों को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक, भूमि सरंक्षण, डीवीसी, विशेष अतिथि विजय सिंह, पूर्व डीएसपी और अध्यक्ष, एचडीसीए, अमित कुमार सील, वरीय महाप्रबंधक, टी एस सी, डीवीसी और अतिथि अफजल अनिस, प्रदेश महासचिव, यूनाइटेड मिल्ली फोरम और पूर्व अध्यक्ष, बीडीसीए मौजूद रहे। आशीष और आकाश नायक ने नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान कुर्पनिया के बबलू कुमार और लक्ष्मण ने अपनी उत्कृष्ट गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और समां बांध दिया। इसके बाद फिडे रेटिंग प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें शामिल थेः वेदांत राजेश (धनबाद) - 1602 रेटिंग, वन्या (गुरुग्राम) - 1400+ रेटिंग, बिदुषी (जमशेदपुर) - 1521 रेटिंग, कमल शेख (बोकारो) - 1420 रेटिंग, विग्नेश साहू (बोकारो) - 1590 रेटिंग, बेस्ट अनरेटेड परफॉर्मर का पुरस्कार मो. गुलजार अंसारी को प्रदान किया गया।

सबसे छोटी छात्रा का पुरस्कार नीती (हजारीबाग) को मिला, जबकि अराध्या (हजारीबाग) को मिनिमम लॉस प्लेयर का सम्मान मिला। राज्य स्तरीय उभरते सितारे के रूप में नव्या, स्वस्तिका, सनाया, और ऋषित रित्विक को सम्मानित किया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### मां दुर्गा के गीतों से भक्तिमय हो गया है पूरा बरकट्ठा प्रखंड



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

पूरे बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति का माहौल व्याप्त है। पूजा पंडाल एवं देवी मंडपों में बज रहे भक्ति गीतो से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। मंगलवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई और प्रसाद का भोग लगाया गया। शाम को माता की आरती उतारी गई।वहीं विभिन्न पूजा पंडालों में प्रतिदिन महाआरती के लिए सैकड़ो श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। बरकट्ठा दुर्गा मंदिर परिसर तथा आस पास के मार्ग को आकर्षक रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया है। जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीड़ी, बंड़ासिंघा, बेलकप्पी, गोरहर, गैपहाड़ी, गैड़ा, घंघरी, बुचई, बरकनगांगो आदि स्थानों में पूजा पंडाल बनकर तैयार हो चुका है।वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा को मूर्तिकार अंतिम रूप देने में दिन रात जुटे हैं।

### माता वैष्णो देवी मंदिर में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़।**

झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गई। जिसमें नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के भजन गायक चंदन, प्रीति, राजू एवं शालू ने संयुक्त रूप से गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। इसके बाद मंडली के गायक चंदन ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, कोहिनूर का जलवा है जन्नत का नजारा है, डमरू वाले बाबा जरा डमरु बजा दे, नंगे नंगे पांव चे उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए।

### मां का खुला पट, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, भक्ति भाव से हुई पूजा



**नवीन मेल संवाददाता, बरही।** बुधवार को माता का पट खोलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी. मंगलवार को बेलभरनी पूजा के साथ ही माता रानी को न्योता दिया गया. जिसे बुधवार की सुबह नव पत्रिका प्रवेश के साथ मां के सप्तमी स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई. इसके साथ ही सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति पुराना मंदिर, नया मंदिर और पटना रोड स्थित माता का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया. पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. लोगों ने श्रद्धा पूर्वक माता का दर्शन और पूजन किया. हालांकि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड में माता का पट कल गुरुवार को खुलेगा. उक्त जानकारी पूजा समिति के अध्यक्ष उदय केसरी ने दी. उन्होंने बताया कि पूजा समिति के आचार्य के अनुसार बुधवार को षष्ठी की पूजा की जा रही है, सप्तमी की पूजा गुरुवार को होगी. ऐसे में माता का दर्शन गुरुवार को ही किया जायेगा।

## बच्चों ने मां दुर्गा का रूप धारण कर डांडिया प्रतियोगिता में लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों ने दुर्गा मां की झांकी को प्रदर्शित करते हुए डांडिया का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ईशा कुमारी ,साक्षी कुमारी ,सौम्या कुमारी ,राखी राज ,मिस्टी कुमारी , वैदेही गुप्ता ने भाग लिया। मौके पर स्कूल निदेशक महेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल सोनू कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, दुलारचंद कुमार, कौशल पांडेय, मनीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, एकता कुमारी, नूरी अनवर, निधि कुमारी, मनीषा कुमारी, दीपा कुमारी, योगेश कुमार,अर्जुन सिंह, मनोज यादव , बबलू यादव समेत आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

नवरात्र पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन

# नवरात्र में डांडिया और गरबा का विशेष महत्व होता है : डॉ मुनीष



*ऐसे आयोजन से धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है और भाईचारे का संदेश भी फैलता है*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को नवरात्रि गरबा का आयोजन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं व कर्मियों के अलावा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जमकर डांडिया नृत्य किया। इस कार्यक्रम में 50 से भी अधिक वैसे प्रशिक्षणार्थियों को भी शामिल किया गया था, जो आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित निःशुल्क डांडिया कार्यशाला के हिस्सा थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दुर्गोत्सव के मौके पर डांडिया और गरबा का आयोजन किया जाता है। दरअसल यह त्योहार हमें यह सीख देता है कि अधर्म चाहे कितना भी बलशाली क्यों न हो, एक दिन वह धर्म के आगे घुटने जरूर टेकता है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में डांडिया और गरबा का विशेष महत्व होता है। साथ ही कहा कि ऐसे आयोजन से धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है और भाईचारे का संदेश भी फैलता है। बता दें कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जय अम्बे जगदम्बे मां गीत पर आकर्षक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया।

एनसीसी कैडेट अमर कुमार सिंह का भारतीय सेना में हुआ चयन

# अमर की यह उपलब्धि सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है : कुलाधिपति



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के लिए गर्व का क्षण आया है, जब यहां के एनसीसी कैडेट अमर कुमार सिंह का चयन भारतीय सेना में हुआ है। अमर, जो लक्ष्मण सिंह के पुत्र और बैंक कॉलोनी, पतरातू बस्ती, रामगढ़ के निवासी हैं, वर्तमान में विश्वविद्यालय में भूगोल विषय से बी.ए. (सत्र 2023-2027) की पढ़ाई कर रहे हैं। अमर के सेना में शामिल होने की यात्रा एनसीसी में उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ शुरू हुई। उन्होंने 24 मई 2023 को एनसीसी का 'बी' प्रमाणपत्र और 20 अगस्त 2024 को प्रतिष्ठित सी प्रमाणपत्र प्राप्त किया। अमर ने 4 अगस्त 2024 को रांची के खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेना की दौड़ परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा किया और अब वे बिहार रेजिमेंट सेंटर, दानापुर में अपनी सेना की ट्रेनिंग करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा, अमर की यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह विश्वविद्यालय के सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है और हम उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है। एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा, जिन्होंने अमर का मार्गदर्शन किया, ने कहा, अमर का समर्पण और मेहनत वाकई सराहनीय रही है। उनका एनसीसी प्रमाणपत्र प्राप्त करने से लेकर सेना में चयनित होने तक का सफर उनके अदम्य उत्साह और देश सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम सभी को उन पर गर्व है। इस खुशी के अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने अमर कुमार को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

चारदीवारी निर्माण में अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने की जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुईयो उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हो रहे चहारदीवारी कार्य में अनियमितता का मामला सामने आया है। इस संबध में ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गुणवता की जांच की मांग की हैं। विदित हो की डीएमएफटी मद से चाहदीवारी और विद्यालय उन्नयन कार्य का 1 करोड़ 16 लाख की लागत से एमएस राहुल ऋषि कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा घटिया सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया में फोटो भेजकर जांच की मांग करते हुए कार्रवाई की मांग की हैं। विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास के दौरान संवेदक और जेई को गुणवाता पूर्ण निर्माण करने को कहा था। परंतु संवेदक गुणवता पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञात हो की बीते कुछ दिन पूर्व शौचालय टंकी निर्माण के लिए गढ्ढा खोदा गया था। जिसमें एक आंगनबाड़ी की बच्ची गिर गई थी। जांच की मांग करने वालों में उप मुखिया विजय प्रसाद, मनोज प्रसाद समेत आदि ग्रामीण शामिल हैं।

कैबिनेट की बैठक में बड़कागांव डिग्री कॉलेज पर लगी मुहर

# हरली में 33 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज बनेगा : अंबा प्रसाद

*विधायक अंबा के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विकास में जुड़ा एक नया आयाम*



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव**

विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के विकास के अध्याय में एक ऐतिहासिक आयाम जुड़ गया। बड़कागांव के हरली में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य की स्विकृति कैबिनेट से प्राप्त हो गई है। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल के बगल में लगभग 33 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार किए गए मेहनत के बाद यह कार्य सफल हो पाया है। हरली में बनने वाले डिग्री कॉलेज में एकेडमिक एडमिन ब्लॉक स्टाफ क्वार्टर, लाइट की उत्तम व्यवस्था फुटबॉल ग्राउंड क्रिकेट ग्राउंड वॉलीबॉल कोर्ट बास्केटबॉल कोर्ट समेत सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगी। बड़कागांव में बनने वाला डिग्री कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंतर्गत हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पहले सरकारी महाविद्यालय होगा उक्त कार्य झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा। बड़कागांव के सभी लोगों को तहेदिल से बधाई. आज मुझे आप सबको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि बड़कागांव में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई है।

### चौकीदार पद पर नियुक्ति के लिए जांच और दौड़ परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा।** कोडरमा जिलान्तर्गत चौकीदार पद पर नियुक्ति के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की द्वितीय औपबंधिक सूची का प्रकाशन पांच अक्तूबर को किया गया था। अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच और दौड़ परीक्षा का आयोजन बुधवार को केटीपीएस रोड बांझेडीह, चंदवारा थाना के समीप किया। साथ ही शारीरिक दक्षता जांच और दौड़ परीक्षा निष्पक्ष रूप से कराने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए स्टैटिक और ड्रोन कैमरे से नजर रखी गयी। परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल समेत सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। हेल्थ चेकअप के लिए मेडिकल टीम तैनात रही। मौके पर एसडीओ रिया सिंह,एसी पूनम कुजुर, डीएसओ अविनाश पुरेंदु आदि मौजूद थे।

# आदिवासी भाइयों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं : शिवनंदन



*अगर 1932 का खतियान लागू होता है तो क्या आदिवासियों को फायदा नहीं होगा, अगर नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति लागू होती है तो आदिवासी को फायदा नहीं होगा क्या*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला वरीय उपाध्यक्ष शिवनंदन मुंडा ने बुधवार को कहा कि टाइगर जयराम महतो की लोकप्रियता को देखते हुए आदिवासी गमछे को लेकर विपक्षी पार्टियों द्वारा जो ट्रोल/गलत संदेश फैलाया जा रहा है वह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने सभी संप्रदाय के लोगों का सम्मान किया हैं। सार्वजनिक मंच पर आकर टाइगर जयराम महतो ने कहा कि अगर आदिवासी समुदाय को ठेस पहुंचा है, तो मैं सार्वजनिक तौर पर माफी मांगता हूं। क्योंकि मेरी कोई वैसी गलत मनसा या उद्देश्य नहीं है। मैं सभी संप्रदाय के लोगों को हक अधिकार दिलाने के लिए हमेशा तत्पर हूं। शिवनंदन मुंडा ने कहा कि आज टाइगर जयराम महतो पूरे झारखंड में माय माटी, हक अधिकार की बात करते हैं। आदिवासी भाइयों को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं या किसी को ठेस पहुंचाना नहीं हैं। हमें सभी को लेकर चलना है। अगर 1932 लागू होता है तो क्या आदिवासी भाईयों को फायदा नहीं होगा, अगर नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति लागू होता है तो आदिवासी भाइयों को फायदा नहीं होगा क्या। गमछा हम लोग नहाने ,पहनने तथा समय पर जमीन में बिछाकर सोने का भी काम करते हैं। हम लोग का मुख्य सरना झंडा होता है। साथ ही कहा कि विपक्षी लोग हमेशा आदिवासी भाइयों को हमेशा दिगभ्रमित करने का ही प्रयास किया है। सभी आदिवासी भाईयों को उलझना नहीं है, जो आज जयराम महतो के प्रति गलत भ्रामक फैला जा रहा है। वो लोग असम और मणिपुर में आदिवासियों को अपमानित किया गया। छत्तीसगढ़ में आदिवासी भाईयों को अपमानित किया गया। उस समय विपक्षी दल एक शब्द नही बोले सिर्फ टाइगर जयराम महतो को ही क्यों टारगेट किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़।**

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत जोबर, टोला पार टाड के निवासी हेमलाल महतो जीवकोपार्जन की तलाश में स्वदेश छोड़कर विदेश कैमरून 5 सितंबर 2024 को चले गए हैं, वहां उन्होंने ट्रांस लाइन प्राइवेट लिमिटेड में काम करना शुरू किया। विगत 26 सितंबर को वह कैमरून के ट्रांस्लाइन प्राइवेट लिमिटेड के स्थल से काम कर रात्रि विश्राम के लिए कंपनी की ही वाहन से वापस आ रहे थे । विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर वाहन के द्वारा कंपनी की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी गई, जिससे कंपनी के वाहन के ड्राइवर की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। कंपनी के वाहन में सवार विष्णुगढ़ (जोबर) के हेमलाल महतो पिता सीताराम महतो उम्र 31 वर्ष के करीब है, गले में वाहन की धारदार चीज से चोट लगने की वजह से उनका गला कट गया। कैमरून के स्थानीय व्यक्तियों की मदद से हेमलाल महतो को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के उपरांत हेमलाल महतो के शव को विष्णुगढ़ थाने तक दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को पहुंचाया गया। जहां परिजनों ने शव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मृतक की पत्नी एवं परिजन गुलाब महतो ने बताया कि कैमरून से शव विष्णुगढ़ कैसे आया इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं गरीब परिवार से हूं मेरे पति के लिए लिए जो मुआवजे की राशि दी जा रही है।

# दुर्गा पूजा को लेकर डीसी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने शहर के पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। सिमडेगा नगर क्षेत्र अंतर्गत प्रिंस चौक, कुंज नगर, राम-जानकी मंदिर, निचे बाजार, गुलजार गली एवं केला घाघ रोड़ में स्थापित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के लोगों को पंडाल प्रबंधन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे का अघिष्ठापन, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग प्रवेश और निकास की व्यवस्था के साथ-साथ पूजा पंडालों के सेफ्टी मेजर के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने आग से बचाव हेतु पूजा पंडालों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तथा अष्टमी, नवमी और विजयादशमी मेला के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी ली। श्रद्धालुओं के लिए पूजा पंडाल में प्रवेश व निकास द्वार, विद्युत व्यवस्था, मेला स्थल पर कमेटी के वॉलिंटियर की तैनाती के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने पूजा कमेटी के सदस्यों को कई निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस बल मेला देखने आने वाले श्रद्धालुओं का हर संभव सहयोग करेंगे ताकि वे खुशनुमा माहौल में मेला का आनंद ले सकें। असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल साइट पर आपत्तिजनक टिप्पणी, फोटो शेयर या पोस्ट करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। पूजा कमेटियों को निर्देश दिया कि वे पूजा अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग लाइन बनाएंगे। किसी भी शिकायत पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।मौके पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, सदर अंचलाधिकारी मो इम्तियाज अहमद, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी समीर सहित थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## विधायक ने सीएम ग्राम सड़क योजना की सड़कों का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक ने बुधवार को बोलबा प्रखंड में बलियाजोर से छूरिचोखा ओड़िसा बॉर्डर तक,जलडेगा के झपला से कोलोमडेगा तक व कोलेबिरा प्रखंड में नोनिया छापर से डोमटोली होते हुए सरधा टोली झपला तक कुल 3 सड़क का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदृढ़ीकरण व मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सुदूरवर्ती और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की स्थिति में सुधार का उद्देश्य रखने वाली हमारी महागठबंधन की झारखंड सरकार सड़कों की दशा बदलने को प्रतिबद्ध है। सड़क की स्थिति बदलने के बाद विकास कार्यों के माध्यम से गांवों की भी दशा और दिशा को पूरी तरह बदलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इसके अलावा उन्होंने कार्य कराने वाले संवेदक को भी निर्माण कार्य मे गुणवत्ता से समझौता नही करने, बेहतर सामग्री का प्रयोग करने आदि का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान मौके रावेल लकड़ा, जमीर खान सुनील जोजो, जमीर हसन,अनिल मिंज प्रेम दास, राकेश टोपनो आदि उपस्थित थे।

## 11.5 किमी सड़क निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के बड़काडांड़ से पाइकपारा लगभग 11.5 किमी सड़क निर्माण कार्य योजना का बुधवार को शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत शिलापट्ट का अनावरण किया गया। मौके पर उपस्थित निर्माण कंपनी के कर्मियों को सड़क के निर्माण कार्य के गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नही करने तथा बेहतर सामग्री का इस्तेमाल कर समय से योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विधायक के साथ-साथ संसद भी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार वे योजना लाकर अपने क्षेत्र का प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करने के लिए हमेशा ततपर है। साथ ही कहा कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद जिस तरह से राज्य का विकास होना था वह अवसरवादी भाजपा व झापा के कारण नही हो सका। वर्तमान महागठबंधन की हमारी सरकार क्षेत्र के विकास के साथ-साथ यहां के लोगों के विकास के लिए भी प्रयास करने का कार्य कर रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अशफाक आलम प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू,अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति करेगी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सिमडेगा।** शारदीय नवरात्र के मौके पर दुर्गा पूजा समिति तामड़ा के तत्वाधान में 10 अक्टूबर दिन गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सोनू एक्का अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास साहू ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में झारखंड के मशहूर गायक जगदीश बड़ाइक,सत्या महतो केशो देवी,पंचम राम,बरखा बड़ाइक,आशीष भारती, के द्वारा अपने गीत संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करेंगे वहीं यंग स्टार म्यूजिकल ग्रुप रांची की टीम के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इधर कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा चुकी है रात्रि 8:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित तमाम सदस्यों की मुख्य भूमिका है।

# हरियाणा की तरह झारखंड में भी खिलेगा कमल : रंजन पटेल



हरियाणा में जीत पर भाजपा सिमडेगा ने मनाया जश्न

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार जीत पर भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा द्वारा विजय जुलूस निकल गया जिसमें कार्यकर्ता बम पटाखे फोड़ कर लड्डू और जलेबियां बात कर खुशी मनाई गई।मौके पर प्रदेश के पूर्व संगठन मंत्री वर्तमान में सिमडेगा विधानसभा के प्रवासी रंजन पटेल ने कहा की जिस तरह हरियाणा में लोगों का प्यार भाजपा पर दिखा है और आम जनता ने भाजपा की सरकार बनाई है इस तरह झारखंड में भी भाजपा के प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी और पूर्व की तरह झारखंड में का विकास होगा, जिस तरह से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बन रही है देश में भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी पर भरोसा और भाजपा के प्रति जनता का प्यार दर्शाता है।मौके पर पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा की गुड गवर्नेंस का साथ दिया है आज भी जनता को मोदी और भाजपा पर भरोसा है झारखंड में भी भाजपा की सरकार आने वाले दिनों में बनेगी और सिमडेगा विधानसभा में भाजपा का विधायक होगा। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश रविकांत ने कहा की हरियाणा की जनता और भाजपा कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। हरियाणा विधानसभा की जीत झारखंड विधानसभा चुनाव में बूस्टर डोज का काम करेगी और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। सुजान मुंडा, रामविलास बड़ाईक ,विद्या बड़ाईक ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया मौके संटू गुप्ता, अमरनाथ बामलिया द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। मौके पर अनूप प्रसाद ,मुकेश श्रीवास्तव ,रवि गुप्ता दिलीप साहू ,संजय शर्मा ,अनिरुद्ध सिंह ,संजय ठाकुर दीपनारायण दास ,रवि वर्मा, बिनोद बड़ाईक ,कृष्णा ठाकुर ,कृष्णा कोटवार ,किशोरी केशरी ,लिबनुस टेटे, पिकी प्रसाद ,शिखा अग्रवाल, गौतम कुमार, सुरेश प्रसाद पंकज कुमार ,सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सम्मेलन से शिक्षा के क्षेत्र में आएगी नई क्रांति

# समाज के हर बच्चे में बढ़ेगी शिक्षा के प्रति रुचि : जोसिमा खाखा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** नॉर्थ वेस्टर्न एवंजेलिकल लुथेरन चर्च छोटानागपुरिया एवं असम सिनोड महिला संघ का तीन दिवसीय प्रथम वार्षिक शिक्षा सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में खूंटिटोली, घोचोटोली, कोचेडेगा, कोनजोग, करमडीह, किनकेल पेरिस की भारी संख्या में महिलाएं पहुंची थी। वही काफी संख्या में पुरुष भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो, ओडिशा बिशप अगस्तुस एक्का, अंबिकापुर बिशप ग्लैडशन मिंज, जिप सदस्य सह कैथोलिक महिला संघ बीरू भिखरियेट की सभा नेत्री जोसिमा खाखा भी शामिल हुई थी। तीनों बिशप सहित जोसिमा खाखा के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उनका जोरदार तरीके से भव्य रूप में स्वागत किया गया। उनके स्वागत में महिलाओं ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके बाद भजन होड़, सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता, झांकी, सामूहिक भजन जैसे एक से बढ़कर एक कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। इसके बाद समाज को शिक्षित करने, समाज के विकास में भागीदारी निभाने के लिए सभी ने संकल्प लिया। सम्मेलन में आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो, ओडिशा बिशप अगस्तुस एक्का, अंबिकापुर बिशप ग्लैडशन मिंज ने संदेश दिया। साथ ही समाज के उत्थान में शिक्षा पर जोर दिया। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि मेल मिलाप पर सेवाकाई विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दान देने में कंजूसी न दिखाएं। सभी के साथ मेल मिलाप एवं मधुर सम्बंध बनाए रखें। महिलाएं अपने व्यवहार अच्छा रखें। समाज मे अपनी अलग पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि आज के इस बदलते परिवेश में शिक्षा की मांग हर समाज मे सबसे पहले है। आज समाज के हर बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। शिक्षा के अभाव में ही हमारा आदिवासी समाज पिछड़ेपन से जूझ रहा है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह का किया गया उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित सभागार में बुधवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर सिमडेगा सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ख्रीस्त आनंद खाखा के द्वारा किया गया। इस मौके पर बताया गया कि इस साल का विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह का थीम कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना। इससे यही संदेश देने की बात कही जा रही है कि कार्यस्थल पर लोग तनाव मुक्त वातावरण में कार्य करें एवं अपने कार्य को अच्छे ढंग से तनाव मुक्त होकर करें ताकि समाज को एक बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके।सिविल सर्जन ने कहा कि योग करें और निरोग रहे तनाव का यह रामबाण इलाज है ,साथ ही नोडल पदाधिकारी ने कहा कि हमारे जीवन शैली बिजी शेड्यूल वर्कलोड की वजह से व्यक्ति परेशान होकर तनाव में आ जाता है।

## विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी में शस्त्र पूजन का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में, पूरे देश के हरेक प्रखंडो में नवरात्र के पावन अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम मनाया गया। प्रखंड के सभी पंचायतों से मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के बहनों का जमावडा हुआ और वहीं पर शस्त्र पूजन किया मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव और मातृशक्ति सह दुर्गावाहिनी के बहनों एवं समस्त कार्यकर्त्ता के द्वारा सामूहिक महिषासुरमर्दनी माँ दुर्गा, मुगलों के दाँत खट्टे करने वाली वीर वीरांगना रानी दुर्गावती और सांस्कृतिक एकता से पूरे भारत को जोड़ने वाली महारानी देवी अहिल्याबाई होल्कर के तस्वीरों का पूजन, आरती कर एवं विहिप अपनी परिपाटी ब्रह्मनाद, एकात्मता मन्त्र और विजय महामंत्र के साथ कार्यक्रम का शुरुआत किया गया. तत्पश्चात शस्त्र पूजन किया गया।शस्त्र पूजन के पश्चात उपस्थित बहनों को सम्बोधित करते हुए विहिप प्रखंड मातृशक्ति प्रमुख सुचिता देवी ने कहा की सनातन धर्म की संरक्षण हमेशा से नारी शक्ति के हाथों में रही है और उनके हाथों से ही उसका पोषण हुआ है।सभा के बाद देवी गुड़ी से लेकर दुर्गा मंडप तक पथ संचलन का आयोजन किया गया, जिसमें गाजे बाजे और गगनभेदी जयकारे के साथ सभी ने हिस्सा लिया।

## विधायक भूषण बाड़ा ने बाबा पहाड़ी मंदिर निर्माण का किया शिलान्यास



नवीन मेल सांवददाता

**सिमडेगा।** कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने छठ पूजा से पूर्व छठ व्रतियों को तोहफा दिया है। विधायक के प्रयास गरजा मोड़ स्थित मुख्य पथ से शंख नदी छठ घाट तक कालीकरण पथ का निर्माण कार्य शुरु हो चुकी है। जिसका विधायक ने बुधवार को शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि छठ पूजा काफी नजदीक है। शंख छठ घाट का पहुंच पथ जर्जर होने के कारण छठ व्रतियों को अवागमण करने में काफी परेशानी होती थी। उसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्रभ्ग्राम सड़क योजना के तहत 2.8 किमी कालीकरण पथ का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक ने संवेदक को छठ पूजा से पूर्व तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इधर विधायक भूषण बाड़ा ने बुधवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कोचेडेगा से बांस पहाड़ भाया कायोटोली तक बनने वाले कुल 3.5 किमी कालीकरण पथ, एनएच के बीरु से भैरव बाबा पहाड़ी मंदिर तक बनने वाले कुल 2.5 किमी कालीकरण पथ का भी शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मकर सक्रांति के मौके पर भैरव बाबा पहाड़ी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन होता है। जहां काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। लेकिन सड़क की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण भक्तों को मंदिर पहुंचने में काफी परेशानी होती थी। इसको ध्यान में रखते हुए मंदिर तक कालीकरण पथ का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक कोचडेगा में सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना का कार्यक्रम में भी शामिल होकर ग्रामीणों को वस्त्र का वितरण किया।

## खरवागढ़हा-बारीबिरिंगा पथ निर्माण की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के दो प्रखंडों कोलेबिरा और जलडेगा को जोड़ने वाली लचरागढ पथ कुल लंबाई-15.990 किमी को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पुनर्निर्माण कार्य"(कनोरवा रेलवे स्टेशन के पहुंच पथ,पुलों के निर्माण एवं भू-अर्जन सहित)"हेतु रूपए 63,61,06,000 प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है।ज्ञात हो की यह सड़क दो प्रखंडों को जोड़ती है,और इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर है,बरसात के दिनों में इस सड़क पर चलना दुभर हो जाता है,लचरागढ़ स्थित ईंद टांड़ मैदान के ईर्द-गिर्द कई सारे विधालय-कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान हैं जिनमें हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं इसी सड़क लचरागढ़ मिशन चर्च रोड से होते हुए अध्ययन के लिए जाते हैं।साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को भी रास्ते में चलने में परेशानी होती थी वहीं बारिश के दिनों में आवागमन करने में बहुत ही ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

# दुर्गा पहाड़ी मंदिर सिमडेगा में 59 वर्षों से की जा रही है मां की पूजा

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखण्ड के समडेगा बानो की दुर्गा पूजा का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण है।बानो के पहाड़ी मंदिर समडेगा में दुर्गा पूजा लगभग छः दशक पूर्व से से चलता आ रहा है।बानो के दुर्गा पहाड़ी के संबंध में समडेगा के मगन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार कि यहाँ सप्तमी को दर्शनार्थियों के लिये पट खोल दिया जाता है मुख्य पंडाल। यहाँ पर संधि पूजा (अष्टमी -नवमी )में कई भक्तों द्वारा बकरे तथा कोंहड़ा की बलि देकर किया जाता है। कई श्रद्धालु मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु भी बकरे की बलि चढ़ाते हैं।कहा जाता है कि आज से 59 वर्ष बानो समड़ेगा के कर्मा सिंह और गुरुचरण सिंह दोनों भाई मां दुर्गा के भक्त थे। रातु के तत्कालीन राजा से इन लोगो की जमीन को लेकर अक्सर लड़ाई होती थी।मान्यता है कि माता दुर्गा के प्रभाव के कारण राजा के सिपाही इन दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करने में असमर्थ हो जाते थे। गुरू सिंह के वंशज मगन सिंह ने बताया कि अगर कहीं खेतो में धान कटा होता तो राजा के सिपाहियों को नजर नही आता। कोई खेत में घुसता तो रात भर खड़ा ही रह जाता।कुछ दिनों बाद परिवार में अशान्ति होने लगी ।इसी क्रम में एक दिन(1965) दोनों भाईयों ने मां दुर्गा को ककोंगसोर, जोलड़ा (उड़ीसा )से आव्हान करके बानो लाए थे। लेकिन किसी कारण वश अनिष्ट होता रहा। बाल बच्चे समय से पूर्व ही मरने लगे। इसी समय राउरकेला रांची रेलखंड का कार्य प्रारम्भ हुवा। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता बानो को बताया कि। रेलवे कर्मचारी माता भक्त कृष्णा चारी का बानो आगमन हुआ। वे भी माँ शक्ति के परम उपासक थे। कर्मा सिंह व गुरु सिंह के दुखों को देखते हुये मां दुर्गा को वर्तमान बानो रेलवे स्टेशन के समीप पहाड़ी पर स्थापित कर दिया। और तब से इस पहाड़ी का नाम दुर्गा पहाड़ी पड़ा। शुरू में पहाड़ी स्थित एक गुफा में ही पूजा होती थी बाद में एक खपरैल मन्दिर का निर्माण कराया गया था, फिलाहाल दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य मन्दिर का निर्माण कराया गया। यहां पर बानो प्रखण्ड के साथ साथ रनिया, कामडारा , हुरदा,व उड़ीसा के साथ अन्य क्षेत्रों के हजारों की संख्या में श्रद्धालू आकर मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए माता का पूजा करते हैं। है।यहाँ मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रतिएक वर्ष आयोजन किया जाता रहा है,साथ ही आपको बताते चले की यहां पर रावण दहन कार्यक्रम भी किया जाता है।मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य कौशलेश दुबे ने बताया कि पिछले 18 वर्षो से मन्दिर में पूजन करते आ रहे है। लोग बड़ी भक्ति के साथ यहां पूजन के लिये आते है।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के विकास साहु,तिलकू चौरसिया, ,बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, टीपी मनोहरन,संतोष गुप्ता,गंधर्व सिंह, मगन सिंह, अमित सोनी,, प्रेमानंद उपाध्याय,के साथ साथ राकेश पांडा ,अहम भूमिका निभाई जा रही है।

# न्यूज बॉक्स

## प्रार्थना के जरिए परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं : एनोस एक्का



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जीईएल चर्च रायबहार में 20 वां वार्षिक युवा सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पादरी यू लोमगा, पादरी जे टेटे, पादरी विजय लकड़ा, पूर्व मंत्री एनोस एक्का और संदेश एक्का उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मविधि के साथ की गई। मौके पर एनोस एक्का ने अपने संबोधन में बाईबल के अनुसार युवाओं को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रार्थना के जरिए ही हम परमेश्वर पर भरोसा कर सकते है। उन्होंने कहा कि सभोपदेशक में कहा गया है कि युवा अपने जीवन का आनंद ले और जबतक जवान है खुश रहे और अपने दिल की इच्छा का पानल करें। उन्होंने कहा कि आप जो भी करेगें उसके लिए परमेश्वर आपको को न्याय देगा। मौके पर पादरी ने भी सुसमाचार देते हुए युवाओं को संगठित होते हुए धर्म की राह पर चलने की बात कही। मौके पर इग्नासियुस लकड़ा, नवल हेरेंज, सुरसेन तिर्की, अंकित सुरीन, रसल खलखो, प्रचारक एनेम लुगून, ज्योतिष डुंगडुंग, प्रभुसहाय डुंगडुंग, बिलकन सुरीन, गोसनर बारला, अजीत तिर्की, निलेश टेटे, युसुफ लुगून और सुलेमान कंडुलना सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के जयकारे के साथ कलश यात्रा संपन्न



**केरसई।** केरसई प्रखण्ड के टेंसेर पंचायत अंतर्गत भण्डारटोली में दुर्गा मंडप का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सैकड़ो की संख्या में महिलाओं द्वारा बेलधोवा नदी से जल उठाकर कलश यात्रा भी की गयी साथ ही आचार्य परमेश्वर पंडा द्वारा पूजन हवन कर साथ ही समाजसेवी हरि प्रसाद द्वारा नारियल फोड़ कर दुर्गा मंडप का प्राण प्रतिष्ठा किया गया जिसमें यजमान के रूप में पूजा में बैठे थे।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई राजस्व ग्राम के पहान भी मौजूद थे।मौके पर रवि गुप्ता सुरेश प्रसाद, राजेश प्रसाद ,गौतम कुमार, सोनू ,बुलेश्वर प्रसाद ,विकास कुमार ,जीतेन्द्र पाहन, सहरू पाहन, रोशन पाहन ,अलोक सिंह ,अजय सिंह ,मोहित सिंह अर्जुन सिंह ,अभिषेक पाहन ,नारायण सिंह ,अनुज प्रसाद ऋतिक पाहन रजनी देवी ,शांति देवी ,दिलामती देवी, रूपांति देवी ,रूपा देवी, शशि कल्पना देवी ,कौशल्या बाई ,वृंदा देवी, सोभा देवी ,पलवी कुमारी, मिक्की देवी मौजूद थे।

## कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा ने कई गांव का भ्रमण कर गिनाई विधायक भूषण बाड़ा के कार्यकाल की उपलब्धि



**सिमडेगा।** जिप सदस्य सह कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा ने सदर प्रखंड के डिपाटोली, जोकबहार आदि गांव का भ्रमण किया। मौके पर जोसिमा ने ग्रमीणों की समस्या भी सुनी। साथ ही सभी समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। जोसिमा ने कहा कि ग्रामीण एकजुट रहें। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जागरुक रहें। भाजपा और झापा के बहकावे में न आएं। आगामी विस चुनाव में कांग्रेस का साथ दें। ताकि क्षेत्र का तेज गति के साथ विकास कराया जा सके। जोसिमा ने विधायक भूषण बाड़ा के कार्यो की उपलब्धि गिनाया। उन्होंने कहा कि विधायक के कार्यकाल में विकास की लंबी लकीरें खींची गई। गांव गांव सड़क बनवाई जा रही है। कई नदियों में पुल का निर्माण किया गया। हर गांव तक बिजली पहुंचाई गई। ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान का तेजी के साथ विकास किया गया। ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था मजबूत की गई। अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली होने के साथ साथ विद्यालय भवन भी बनाये जा रहे हैं। हर क्षेत्र में विकास की नई क्रांति आई है। आज विधायक के कार्यशैली से हर वर्ग काफी खुश हैं। तेजी से लोग विधायक और

## विधि विधान के साथ बेलबरण पूजा हुआ संपन्न, आज खुलेंगे पंडालों के पट



**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में शारदीय नवरात्र को लेकर माता रानी के दरबार को सजा दिया गया है। भव्य पंडालों में माता की प्रतिमा को विराजमान कराया गया है।महासप्तमी के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर के आठो पूजा पंडालों का पट आम भक्तों के दर्शन पूजन के लिए खोला जाएगा। इसके पूर्व आचार्यों के द्वारा विधि-पूर्वक पूजन अर्चन कराया माएगा। शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चन की गई। जिसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वही संध्या काल में विल्व वृक्ष के नीचे बलवरण पूजा अनुष्ठान किया गया। आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बेल वृक्ष की पूजा अर्चन कराई जिसके बाद माता रानी को पंडाल में आने का निमंत्रण दिया गया। इधर दशहरा को निकर उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। आरती-पूजा से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। लोग बात-उपवास कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं पुण्य कमाने में लीन है।

## शक्ति संघ लचरागढ़ में 47वर्षों से लगातार हो रही मां दुर्गा की पूजा

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित प्रिंस चौक में दुर्गा पूजा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। समिति पिछले 47 वर्षों से लगातार मां दुर्गा की पूजा आराधना करते आ रहा है।गांव के स्वर्गीय लक्ष्मण साहू,रवि बीसी,मुरलीधर पंडित, जगन्नाथ पंडा,भरतु दुबे, मनोहर साव,सुरेंद्र बीसी के द्वारा 1978 में प्रिंस चौक पर दुर्गा पूजा का आयोजन पहली बार कराया गया था। कोषाध्यक्ष विनीत पंडा,संरक्षक प्रवीण साहू, विप्र सुदामा,सुरेश द्विवेदी,दीपू पंडा और समिति के सदस्यों ने बताया कि पहले दुर्गा पूजा लगभग 1000 से कम की राशि में ही संपन्न हो जाती थी।साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला प्रस्तुत किया जाता था। रामलीला देखने के लिए पंचायत के अलावा विभिन्न गांव के सैकड़ों लोग दुर्गा मंडप पहुंचते थे, तब दुर्गा मंडप का निर्माण नहीं हुआ था।सन् 1980 में शक्ति संघ दुर्गा पूजा समिति गठन किया गया तत्पश्चात समिति के द्वारा भव्य मंडप का निर्माण कराया गया उसके बाद लगातार दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा का आयोजन होता है।वर्तमान में बच्चों का नृत्य प्रतियोगिता, सांकृतिक कार्यक्रम,और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। पंडित जी ने बताया कि महा अष्टमी का का पूजा बहुत ही महत्वपूर्ण और वृहद पूजा है।सर्वप्रथम मां को स्नान कराया जाएगा।स्नान कराने के बाद मां का शोडोशोवचार से पूजा होगा जितने भी भगवान हैं सभी का विधि पूर्वक पूजा होगा।मां का वाहन,महिषासुर, अस्त्र शस्त्र,64 योगिनी मां, उनका अलंकार सभी का श्रद्धा और विधि विधान से पूजा कराया जाएगा।

शिष्यों की एक मंडली से : तुम सबको आपस में उसी प्रकार प्रेम एवं एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए, जिस प्रकार तुमने मेरी सेवा की है। मैं सबका सेवक हूं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द

## संपादकीय

# घाटी में एक नई सुबह

गोली-बारूद और भारत वापस जाओ के नारों से गूंजने वाले धरती के स्वर्ग में नई सुबह हुई है। दस वर्ष बाद जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब वहां जल्द नई सरकार का गठन होगा। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिला है। भाजपा जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पा रही है, लेकिन पिछले दिनों हुई तमाम आतंकी वारदात के बावजूद जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव करा कर सरकार ने एक संदेश तो दिया ही है, यहां के लोगों ने प्रचंड बहुमत का उपयोग कर भारतीय लोकतंत्र पर मुहर भी लगाई है। उल्लेखनीय है कि पहली बार यहां अनुसूचित जातियों के लिए सात और अनुसूचित जनजातियों के लिए नौ सीटें आरक्षित की गईं। हालांकि, भाजपा को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों का उसे फायदा मिलेगा, लेकिन हैरत नहीं होनी चाहिए कि कश्मीर घाटी के लोग उसे स्वीकारने के मूड में नहीं दिखे ।जम्मू हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा है, लेकिन घाटी के लोगों ने हमेशा से भाजपा से इतर दलों को ही प्राथमिकता दी है। महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को नकारने के पीछे के कारण उनके बयान और भाजपा के साथ पूर्व में किया गया गठबंधन है। फिलहाल की स्थितियों में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तक खुद को पहुंचाने के लिए घाटी के लोगों के सामने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस को जिताने का ही विकल्प मौजूद था। यही वजह थी कि उन्होंने छोटे निर्दलीय दलों को नकार ?कर सबसे बड़े दलों को वोट किए।2014 में हुए जम्मू-कश्मीर के चुनाव के नतीजों ?को देखें, तो पीडीपी ने 28, भाजपा ने 25, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि भाजपा को सबसे ज्यादा 22.98 फीसदी वोट मिले थे, जबकि पहले नंबर पर रही पीडीपी को 22.67 फीसदी मत मिले थे। इस बार के परिणामों में भी यही हुआ है। भाजपा की चार सीटें बढ़कर 29 हो गई हैं, जबकि उसका वोट प्रतिशत 25.64 फीसदी रहा है। दूसरी ओर नेशनल कॉन्फ्रेंस 42 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन उसका वोट प्रतिशत 23.43 प्रतिशत ही है। भाजपा को ये सीटें जम्मू क्षेत्र से ही मिली हैं, पिछली बार भी उसे जम्मू क्षेत्र से ही सीटें मिली थीं। पिछले चुनावी नतीजो पर नजर डालें, तो जम्मू-कश्मीर में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। 2009 में वह 11 सीटें ही जीती थी, उसका वोट प्रतिशत भी बढ़ रहा है, लेकिन भाजपा को घाटी में कोई आशातीत सफलता नहीं मिल पा रही ।उल्लेखनीय है कि संसद ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 पारित कर जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बना दिया था। ऐसे में चुनी हुई सरकार से ज्यादा शक्तियां उपराज्यपाल के पासहोंगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का परिणाम यही दशार्ता है कि वहां की जनता अब एक स्थिर सरकार चाहती है, जो उनके विकास के लिए काम करे।

**भाजपा जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पा रही है, लेकिन पिछले दिनों हुई तमाम आतंकी वारदात के बावजूद जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव करा कर सरकार ने एक संदेश तो दिया ही है, यहां के लोगों ने प्रचंड बहुमत का उपयोग कर भारतीय लोकतंत्र पर मुहर भी लगाई है।**

# एक भारत श्रेष्ठ भारत : भारतीय फिल्मों की एकसूत्र में बांधने की शक्ति



अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

प्रख्यात फिल्म निर्माता सत्यजीत रे ने लोगों को एकसूत्र में बांधने की सिनेमा की शक्ति के सार को पकड़ते हुए कहा था, सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा बोलता है। अपनी व्यापक भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ, भारतीय सिनेमा देश के हरेक कोने के लोगों को एक साथ लाता है जिससे उन्हें एक जैसी भावनाओं एवं अनुभवों को साझा करने का मौका मिलता है। चाहे वह तमिल नाटक हो या हिंदी की अति लोकप्रिय फिल्म या फिर विशुद्ध मराठी फिल्म, सिनेमा हमारे बीच की खाई को पाटते और हमें 'सभी मतभेदों के बावजूद, हम एक हैं' की याद दिलाते हुए अपनेपन की गहरी भावना को बढ़ावा देता है। भारतीय सिनेमा की सार्वभौमिकता क्षेत्रीय एवं भाषाई सीमाओं के परे जाने की इसकी क्षमता में निहित है, जो इसे राष्ट्रीय एकता की एक मजबूत शक्ति बनाती है। राज कपूर की 'श्री 420' जैसी शास्त्रीय फिल्म से लेकर मणिरत्नम की 'रोजा' तक भारतीय फिल्में भावनाओं की भाषा बोलती हैं, जिसे हर कोई समझता है। 'श्री 420' की गूंज जहां सभी भाषाओं में सुनाई दी, वहीं 'रोजा' को देशव्यापी प्रशंसा मिली। एम.एस. सथ्यू की 'गरम हवा' और बिमल रॉय की 'दो बीघा जमीन' जैसी फिल्में हमें याद यह दिलाती हैं कि संघर्ष, प्रेम एवं जीत की कहानियां किसी सीमा से बंधी नहीं हैं और यह साबित करती हैं कि सिनेमा सही अर्थों में देश में एक बंधनकारी शक्ति है। यह सिनेमा की सार्वभौमिकता ही है, जिसका उत्सव राष्ट्रपति द्वारा सर्वश्रेष्ठ फिल्मों, सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों और सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किए जाने के साथ हर वर्ष मनाया जाता है। यह आंखों को चकाचौंध कर देने वाला एवं बेतहाशा आकर्षण पैदा करने वाला कार्यक्रम नहीं है, जो आमतौर पर ऐसे अन्य अवसरों पर आयोजित किए जाते हैं। यह प्रतिभा - कहानीकारों, कहानी कहने वालों और कहानी प्रस्तुत करने वालों की प्रतिभा - की एक गरिमापूर्ण स्वीकृति है। यह भारत की भाषाओं और बोलियों की बहु-भव्य एवं बहुरंगी विविधता की भी एक गरिमामयी पुष्टि है, जो एक साथ मिलकर इस महान राष्ट्र की एकता का जादुई ताना-बाना बुनती है और लगभग डेढ़ बिलियन वैसे लोगों को सूत्रबद्ध करती है जो सैकड़ों भाषाएं एवं उनसे संबद्ध बोलियां बोलते हैं।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की विशिष्टता इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार पाने वालों में तिवा भाषा में बनी फिल्म 'सिकैसल' (काश सिर्फ पेड़ ही बोल पाते) शामिल है। यह तिवा लोगों, जो एक तिब्बती-बर्मी जातीय समूह के सदस्य है, की भाषा है। इस समूह के सदस्य भारत के उत्तर-पूर्व और बांग्लादेश एवं म्यांमार में पाए जाते हैं। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए सरकार को फीचर फिल्म की श्रेणी में 32 विभिन्न भाषाओं की 309 फिल्में और गैर-फीचर श्रेणी में 17 भाषाओं की 128 फिल्में प्राप्त हुईं। फीचर फिल्म की श्रेणी में, स्वर्ण कमल पुरस्कार चार भारतीय भाषाओं की फिल्मों ने जीता। इनमें से एक फिल्म हरियाणवी भाषा में थी। इस श्रेणी में हिंदी और तमिल भाषा की पांच-पांच फिल्मों ने रजत कमल पुरस्कार जीता। साथ ही मलयालम, गुजराती, कन्नड़, हरियाणवी और बंगला भाषा की फिल्मों ने भी पुरस्कार जीता। भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की दस फिल्मों को भी रजत कमल पुरस्कार प्रदान किया गया। हिंदी और उर्दू में रिलीज हुई एक फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ गैर- फीचर फिल्म श्रेणी का स्वर्ण कमल पुरस्कार जीता।

भाषाई राजनीति के शून्यवादी (नाइलीस्ट) चाहे जो भी तर्क दें, लेकिन तथ्य यह है कि भाषाई राज्यों के साथ भारतीय गणराज्य के निर्माण के लगभग 75 वर्ष बीत जाने के बाद अतीत की बाधाएं पिछले कुछ दशकों के दौरान काफी हद तक समाप्त हो गई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बॉलीवुड की फिल्मों ने हिंदी को व्यापक रूप से स्वीकार्य बना दिया है। लेकिन यह भारतीय समाज के विविध पहलुओं पर फिल्मों का केवल एक बड़ा प्रभाव है। इसका दूसरा सबसे बड़ा प्रभाव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की विविधता में एकता की एक गहरी एवं स्थायी भावना को बढ़ावा देते हुए लोगों को 'अन्य' भाषाई समूहों एवं पहचानों के बारे में जागरूक करना है।

भारतीय सिनेमा के संदर्भ में, तो यह एक नारे से कहीं बढ़कर है। यह सही है कि इसके अति प्रयोग ने इसकी गरिमा को धूमिल किया है। भारतीय सिनेमा अकल्पनीय रूप से उन रचनाकारों के व्यापक समुदाय की कलाओं को प्रदर्शित करती है जो विविध प्रकार की राजनीति, समाजों एवं संस्कृतियों के बीच सार्वभौमिक मान्यताओं तथा उस निर्विवाद चीज, जिसे हम एक इकाई के तौर पर लोगों के रूप में तथा लोगों को एक राष्ट्र के रूप में बांधने वाली नैतिकता एवं नैतिक मूल्य कहते हैं, पर आधारित जादुई मनोरंजन का सृजन करने के लिए अपनी प्रतिभा को एक साथ लाते हैं। वास्तव में, कोई भी भारतीय कहानी उन सार्वभौमिक तत्वों के बिना कभी नहीं कही गई है जो रीति, मूल्यों और नैतिकता पर जोर न देती हों और जिन्हें केवल फिल्म निर्माताओं और दर्शकों की पारखी दृष्टि ही समझ सकती हैं। अब तक सुनाई गई दो सबसे बड़ी कहानियां - रामायण और महाभारत - इस तथ्य की पुष्टि करती हैं। हमारे सिनेमा का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू वह सहजता है जिसके साथ हमारे फिल्म निमार्ता सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विघटन के मूल में मौजूद विभाजनकारी चिन्हों को मिटा देते हैं। यही भारत की कहानी कहने की कला की अनूठी ताकत भी है। चाहे वह कला फिल्में हों, लोकप्रिय फिल्में हों, व्यावसायिक फिल्में हों या आधुनिक समय की चुनौती देने वाली ओटीटी फिल्में हों, हम एक साथ प्रभावित होते हैं, हम एक साथ तालियां बजाते हैं और हम एक साथ उत्सव मनाते हैं। तेलुगु भाषा की संगीतमय फिल्म 'आरआरआर' का गाना 'नाटू नाटू', जिसने ऑस्कर और गोल्डन ग्लोब जीता है, भाषा, जातीयता और राष्ट्रीयता के बंधनों से परे जाकर न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सुपरहिट साबित हुआ।

भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ऊंचा उठाने के लिए, सरकार तीन मुख्य स्तंभों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है: प्रतिभा की एक मजबूत पाइपलाइन विकसित करना, फिल्म निर्माताओं के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और कहानीकारों को सशक्त बनाने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना। सरकार ने हाल ही में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना की घोषणा की है, जो रचनात्मकता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है और यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय सिनेमा फिल्म निर्माण की नवीनतम तकनीकों, तल्लीन कर देने वाले अनुभवों और संवादात्मक मनोरंजन को अपनाने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकीकरण एवं वैश्विक मनोरंजन के क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति बना रहे।

जब हम भविष्य की ओर देखते हैं, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार के संदर्भ में सिनेमा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तेजी से विकसित हो रही दुनिया में, भारतीय सिनेमा लगातार नवप्रवर्तन करते हुए अपने क्षितिज का विस्तार कर रहा है और ऐसी कहानियां कह रहा है जो न केवल हमारी विविधता को दशार्ती हैं बल्कि एक साझा भविष्य की कल्पना भी करती हैं। हर फ्रेम के साथ, भारतीय फिल्म निमार्ता यह सुनिश्चित करते हुए कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं कि सिनेमा एक सूत्रबद्ध एवं दूरदर्शी भारत में एकता और प्रगति का एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बना रहे।

## आपकी बात

# इसलिए बढ़ रहा स्वर्ण ऋण का चलन




प्रहलाद सबनानी

किसी भी देश के आर्थिक विकास को गति देने में पूंजी की आवश्यकता रहती है। तेज आर्थिक विकास के चलते यदि किसी देश में वित्तीय बचत की दर कम हो तो उसकी पूर्ति ऋण में बढ़ोतरी से की जा सकती है। भारत में ऋण सकल घरेलू अनुपात अन्य विकसित एवं कुछ विकासशील देशों की तुलना में अभी बहुत कम है। परंतु, हाल ही के समय में भारत का सामान्य नागरिक ऋण के महत्व को समझने लगा है एवं भौतिक संपत्ति के निर्माण में अपनी बचत के साथ साथ ऋण का भी अधिक उपयोग करने लगा है। कुछ बैंक सामान्यजन को ऋण प्रदान करने हेतु प्रतिभूति की मांग करते हैं। भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप में प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अतः स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत में वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा 39,687 करोड़ रुपये के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए गए। स्वीकृत की जाने वाली यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 62,835 करोड़ रुपये हो गई एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में और आगे बढ़कर 79,218 करोड़ रुपये हो गई। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में स्वर्ण ऋण के मामले में 26 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है जबकि अन्य प्रकार के ऋणों में इसी अवधि के दौरान औसत वृद्धि दर 12 प्रतिशत की रही है। भारतीय नागरिक स्वर्ण ऋण के प्रति बहुत अधिक आकर्षित हो रहे हैं। आज भारत के विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों एवं विभिन्न बैंकों द्वारा भारी मात्रा में स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं। अगस्त 2024 में बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों ने मिलकर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए 1.4 लाख करोड़ रुपये के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए हैं। आज गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के कुल ऋण में स्वर्ण ऋण का प्रतिशत में हिस्सा सबसे अधिक है, दूसरे स्थान पर स्कूटर एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रदान किए गए ऋणों का ऋण हैं, इसके बाद तीसरे स्थान पर व्यक्तिगत ऋण 14 प्रतिशत के भाग के साथ है एवं इसके बाद जाकर गृह ऋण का नम्बर आता है जो कुल ऋण का 10 प्रतिशत भाग है। बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण ऋण पर पूंजी पर्याप्तता सम्बंधी शिथिल नियमों का पालन करना होता है। अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में स्वर्ण ऋण पर जोखिम का भार (रिस्क वेट) तुलनात्मक रूप से कम रहता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# संदिग्ध कॉल्स से निपटने के लिए सावधानियां



**सामान्य सावधानियाँ :** केवल +91 नंबरों के कॉल्स उठाएं। अनजान/अनसेव्ड नंबरों से वीडियो कॉल न उठाएं। व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील डेटा न दें। अनजान कॉलर्स के साथ बातचीत सीमित रखें। व्हाट्सएप पर भी जाने-पहचाने लोगों से मांगे जाने पर भुगतान न करें। बिना चालान या माँग पत्र के किसी सरकारी गैर सरकारी व्यक्ति को कोई भुगतान न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था सरकारी नियम या तंत्र में नहीं है पुलिस घर आती है । कोई अपराध टेलीफोन पर पैसे दे देने से नहीं समाप्त होता है ।

**संदिग्ध कॉल्स का निपटान :** कॉलर से कहें कि वे मेरे पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराएं (स्टेशन का नाम न बताएं)। कॉलर से कहें कि वे एक घंटे बाद फिर से कॉल करें। अनजान कॉलर्स के साथ लंबी बातचीत न करें। तत्काल कार्रवाई की मांग वाले कॉल्स से सावधान रहें। कॉलर की पहचान सुनिश्चित करें पहले आगे बढ़ें।

**अतिरिक्त सावधानियाँ :** अनजान कॉलर्स के निदेशों का पालन न करें। अनजान संपर्कों द्वारा भेजे गए लिंक्स या ऐप्स न इंस्टॉल करें। कॉलर आईडी ऐप्स का उपयोग स्पैम कॉल्स की पहचान के लिए करें। संदिग्ध व्यवहार वाले नंबरों को ब्लॉक करें। साइबरक्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर संदिग्ध कॉल्स की रिपोर्ट करें। फोन का ऑपरेटिंग सिस्टम और सुरक्षा सॉफ्टवेयर अप-टू-डेट रखें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और दो-कारक प्रमाणीकरण सक्षम करें। बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड्स में संदिग्ध लेन-देन की निगरानी करें। बैंक, सरकारी एजेंसियों या टेक सपोर्ट से आने वाले कॉल्स से सावधान रहें। अपने विवेक का उपयोग करें; यदि कॉल संदिग्ध लगता है, तो उसे समाप्त करें।

**व्हाट्सएप संबंधी सावधानियाँ :** सेंडर की पहचान सुनिश्चित करें पहले जवाब दें। अनजान सेंडर्स द्वारा भेजे गए लिंक्स या अटैचमेंट्स न खोलें। व्यक्तिगत जानकारी या पैसे की मांग वाले संदेशों से सावधान रहें ।संदिग्ध संदेशों की व्हाट्सएप सपोर्ट में रिपोर्ट करें। व्हाट्सएप में दो-कारक प्रमाणीकरण सक्षम करें।

**वॉइस मास्किंग चेतावनी :** अपनी आवाज को मास्क या रिकॉर्ड किए जाने की संभावना के प्रति जागरूक रहें। फोन कॉल्स पर संवेदनशील जानकारी न साझा करें। सुरक्षित संचार मंचों का उपयोग संवेदनशील चचाओं के लिए करें।

अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और सावधान रहें!



## बोधि वृक्ष

**वे शक्तिशाली गुण हैं जो बुराई की शक्तियों से लड़ते हैं। यह चुनना आपके सामर्थ्य में है कि आप पवित्रता, प्रेम, सुंदरता तथा आध्यात्मिक आनंद को कितनी मात्रा में व्यक्त करेंगे, केवल कार्यों के माध्यम से ही नहीं, अपितु अपने विचारों, भावनाओं और इच्छाओं में भी।...**

# अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना




श्री श्री परमहंस योगानंद

तब शैतान आपका कुछ नहीं कर सकता। लेकिन जैसे ही आप कुछ गलत सोचते हैं, आप शैतान की ओर जाते हैं। आप निरन्तर अच्छाई और बुराई के बीच इधर से उधर जा रहे हैं, इससे बचने के लिए, आपको ऐसी जगह जाना चाहिए जहाँ शैतान न पहुँच सके अर्थात ईश्वर के हृदय की गहराई में! सद्गुण और पवित्रता की जड़ें दुर्बलता में नहीं हैं। अपितु, वे शक्तिशाली गुण हैं जो बुराई की शक्तियों से लड़ते हैं। यह चुनना आपके सामर्थ्य में है कि आप पवित्रता, प्रेम, सुन्दरता तथा आध्यात्मिक आनन्द को कितनी मात्रा में व्यक्त करेंगे, केवल कार्यों के माध्यम से ही नहीं, अपितु अपने विचारों, भावनाओं और इच्छाओं में भी।... मन को पवित्र रखें और आप प्रभु को सदा अपने साथ पाएँगे। आप उन्हें अपने हृदय की भाषा में आपसे बात करते सुनेंगे; प्रत्येक फूल एवं झाड़ी में, घास की प्रत्येक पत्ती में, सभी गुजरते हुए विचारों में आप उनकी झलक देखेंगे। धन्य हैं वे जो हृदय से पवित्र हैं: क्योंकि वे ईश्वर के दर्शन करेंगे। प्रलोभन को जीतने का सबसे उत्तम तरीका तुलना करना है। अधिक ध्यान करें और देखें कि क्या ध्यान आपको अधिक प्रसन्नता प्रदान नहीं करता। जब आप अपने मन को ध्यान मे) अन्तमुर्खी करते हैं, तब आप यह समझना प्रारम्भ कर देते हैं कि बाहर की अपेक्षा भीतर अधिक अद्भुत वस्तुएँ हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Kumar anurag · Follow
4d ·
Travel Plan: Kathmandu to Lumbini and Chitwan
Day 1: Kathmandu to Lumbini... See more




12.2K 246 comments 2.8K shares

## X से

Ashok Shrivastav @AshokShriv... · 1d
हरियाणा में भाजपा की 20 सीटें भी आ जाएंगी तो मैं अपना नाम बदल लूँगी - सुप्रिया श्रीनेत

नेताओं और प्रवक्ताओं को गालीबाज़ होने के साथ-साथ गोलीबाज होने से भी बचना चाहिए ।




513 2K 5.2K 63K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

अहंकार करने चला, अहंकार से युद्ध।
अहंकार होता नहीं, अहंकार से शुद्ध।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# चुनावों में हरियाणा की जनता ने बताया, कौन किसानों-जवानों का हमदर्द है, कौन जुम्लेबाज



डॉ उमेश प्रताप वत्स

हरियाणा के चुनावी परिणाम राजनैतिक पंडितों के लिए न केवल एक झटका है अपितु एक सबक भी है कि चार आदमियों से पूछकर आँकड़ों के पाशों से हर बार चाल सफल नहीं होती। कई बार जनता-जनार्दन ऐसे विद्वान पंडितों की औकात भी समय-समय पर बताकर आकलन करने को विवश कर देती है। किंतु फिर भी कुछ राजनैतिक पंडित तो मोदी विरोध से इतने ग्रस्त होते हैं कि वे न तो हकीकत समझना चाहते और न जनता का संकेत। हरियाणा में भाजपा की जो हैट्रिक लगी है, वह हरियाणा के निर्माण 1966 से आज तक के लिए न केवल इतिहास बना है अपितु किसी चमत्कार से कम नहीं है। चमत्कार इसलिए कि तीसरी बार सत्ता में आने के साथ-साथ अपने ही पिछली बार के 2014 और 2019 के रिकार्ड को ध्वस्त करके और अधिक नम्बर के साथ पूर्ण बहुमत से आई है। उल्लेखनीय है कि 2014 में भाजपा को 47 सीटें व 2019 में 40 सीटें मिली थी और सरकार बनाने के लिए उसे जेजेपी का समर्थन लेना पड़ा था किंतु इस बार 48 सीट प्राप्त कर सभी टीवी चैनल्स, सभी सर्वे को धता बताते हुए अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। मोदी के संकल्पों को जनता से किये वायदों को जो लोग जुमलेबाजी कहकर नकारते रहे इस बार हरियाणा में उन्होंने अनेक जुमले हवा में उछाले फ्री बिजली, एमएसपी की गारंटी, दो लाख भर्ती, सौ-सौ गज के प्लाट देने के जुमले भी चलायें किंतु जनता ने हिमाचल व कर्नाटक से सबक लेकर सच में ही इन्हें जुमले माना, यहां तक कि गोहाना के जलेबी से प्रभावित होकर कांग्रेस के भावी प्रधानमंत्री ने जलेबी की फैक्ट्री लगाने तक कि बात कहकर विश्वभर में विदेशी फाइव स्टार होटल की टेबल्स पर गोहाना की जलेबी पँहुचाने की बात कही किंतु जनता इस बार उनके झूठ के धोखे में न आ सकी। और अपना आशीर्वाद तीसरी बार पहले से भी बढ़कर भाजपा को दे दिया। अतिविश्वास से सरोबार कांग्रेस ने हरियाणा में जाटों को अपने पक्ष में करने के लिए किसान आंदोलन को भड़काकर उनसे झूठे वायदे किये, युवाओं को भड़काने हेतु अग्निवीर सेना भर्ती को रद्द करने की बात कही तथा खिलाड़ियों को भी राजनीति में घसीटने के लिए पहलवानों के मुद्दे पर विनेश फौगाट का चेहरा आगे किया जो जैसे-तैसे बामुश्किल जीत पाई किंतु ये किसानों, जवानों, पहलवानों के नैरेटिव भी कांग्रेस को दस वर्ष बाद भी सत्ता का सुख नहीं दिला पाये। आम जनता के साथ ही अधिकतर जाटों ने भी बिना पर्ची बिना खर्ची की नीति पर अपनी मोहर लगाई। पहले हरियाणा में नौकरी उसे ही मिलती थी जिसकी पहचान सीधे नेताओं से व मंत्री से होती थी। ऐसे लोग अपने परिवार के लोगों को तो पर्ची के बल पर मलाईदार पदों पर नियुक्त करा लेते थे और आम जनता से खर्ची के बल पर पदों के अनुकूल बीस से अस्सी लाख तक राशि ऐंठकर नौकरी दिलाते थे और फिर यह राशि अधिकारियों, नेताओं व ऐंठने वाले में बंटती थी। अब हर व्यक्ति की पहचान नेताओं से नहीं होती, पहचान बनाने के लिए भी खर्चा करना पड़ता है। प्रतिदिन गाड़ी उठाकर नेताओं के चक्कर काटने पड़ते हैं, गरीब आदमी पहचान भी कैसे बनाता तो छत्तीस बिरादरी का जो भी गरीब था वह चाहे जाट भी क्यों न हो वह भाजपा की बिना पर्ची बिना खर्ची का कायल था। हरियाणा को बाकी राज्यों की तरह जातियों में बाँटने के बहुत प्रयास हुये। अंग्रेजों की नीति फूट डालों राज करो को कांग्रेस ने ज्यों का त्यों ग्रहण कर चुनावी नदी पार करनी चाही किंतु इस बार सब नैरेटिव फेल हो गये। लोकसभा में संविधान खत्म करने का नैरेटिव खूब चला, दलित लोगों ने भर-भरकर कांग्रेस सहित समस्त विपक्ष को वोट दिये किंतु इस बार लोगों को समझ में आ गया कि ये झूठे लोग है झूठी बातें करते हैं और मोदी को दूर करने के लिए विदेशी ताकतों से मिले हुये हैं। इन चुनावों में कुछ बातें और स्पष्ट हुई कि किसान आंदोलन खेत में काम करने वाले किसानों का कम और राजनीति करने वालों का अधिक था, यह बात स्वीकृत हुई। दूसरा जहां तिकोना मुकाबला होता है वहां भाजपा जीत जाती है और सीधे मुकाबले में हारती है किंतु यहां सारी सीटें सीधे मुकाबले में ही जीती गई क्योंकि इक्का-दुक्का सीट छोड़कर तिकोना मुकाबला कहीं था ही नहीं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### खाद्य पदार्थों के निर्माण में कपड़ा रंगने वाले कलर का प्रयोग

# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई में भारी मात्रा में रंग जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पाया गया है कि दुमका में कई होटल संचालक और स्ट्रीट फूड बेचने वाले दुकानदार खाद्य पदार्थों में वैसे कलर का प्रयोग कर रहे हैं, जिसका इस्तेमाल कपड़ा रंगने के लिए किया जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के दौरान भारी मात्रा में कलर भी जब्त किया है। साथ ही दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया है। अब विभाग ऐसे दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में है।



**कई स्थायी और अस्थायी दुकानों की हुई जांच :** त्योहारों को देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने मंगलवार को विभिन्न मिठाई दुकानों की जांच की। साथ ही कई मिठाई और दूसरे खाद्य पदार्थों का सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए रांची भेजा है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कई दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया है।

**दुकान में मिठाई के साथ दवाई की बिक्री :** जांच के दौरान पाया गया कि जिला स्कूल रोड में नारायणी जलपान नामक दुकान में मिठाई के साथ-साथ दवाई की भी बिक्री की जा रही थी। इस पर विभाग ने आपत्ति जताई। साथ ही दुकान में मेवा काट रहे व्यक्ति को गुटखा का सेवन करते पाया गया। ऐसे में टीम ने फौरन सांकेतिक कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया।

**मिठाई में केमिकलयुक्त रंग नहीं हो इस्तेमाल :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकान के मालिक मुकेश कुमार दारूका को 10 दिनों के अंदर जुमार्ने की रकम चालान के जरिए जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही हिदायत दी गई है कि मिठाई में किसी तरह के केमिकलयुक्त रंग का इस्तेमाल न करें। साथ ही जिस मिठाई में जो-जो सामग्री इस्तेमाल की गयी है, उसे प्रदर्शित करें। साथ ही साफ-सफाई का भी ख्याल रखें।

**दुकान में मिला भारी मात्रा में हानिकारक रंग :** इधर, श्याम प्लाजा स्थित एक दुकान में खाद्य सामग्री के साथ बड़े पैमाने पर केमिकलयुक्त रंग पाया गया। टीम ने फौरन रंग को जब्त कर लिया। साथ ही दुकानदार को चेतावनी दी गयी कि खाद्य सामग्री वाली दुकानों में औद्योगिक रंग बिक्री करते पाया गया, तो एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

**स्ट्रीट फूड दुकानों की भी हुई जांच :** फूड सेफ्टी ऑफिसर ने एक विशेष अभियान चलाते हुए सड़क के किनारे अस्थायी चाट की दुकानों, चाउमीन की दुकानों और मांसाहारी खाद्य पदार्थ बेचने वाले की दुकानों की भी जांच की। जांच में कई गड़बड़ी पाई गई। जांच में न खाद्य पदार्थों के बेहतर रखरखाव की व्यवस्था थी और न ही खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा था। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया और जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया।

**फूड सेफ्टी ऑफिसर ने दी जानकारी :** इस संबंध में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने कहा कि जिस कलर को दुकान से जब्त किया गया है उसका प्रयोग खाद्य पदार्थों को रंगीन बनाने में किया जा रहा था। ये कलर काफी हानिकारक हैं। इसे खाने पर कैंसर तक हो सकता है।

**दुकानदारों का दी गई हिदायत :** साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मिठाई दुकानदारों और स्ट्रीट फूड बेचने वाले दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि सही मानकों को पूरा करने वाले तेल और अन्य खाद्य पदार्थों का ही इस्तेमाल करें। साथ ही साफ-सफाई का भी ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे से पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 111 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक में मिली प्रोन्नति



**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां।** पुलिस मुख्यालय ने सरायकेला जिलाबल के कुल-111 साक्षर आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति दी। साथ ही कुल 23 आरक्षियों को हवलदार की कोटि में प्रोन्नति दी गई है। उक्त नवप्रोन्नत पुलिस पदाधिकारी एवं हवलदार का पीपिंग सेरेमनी पुलिस केंद्र सरायकेला में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) सरायकेला/परिचारी प्रवर/परिचारी/ पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक ने नवप्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों के कंधे पर सितारा लगाया गया। साथ ही नवप्रोन्नत हवलदारों के दाहिने हाथ पर रैंक लगाते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## पूजा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है : जीएम

**रांची।** विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के जीएम मनमोहन कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर रांची जिले में पूरी तैयारी कर ली गई है।



निर्बाध विद्युत व्यवस्था के तहत हम लोग 24 घंटे सेवा देने को तत्पर है। जिले के सभी सर्किल डिवीजन में कंट्रोल रूम बनाया गया है कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों को पूरी मुस्तैदी से काम करने का निर्देश दिया गया है। विद्युत आपूर्ति एवं शिकायत संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए 0651249 0014 या 94311 35682 पर सीधा संपर्क किया जा सकता है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/ HAZARIBAG/ 30 / 2024-25, PR संख्या– 337420 Building (24-25)D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 338556 Building(24-25).D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 40 /2024-25 Date:-08-10-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of HSC Tetariya Bhandaro, BLOCK- Barhi Dist- Hazaribag | 5549937/- | 111000/- | 10000/- | 06 Month |
| 2 | Construction of HSC Bela, BLOCK- Barhi Dist- Hazaribag | 5549937/- | 111000/- | 10000/- | 06 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 16-10 - 2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 22-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR.NO.338569 Building(24-25):D


## दुमका में तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, हालत नाजुक

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के खसिया गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला को रौंद दिया। घायल महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायल महिला सुनीता देवी को गंभीर अवस्था में महिला को फूलों-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया। आक्रोशित लोगों ने स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया है।

# पंडालों में नवपत्रिका प्रवेश के साथ ही मां दुर्गा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**खूंटी (हि.स.)।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि बुधवार को विभिन्न पूजा पंडालों में नवपत्रिका प्रवेश के साथ ही पूरा खूंटी जिला माता दुर्गा की भक्ति में डूब गया। क्या शहर और गांव गांव-देहात हर ओर ध्वनि विस्तार यंत्रों से बज रहे भक्ति गीत और भजन पूरा वतावर को भक्तिमय बना रहे हैं। देवी आगमन के साथ ही सभी पूजा पंडालों के पट खोल दिए गए। इसके साथ पंडालों में माता रानी के



अलावा अन्य स्थापित मूर्तियों की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। इससे पूर्व सुबह विभिन्न पंडालों के लोग बाजे-गाजे के साथ विभिन्न जलाशयों में गए। जलाशय किनारे पूरे विधि-विधान से पूजन अर्चन के बाद नव पत्रिका देवी को बाजे गाजे के साथ जलाशय से डोली में विराजमान कर पंडालों तक लाया गया। नवपत्रिका लाने के दौरान श्रद्धालुओं की भक्ति व आस्था देखते ही बन रही थी। पंडालों में नव पत्रिका देवी प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं में मां को नमन करने के लिए होड़ सी मच गई। बाद में नेत्रदान व सप्तमी की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। माता रानी के साथ ही भव्य पडालों को देखने के लिए दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

### 25 वर्षों से खूंटी का विधायक हूं

## इसका पूरा श्रेय क्षेत्र की जनता को : नीलकंठ

**खूंटी (हि.स.)।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने मुरहू प्रखंड की गनालोया पंचायत के दारला गांव में सार्वजनिक सभागार के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ विधायक ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत अपने द्वारा अनुशंसित पथ का भी शिलान्यास किया। सड़क की लंबाई घाघरा से दारला तक 1.6 किलोमीटर तथा बिचना गम्हरिया पक्की रोड जलटंडा से खूंटी तोरपा मुख्य पथ भाया पांडू तक 1.6 किलोमीटर है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत परंपरागत तरीके से ढोल-नगाड़े एवं फूल माला देकर किया। मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि



पिछले 25 वर्षों से मैं लगातार क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहा हूं और इन सभी का श्रेय क्षेत्र में की जनता को देता हूं। क्योंकि, आपके सहयोग और आशीर्वाद से ही मैं पिछले 25 वर्षों से विधायक हूं और क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत हूं। आने वाले दिनों में पुनः विधानसभा चुनाव होनेवाला है। मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि मुझे पुनः आप सभी का आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त होगा।

## हत्या कर फेंके गये तीनों शवों की हुई पहचान

**चाईबासा।** गुदड़ी थानान्तर्गत जतरमा गांव में नदी के किनारे जंगल के समीप 03 (तीन) अज्ञात व्यक्तियों का शव देखा गया। इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अभियान दल का गठन किया गया। विशेष अभियान दल ने ग्राम जतरमा से लगभग 1.5 कि0मी0 दूर जंगल में नदी किनारे 03 (तीन) शव बरामद किये गये है। मृतकों के पहचान तुलसी कुमार उर्फ तुलसी साह, उम्र 24 वर्ष पे० जोखू साह पता ग्राम भकुरहिया पो० सारैया गोपाल, थाना पताही जिला मोतिहारी बिहार, राकेश कुमार उम्र 28 वर्ष पेश रानकलिवर साह, पता कोल्हुआ ठिकाहा, थाना पुरनलिया जिला शिवहर बिहार एवं रमेश कुमार उम्र 22 वर्ष पे० रामकलिवर साह, पता कोल्हुआ ठिकाहा, थाना पुरनलिया जिला शिवहर बिहार के रूप में की गई है।

## अभियुक्तों की निशानदेही पर किया हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत सालडीह बस्ती में तीन अक्टूबर की रात्रि में पंकज मांझी नाम के युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध मे आदित्यपुर थाना दर्ज किया गया। काण्ड अनुसंधान के क्रम में फिरार प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। पुलिस के लगातार छापेमारी एवं दबिश को देखते हुए इस काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त किशन गोप उर्फ कृष्णा गोप, करीब 29 वर्ष, पे0- स्व0 त्रिलोचन गोप, सा0- सालडीह बस्ती, आशियाना, थाना- आदित्यपुर, जिला- सरायकेला-खरसावां एवं चंदन यादव उर्फ चंदू यादव, करीब 27 वर्ष, पे0- घना यादव, सा0- सालडीह बस्ती, संजय नगर, थाना- आदित्यपुर, जिला-



सरायकेला-खरसावां द्वारा सात अक्टूबर को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सरायकेला-खरसावां के न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उनसे पूछताछ के लिए पुलिस ने 48 घंटे का रिमांड लिया। पूछताछ के क्रम में प्राथमिकी अभियुक्तों के निशानदेही के आधार पर काण्ड में प्रयुक्त लोडेड पिस्टल एवं खून लगा चाकू को बरामद किया गया है। रिमांड अवधि पूर्ण होने के बाद दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थापित कराया गया। काण्ड के एक अन्य प्राथमिकी अभियुक्त सागर गोप उर्फ तुड़ा फरार चल रहा है जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

## अनिशमन और सीसीटीवी की व्यवस्था करें पूजा समिति के पदाधिकारी : डीसी




फाइल फोटो

**खूंटी (हि.स.)।** दशहरा और शारदीय नवरात्र को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी लोकेश मिश्रा ने जिले में विधि व्यवस्था संधारण और पूजा पंडालों में आवश्यक सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी पूजा समितियों और जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये हैं। पूजा समितियों को सभी पूजा पंडालों में अग्निशमन की व्यवस्था रखने, सीसीटीवी की व्यवस्था रखने, श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास का मार्ग अलग-अलग रखने और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर पार्किंग स्थल बनाने का निर्देश प्रशासन द्वारा दिया गया है। उपायुक्त ने जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। त्योहारों के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, आकस्मिक स्थिति के लिए अग्निशामक को सक्रिय रखने, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने, शराब बंदी आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने, विसर्जन स्थल पर स्थानीय प्रशिक्षित तैराक तैनात करने, नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रिय रहने समेत अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा चौक चौराहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने, महिलाओं के साथ छेड़ाछाड़ जैसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने, अफवाहों का खंडन करने, स्वास्थ्य विभाग को आवश्यकता अनुसार एम्बुलेंस सेवा एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–संजय महतो, उम्र–20 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 3 ईंच
पहनावा–पीला रंग का शर्ट एवं पैजामा पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति संजय महतो, उम्र–20 वर्ष, पे0–महेश महतो, सा0–तुपुदाना बस्ती, थाना–तुपुदाना, जिला–राँची जो दिनांक–01.09.2024 को बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में तुपुदाना ओ0पी0 सनहा संख्या 08/2024 दिनांक–01.09.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉंची। –9431706143
थाना प्रभारी तुपुदाना ओ0पी0, रॉंची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR 338607 (Police) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–66/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.10.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 18.10.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.10.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B type Quarter No-20/24 at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 395050.00 | 8000.00 | 750.00 | One Month |
| 2 | Renovation of A Type Quarter No.-13 and 15 Rajbhawan Pool (Machhali Ghar), Ranchi. | 573300.00 | 11500.00 | 1250.00 | One Month |
| 3 | Renovation of A Type Quarter No.-4, 8, 11 and 12 (4 Unit) at Audrey House, Rajbhawan Pool, Ranchi. | 984700.00 | 19700.00 | 1250.00 | One Month |
| 4 | Renovation of B Type Quarter No.-14/56, 56 Set at Ranchi. | 341550.00 | 6900.00 | 750.00 | One Month |
| 5 | Renovation of C Type Quarter No.-302 (Block D) at Ratu Road, Ranchi. | 529200.00 | 10600.00 | 1250.00 | One Month |
| 6 | Emergent Repair of Flower Bed, Gabion & Pathway in Campus of C.M. House, Kanke Road, Ranchi | 2071800.00 | 41500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 7 | Renovation of Police Barrack at CM Residence, Kanke Road, Ranchi | 4064600.00 | 81300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of Boundary wall at CM Residence, Kanke Road, Ranchi | 2214200.00 | 44300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of BPDP Senior Officer's Quarter No.-3/4 at Morabadi Ranchi | 1802700.00 | 36100.00 | 5000.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of C type Quarter No-31 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 583700.00 | 11700.00 | 1250.00 | One Month |
| 11 | Renovation of C type Quarter No-11 (One Unit) at Hatma, Kanke Road, Ranchi | 530900.00 | 10700.00 | 1250.00 | One Month |
| 12 | Renovation of Outer Surface B-type Quarter (Outer Surface B type Quarter (One Unit) No.-5, 6, 7 & 8 at Nagra Toli Ranchi | 1084400.00 | 21700.00 | 2500.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of Painting work, Toilet Fitting, Railing and Bamboo Partition work for Main Building in Minister Residence No-4 at Kanke Road, Ranchi | 4751400.00 | 95100.00 | 5000.00 | Two Months |
| 14 | Renovation C Type Quarter No.-04, Block-03 at Audrey House, Ranchi. | 428200.00 | 8600.00 | 750.00 | One Month |
| 15 | Renovation of C Type Quarter No.-89 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi. | 590800.00 | 11900.00 | 1250.00 | One Month |
| 16 | Renovation of B Type Quarter No.-01/24 at New Police Line, Kanke Road, Ranchi. | 395400.00 | 8000.00 | 750.00 | One Month |
| 17 | Renovation of C type Quarter No.-09, Block-02 at Rajbhawan (Audrey House), Ranchi. | 438100.00 | 8800.00 | 750.00 | One Month |
| 18 | Renovation of PA Flat No.-01/4 (Block No.-04) Booty Road, Ranchi. | 614300.00 | 12300.00 | 1250.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of Main Building and Other work in Officer's Flat No.-19 (Old) at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi. | 1697500.00 | 34000.00 | 5000.00 | Two Months |
| 20 | Construction of Lawn in Front Side of Collectorate Building Block "A" at Kuchary Ranchi | 3666300.00 | 73400.00 | 5000.00 | Two Months |
| 21 | Construction of Compound Chequared Tiles and 2 Nos Main Gate and Other Miscellaneous work of Collectorate Building Block "A" at Kutchary Ranchi | 3842300.00 | 76900.00 | 5000.00 | Two Months |
| 22 | Renovation of Ground Floor Room No.-G-16, 2nd Floor Room No.-218 Block (A) and 1st Floor Room No.-101, Block (B) in Collectorate Building at Kutchary Ranchi | 1501350.00 | 30100.00 | 5000.00 | Two Months |
| 23 | Renovation of Main Building in Officer's Flat No-D 11 (Old) Occupied by Sri Bhanu Pratap Sahi, MLA at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 1459200.00 | 29200.00 | 2500.00 | Two Months |
| 24 | Renovation work of Civil SDO Residence and Barrack at Ranchi | 2468250.00 | 49400.00 | 5000.00 | Two Months |
| 25 | Renovation of Principle Judge Residence at Circular Road, Ranchi | 2889500.00 | 57800.00 | 5000.00 | Two Months |
| 26 | Renovation of JAC Hostel Quarter No-3 and 6 (Two Unit) at Booty Road, Ranchi | 1004900.00 | 20100.00 | 2500.00 | Two Months |
| 27 | Construction of Room and Toilet in Backside of Courtyard, Octagonal Guest Room & Other works in Main Building at Former DDC Residence (District Engineer Rsidence) Near TV Tower, Ranchi | 4828900.00 | 96600.00 | 5000.00 | Two Months |
| 28 | Renovation of Main Building, Garrage, Main Gate and Other work in Chief Judicial Magistrate Residence Building at Circular Road, Ranchi | 3474000.00 | 69500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 29 | Renovation of Provision of Dispensary in the Ground Floor of Fast Track 8 (Eight) Court Building in the Campus of Civil Court, Ranchi | 2538600.00 | 50800.00 | 5000.00 | Two Months |
| 30 | Renovation of C type Quarter No-4, Block No-7 at Audrey House, Ranchi | 588400.00 | 11800.00 | 1250.00 | One Month |
| 31 | Renovation work of CMO Secretariat at Kanke Road, Ranchi | 4593800.00 | 91900.00 | 5000.00 | Two Months |
| 32 | Renovation of Outer Surface B type Quarter No-1, 2, 3, 4, 9, 10 11 & 12 (Two Block) at Nagra Toli, Ranchi | 2312800.00 | 46300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 33 | Renovation of D type Quarter No-D3 (New) at Booty Road, Ranchi | 1912000.00 | 38300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 34 | Renovation of D type Quarter No-D4 (New) at Booty Road, Ranchi | 2063400.00 | 41300.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 338712 Building(24-25)#D

## एक नजर

### जेटेया बाजार से जेटेया मोड़ और कोटगढ़ फॉरेस्ट बंगला तक बनेगी सड़क

**किरीबुरू।** चुनाव से पहले विधायक सोना राम सिंकु ने सड़क निर्माण की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री से दिलाई है. इस सड़क निर्माण विधायक के विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नोवामुंडी प्रखंड में होगा. इस क्षेत्र की सबसे खराब सड़क जेटेया बाजार से जेटेया मोड़ तक और जेटेया बाजार से कोटगढ़ फॉरेस्ट बंगला तक का निर्माण होगा. विदित हो कि यह सड़क पांच प्रखंडों को जोड़ने वाली एकमात्र लाइफ लाइन मानी जाने वाली सड़क है. उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में से एक अति संवेदनशील और महत्वपूर्ण सड़क है. इस सड़क का निर्माण के लिए विधायक विगत दो साल से प्रयासरत थे. ग्रामीण विकास मंत्री ने बीते दिनों जन संवाद कार्यक्रम में घोषणा की थी कि जितनी सड़क और पुलिया चाहिए, हम देंगे।

### प्रतिभा सम्मान से सम्मानित होंगे सभी टापर्स : डॉ चौधरी

**घाटशिला।** स्नातक अंतिम वर्ष (यूजी सेमेस्टर 6) सत्र 2021-24 का परीक्षा परिणाम कोल्हान विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है. इस परीक्षा में घाटशिला कॉलेज का रिजल्ट काफी बेहतर हुआ है. इसमें 552 विद्यार्थी फर्स्ट क्लास और 471 विद्यार्थी सेकेंड क्लास से उत्तीर्ण हुए हैं. उनमें 6 विद्यार्थियों ने फर्स्ट क्लास विथ डिस्टिंक्शन लाकर अपने परिवार व कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है. पूजा अवकाश के बाद कॉलेज खुलते ही सभी टॉपर्स के साथ सभी विषयों के टॉप थ्री को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. घाटशिला कॉलेज से फर्स्ट क्लास विथ डिस्टिंक्शन अंकों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों से प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने बात की. प्राचार्य ने सर्वप्रथम बेहतर रिजल्ट के लिए अपने विद्यार्थियों को बधाई दी.

### नवप्रोन्नत एसआई के सम्मान में पीपींग सेरेमनी का आयोजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस केंद्र में बुधवार को नव प्रोन्नत एसएसई के लिए पीपींग सेरेमनी का आयोजन किया गया. जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने नव प्रोन्नत एएसआई को स्टार और बैज लगाकर उन्हें नए कर्तव्य के लिए बधाई दी. मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि यह प्रोन्नति न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि जिम्मेदारियों का प्रतीक है. उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करने की प्रेरणा दी. मौके पर नव पदस्थापित सिटी डीएसपी सुनील कुमार चौधरी, सार्जेंट मेजर समेत पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

विधायक सुनीता चौधरी ने 47 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पूरे राज्य के लिए उदाहरण है



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के अपने वादे को धरातल पर उतारने का लगातार कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 अंतर्गत कृष्णा महतो के घर से महामाया थान तक, नव प्राथमिक विद्यालय से अनिल महतो के घर तक और लोहडीटांड़ अखरा से पुलिस महतो के घर तक 47 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पेवर्य ब्लॉक पथ का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि मेरा ध्यान इस ओर है की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों का संपूर्ण विकास हो और उसी को ध्यान में रखकर मैं लगातार कार्य कर रही हूं। श्रीमति चौधरी ने कहा की मैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास के अपने लक्ष्य को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हूं। विधायक ने कहा की आजसू पार्टी केवल वादा करने पर नही बल्कि वादों को धरातल पर उतारने पर विश्वास करती है। इसी कारण आजसू पार्टी के लिए लोगों का समर्थन लगातार बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि हम समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने और लोगों के हर सुख दुख में उनका साथ देने पर यकीन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सरकार द्वारा चलायी जा रही आजसू पार्टी ने अपने हर वादों को, आजसू पार्टी ने अपने विकास के हर वादों को पूरा किया है।

#### आजसू पार्टी अपने वादों को धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है : मनोज महतो


आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी ने रामगढ़ का जो विकास किया है उसके कारण रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र राज्यभर में विकास के मामले में अव्वल है। कहा कि आजसू पार्टी ने अपने विकास के हर वादों को पूरा किया है और आनेवाले समय में भी आजसू पार्टी लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का कार्य करेगी। मौके पर नरेश महतो, भोगनाथ पहान, मनोज मुंडा, बबलू पहान, अजीत पहान, ललिता देवी, मंजू देवी, सोनी देवी, सुनीता देवी, संचिल देवी, फूलो देवी, रेशमी देवी, अनिता देवी, शांति देवी, पनेश्वरी देवी, सुमित्रा देवी, बिंदू देवी, लखी ठाकुर, संतोष महतो आदि उपस्थित थे।

### करमपदा पुलिया से बोलेरो नदी में गिरी, चार को लगी मामूली चोट

**किरीबुरू।** सारंडा के करमपदा गांव के समीप शिव मंदिर पुलिया से बोलेरो कोयना नदी में गिर गई. बोलेरो का चालक समेत सवार चार लोग बाल-बाल बच गये. वाहन में सवार सभी लोगों को मामूली चोटें आयी हैं. यह घटना बुधवार दोपहर की है. घटना के बाबत बताया जा रहा है कि करमपदा निवासी राजेश गुड़िया की बोलेरो से चालक गांव के कुछ लोगों को लेकर अन्यत्र जा रहा था. उक्त पुलिया पर गार्डवाल नहीं होने के कारण वाहन असंतुलित होकर पुलिया से नीचे गिर गया. उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व ही लगातार न्यूज ने इस जर्जर पुलिया की खबर प्राथमिकता से प्रकशित की थी. उसमें बड़ी दुर्घटना की संभावना जताई थी. इस पुलिया का बीच का पीलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है. भारी वाहन के गुजरने से कभी भी यह पुलिया जमींदोज हो सकती है. इससे बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा है. प्रशासन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हुये सिर्फ सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चला रहा है.

विधायक के प्रयास से डिग्री कॉलेज निर्माण और पुल परियोजना को मिली स्वीकृति

## विकास नहीं, इतिहास रचने की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला ने शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चौपारण प्रखंड के पांडेबारा पंचायत में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए राज्य सरकार से 37 करोड़ 85 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति कैबिनेट से भी मंजूर हो चुकी है। विधायक उमाशंकर अकेला ने इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं केवल विकास का अध्याय नहीं लिख रहा हूं, बल्कि इतिहास रच रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए शिक्षा का एक बड़ा अवसर साबित होगा, खासकर उन परिवारों के लिए जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और वे अपने बच्चों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ हैं। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, विधायक अकेला के अथक प्रयासों से 14 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से एक पुल परियोजना को भी प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। यह पुल प्रखंड-चौपारण के भगहर पंचायत के ग्राम परसातरी में ढाढर नदी पर बनाया जाएगा, जो झारखंड और बिहार को जोड़ेगा। इस पुल का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत होगा। इस निर्णय से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, और ग्रामीणों ने विधायक उमाशंकर अकेला की सराहना की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कदम क्षेत्र के विकास के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता में कुकडू के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**चांडिल।** खेलो झारखंड योग प्रतियोगिता में सरायकेला जिले के कुकडू के बच्चों ने दो गोल्ड मेडल और कुश्ती में दो सिल्वर व तीन ब्रॉन्ज मेडल जीता है. रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के योग और कुश्ती प्रतियोगिता में कुकडू प्रखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. 7 और 8 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने दो गोल्ड और कुश्ती प्रतियोगिता में दो सिल्वर व तीन ब्रॉन्ज मेडल जीता है. अंडर 14 बालिका वर्ग के योग प्रतियोगिता में मामनी महतो (मध्य विद्यालय पांड्रा) ने गोल्ड मेडल जीता है. वहीं योग अंडर 14 बालक वर्ग में प्रवीन कुमार महतो (मध्य विद्यालय पांड्रा ) ने गोल्ड मेडल हासिल किया है. कुश्ती प्रतियोगिता अंडर 14 बालिका 62 केजी भार वर्ग में काजल कुमारी (उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदा) ने सिल्वर मेडल जीता है. जबकि 30 केजी भार वर्ग में तनुका महतो (उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदा) ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।.



## डांडिया व गरबा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, लोग हुए मंत्रमुग्ध

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना में विद्यार्थियों के बीच गरबा और डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे नन्हे मुन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि डांडिया और गरबा मां दुर्गा को समर्पित नृत्य है जो पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक धरोहर को दशार्ता है. इस नृत्य में विद्यालय के पांचवी से दशवी के विद्यार्थियों ने भाग लिया.कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निर्देशक टुक्लाल साव, एवं सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने महती भूमिका निभाई. कार्यक्रम के अंत में सबों ने दशहरा की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की अपील किया. इस प्रतियोगिता में सातवीं की अनुष्का ग्रुप व नवमी की रश्मि ग्रुप प्रथम, कक्षा छठी की लक्ष्मी ग्रुप व पांचवी की एंजल ग्रुप द्वितीय तथा छठी की रानी ग्रुप और गुलसमा ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. मौके पर विभा शर्मा, नुरेशा खातून, नरेश कुमार, अरुण कुमार, शिबू कुमार कल्पना कुमारी, सरिता, कुमारी सविता कुमारी, सोनी कुमारी, बबीता कुमारी, नीतू कुमारी, स्वाति कुमारी, मनीषा कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

एसडीएम ने 14 अक्टूबर तक अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा की घोषणा की

## शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं पूजा, अफवाहों से बचें लोग : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** दुर्गा पूजा शांति और सौहार्द वातावरण में संपन्न करवाने को लेकर अनुमंडल अधिकारी जोहान टुडू ने 8 अक्तूबर से आगमी 14 अक्तूबर तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में बीएनएस की धारा 163 ऊर्फ निषेधाज्ञा की घोषणा की है. उक्त जानकारी एसडीओ ने प्रेस बयान जारी कर दिया. निषेधाज्ञा लागु हो जाने से कई चीजों पर स्वथः पाबंदियां लग चुके है. जिसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी घातक हथियार के साथ नहीं चल सकता है. प्रत्येक पूजा समिति को पूजा या उनके कार्यक्रम व कार्यकारिणी संबंधित जानकारी सीओ व थाना प्रभारी को लिखित रूप से देना अनिवार्य होगा. विसर्जन जुलूस निर्धारित रूट से ही निकलेगा, विसर्जन जुलूस या पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति आपत्ति जनक वस्तु नहीं रखेगा, डीजे पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला नृत्य या संगीत पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार या अफवाह फैलाना या कोई भड़काऊ भाषण प्रतिबंधित, किसी भी जुलूस या अन्य कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति अनिवार्य, रावण दहन जैसे कार्यक्रम को भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से हटकर करने और यातायात व्यवस्था बाधित नहीं करने आदि जैसे कई निर्देश जारी किए गए है. जिसका प्रत्येक पूजा समिति को पालन करना अनिवार्य होगा।



एसडीएम जोहान टुडू

### नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की हुई पूजा

**चांडिल।** शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र चौका में धूमधाम से मनाया जा रहा है. नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को मां दुर्गा की कात्यायनी स्वरूप की पूजा की गई. चौका में सार्वजनिक श्रीश्री नवदुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित दुर्गोत्सव में मंगलवार को देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायणी की पूजा-अर्चना के लिए सुबह कलश यात्रा निकाली गई. मंदिर में कलश स्थापना के बाद देवी पूजन प्रारंभ हुआ. मंदिर में चंडीपाठ भी किया जा रहा था. पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में देवी के भक्त शामिल हुए. पूजा-अर्चना के बाद माता की आरती की गई. मंगलवार को दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे. पूजा समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. यहां समिति की ओर से महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है. दोपहर के वक्त दूर-दराज से मंदिर पहुंचने वालों के लिए महाप्रसाद की सुविधा है।

खूब लुभा रहा है सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पंडाल

### बंगाल के दो दर्जन कारीगरों ने पंडाल को दिया है विधानसभा का स्वरूप : उदय केसरी




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड ने पूजा पंडाल को कुछ अलग हटकर झारखंड विधान सभा का भव्य स्वरूप दिया है. जो सिर्फ इस क्षेत्र के लिए ही नहीं अपितु आस पास के क्षेत्र में दूर दूर तक चर्चा का विषय बना हुआ है. जिसे देखने के लिए लाखो की संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद जताई जा रही है. पूजा समिति ने इसके लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं. जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष उदय केसरी ने बताया कि पूजा में कुल 18 लाख खर्च होने के उम्मीद हैं. 114 फीट चौड़ा व 65 फीट ऊंचे इस पंडाल के निर्माण में लगभग साढ़े दस लख रुपए के खर्च आए हैं. इसके अलावा साज सज्जा, लाइट, साउंड, पूजा विसर्जन आदि में करीब सात से आठ लाख रुपए खर्च होने के अनुमान है. विधानसभा रूपी इस पंडाल के भव्य स्वरूप को बंगाल के दो दर्जन कारीगरों ने महीने दिन रात के अथक परिश्रम के बाद दिया है।

बरवा में नवरात्र को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

## कलश में जल भरकर पुनः यज्ञमंडप में पहुंचकर कलश स्थापित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया ,ग्राम बरवां में नवरात्र दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर भव्य कलशयात्रा निकली गई। कलशयात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव सम्मलित होकर विधिवत नारियल फोड़कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलशयात्रा में करीब 1051 कुवांरी कन्याओं एवं माताओं ने गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए बरवां दुर्गा मंडप से अपने माथे पर कलश लेकर पूरे गावं भ्रमण करते हुए बरसोती नदी पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य ने मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरवाया। सभी कलशयात्री कलश में जल भरकर पुनः यज्ञमंडप में पहुंचकर कलश स्थापित किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु कुमारी, मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद पूजा समिति के अध्यक्ष छोटी प्रसाद, सचिव ज्ञानी प्रसाद, पंसस दिनेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, प्रकाश प्रसाद, राहुल यादव, शंकर प्रसाद, टिंकू प्रसाद, रंजीत प्रसाद, दिनेश्वर महतो, महेश्वर प्रसाद, युगेश्वर प्रसाद, बंसी महतो, रामेश्वर प्रसाद, धर्म ठाकुर, अरुण मंडल, कारु ठाकुर, बुलाकी यादव, बीजो महतो, रोहित महतो, रीतलाल प्रसाद, अजय कुमार, जागेश्वर रजक, मिलन कुमार, अजय कुमार, अजय प्रसाद, दारा प्रसाद, प्रयाग प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण यज्ञप्रेमी उपस्थित थे।



### गांडेय पुलिस ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय/ गिरिडीह :** गांडेय थाना पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का स्थल पहुंच कर जायजा लिया इस दौरान गांडेय पुराना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर,बड़कीटांड दुर्गा मंदिर, सहित लेदो, दासडीह, मंडरो,के मंदिरों में बने पूजा पंडालों का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने पूजा कमेटी को सरकार द्वारा दिए गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होती है तो प्रशासन को इसकी सूचना दें। मौके पर उपस्थित गांडेय अंचल निरीक्षक कमाल खान,थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह,अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गोस हुस्नी,दिनेश कुमार,साकेत कुमार सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

### थाना प्रभारी ने पूजा पंडाल का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता, गावां, गिरिडीह।** गावां थाना प्रभारी महेश चंद ने बुधवार को प्रखंड के नगवां, माल्डा, खरसान और पिहरा में दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। उन्होंने पूजा कमिटी के अध्यक्ष और सचिव से मिलकर अष्टमी और मेला में वॉलंटियर को आईडीकार्ड के साथ तैनात करने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूजा, मेला आदि में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगा। पूजा पंडाल में मेडिकल टीम और बिजली विभाग को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 4 टन अवैध कोयला किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को 8 अक्टूबर को गुप्त सूचना मिली कि नोनियाबेड़ा-रंगुबेड़ा के बीच जंगली क्षेत्र में अवैध रुप से कोयला का भंडारण किया गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के दिशा निर्देश पर नोनियाबेड़ा-रंगुबेडा के जंगली क्षेत्र में सर्च किया गया। सर्च के दौरान जंगली क्षेत्र में करीब 04 टन अवैध कच्चा कोयला भंडारण किया हुआ बरामद किया गया। इस संदर्भ में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मांडू थाना कांड सं0-238/24, दिनांक-08.10.24, धारा-317(5)/3(5) बीएनएन एवं 30 ( ।।) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया। छापामारी में पुलिस ने करीब 04 टन अवैध कच्चा कोयला जब्त किया है। छापामारी दल में शामिल मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, पुअनि सुकमणि सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# रामगढ़ के मांडू में पुलिस ने एक ट्रक को अवैध रूप से 20 टन कोयला ले जाते पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को 8 अक्टूबर को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक रजि० नं0-जेएच12ई-7410 पर अवैध कोयला लोड कर कुजू मांडू होते हुए हजारीबाग की ओर ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में मांडू ब्लॉक के नजदीक एनएच-33 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ट्रक रजि० नं0-जेएच12ई-7410 का चालक पुलिस बल को देखकर भगाने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस टीम द्वारा ट्रक सं0-जेएच12ई-7410 के चालक को ट्रक सहित पकड़ा गया। पकडे व्यक्ति से नाम पूछते हुए ट्रक रजि0 नं0-जेएच12ई-7410 की जांच की गयी तो उक्त ट्रक पर करीब 20 टन कच्चा कोयला लदा हुआ पाया गया। पकड़े व्यक्ति से कागजात मांगने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पकड़े व्यक्ति से ट्रक रजि० नं0- जेएच12ई-7410 एवं उस पर लदा कोयला के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उक्त कोयला को बिना कोई कागजात के घाटो के झारखण्ड कोलियरी के आस पास क्षेत्र से लोड कर बिहार के डेहरी मंडी ले जा रहा हूं। इस कार्य में अन्य सहयोगियों का भी नाम बताया गया। तत्पश्चात अवैध रुप से कोयला का परिवहन करने के आरोप में पकड़े व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में पकडे गए व्यक्ति एवं अन्य के विरुद्ध मांडू थाना कांड सं0-237/24, दिनांक-08.10.24, धारा-317(5)/3(5) बीएनएन एवं 30 (।।) कोल माईन्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया एवं गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

#### गिरफ्तार व्यक्ति के साथ सामान बारामद

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम-पताः 1. नारायण यादव उम्र 45 वर्ष पे0-स्व० भीखी महतो, सा०-मरकच्चो, थाना मरकच्चो, जिला-कोडरमा
बरामद सामानः 1. बारह चक्का ट्रक सं0-जेएच12ई-7410 एवं उस पर लदा करीब 20 टन अवैध कच्चा कोयला। 2. ओपो कम्पनी का मोबाईल फोन-01, छापामारी दल में मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, पुअनि संतोष उरांव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नवरात्र पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गंगपाचो गांव स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के शुभ अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निर्देशक आई पी भारती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के निर्देशक ने सभी को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए बताया की दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है, यह समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया की देवी दुर्गा की पूजा हमे सिखाती है की जीवन की कठिनाइयों का सामना शक्ति और संकल्प से करना चाहिए।विद्यालय प्राचार्या ने बताया की देवी दुर्गा जिन्हे महिषासुर मर्दिनी के नाम से भी जाना जाता है। अपने शक्तिशाली रूपों के साथ महिशासुर से 9 दिनों तक युद्ध किया और अंततः उसे पराजित किया। इस अवसर पर विद्यालय में नृत्य संगीत तथा नाटक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य प्रतिभागी पारी साहू, विदिसा, आरुषि, कृष्णा, दिव्या,, भूमिका, करण, पंकज आदि थे, जिन्होंने अपने अभिनय से सबका मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**1,200** महिला किसानों ने फूल की खेती की थी

**10** डिसमिल में गेंदा के एक हजार पौधे लगाए जाते हैं

**15** से 20 रुपये में बिक जाता है यह थोक में

# किसानों को सोलर पंप पर 90% सब्सिडी दे रही झारखंड सरकार



एक बड़ी समस्या है. अधिकांश खेती यहां पर वर्षा आधारित है. अब झारखंड के किसानों के लिए बड़ी खबर है. किसान अगर पानी की समस्या से परेशान हैं, तो सोलर पंप की मदद से उनकी दिक्कत दूर हो सकती है. अच्छी बात ये है कि किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए झारखंड सरकार उनको 90 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है. कृषि में स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार नई सौर ऊर्जा नीति लेकर आई है. इस योजना से किसानों को बिजली की व्यवस्था करने और बिजली बिल की चिंता करने की जरूरत नहीं है और उनको सिंचाई के लिए सही से पानी मिल सकेगा. इसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ेगा और इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी. बता दें कि झारखंड सरकार राज्य में किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है. सिंचाई के लिए संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं. झारखंड सरकार की ओर से किसान समृद्धि योजना के तहत व्यक्तिगत किसान को 2 एचपी का सोलर पंप सेट और सामूहिक रूप से किसानों को 5 एचपी का सोलर पंप सेट दिया जाएगा. इस स्कीम के तहत पंप लेने पर 90 फिसदी का अनुदान दिया जाएगा. जबकि किसान को यूनिट कॉस्ट का 10 फिसदी ही देना होगा. इस स्किम का लाभ लेने के लिए किसान प्रखंड मुख्यालय के जरिए जानकारी ले सकते हैं. सरकार की ओर से किसानों के लिए एक सोलर वेब पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।

## मड़ुवा की खेती ने किसानों को बनाया स्वावलंबी

मड़ुवा की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे किसानों की आर्थिक खुशहाली के साथ-साथ जिले से कुपोषण दूर करने में कारगर साबित होगा। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा नई पहल की गई है। पिछले वर्ष रामगढ़ में सौ हेक्टेयर भूमि पर मड़ुवा की खेती की गई थी। हालांकि इस साल इससे अधिक भूमि पर खेती करेन का लक्ष्य है।

### मड़ुवा खेती कर किसान हो रहे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर



रामगढ़ में कुपोषण दूर करने और किसानों में आर्थिक खुशहाली लाने को लेकर मड़ुवा खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष मनाने को लेकर जिला अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मांडू के द्वारा एक नई पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत मड़ुवा खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं तो वहीं, कुपोषण मुक्त जिला बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर इंद्रजीत प्रजापति ने बताया कि बीते साल जिले में 100 हेक्टेयर भूमि पर मड़ुवा की खेती हुई थी। इस वर्ष इससे भी अधिक 130 हेक्टेयर क्षेत्र में मड़ुवा की खेती हुई है।


**▸ बीते साल 100 हेक्टेयर में हुई मड़ुवा की खेती कुपोषण भी होगा दूर**

इस साल मड़ुवा को रागी मिशन से जोड़ा गया है। इसके तहत ज्यादा से ज्यादा किसानों को मड़ुवा की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया है। मड़ुवा में कैल्शियम, फाइवर और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इन पोषक तत्वों से कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकता है। वैज्ञानिक डॉक्टर प्रजापति ने बताया कि मड़ुवा की प्रजाति ए 404 का सफल उत्पादन जिले के वैज्ञानिकों के देख रेख में कराया गया है। एक हेक्टेयर में 20 से 22 क्विंटल मड़ुवा का उत्पादन हुआ है। रोपाई से की गई मड़ुवा की खेती का उत्पादन अधिक रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार में मडवा की मांग बढ़ रही हैं। आटा और बिस्कुट बनाने वाली कंपनियों के द्वारा उत्पादन के बाद तुरंत ही किसानों से मडवा खरीद ली जाती हैं।

## फैल रही फलों की मिठास और फूलों की सुगंध

पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से यहां पर उद्यानिकी फसलों की खेती की अपार संभावनाएं हैं। अधिक से अधिक किसान उद्यानिकी फसलों की खेती से जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों को उद्यानिकी फसलों से जोड़ा जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

### फूलों की खेती कर आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं



झारखंड राज्य के किसान उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में दिलचस्पी ले रहे हैं। इनके लिए परंपरागत खेती बीते समय की बात हो गई है। समय की जरूरत को देखते हुए किसान फलों, सब्जियों, औषधीय पौधों, फूलों की खेती एवं मधु का उत्पादन कर आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। राज्य सरकार इसमें भरपूर सहयोग किसानों को दे रही है। किसान झारखंड की माटी में उपजे फलों की मिठास और फूलों की सुगंध बिखेर कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि राज्य की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति उद्यानिकी फसलों के लिए काफी उपयुक्त है। पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से यहां पर उद्यानिकी फसलों की खेती की अपार संभावनाएं हैं। अधिक से अधिक किसान उद्यानिकी फसलों की खेती से जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों को उद्यानिकी फसलों से जोड़ा जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। राज्य के किसान फल उत्पादन में रुचि दिखा रहे हैं। वर्ष 2020-21 में फलों की खेती 100.27 हजार हेक्टेयर में की गई। इससे 1203.64 हजार टन फल का उत्पादन हुआ। प्रति हेक्टेयर 12 टन उत्पादन हुआ, जबकि राष्ट्रीय उत्पादकता 14.82 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। इस अवधि में 295.95 हजार हेक्टेयर में सब्जी की खेती की गई।

**▸ राज्य के किसान फल उत्पादन में रुचि दिखा रहे हैं।**

## आदिवासी महिलाएं बदल रहीं झारखंड के गांवों की तकदीर



झारखंड गठन के 22 साल पूरे होने जा रहे हैं। इसमें हम आपको बतायेंगे कि इन 22 सालों में झारखंड में क्या सकारात्मक बदलाव आये. आगे क्या करने की जरूरत है. इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों की आदिवासी महिलाओं ने किस तरह से अपनी और अपने क्षेत्र की किस्मत बदलने में अहम भूमिका निभायी है. आज बात झारखंड की राजधानी रांची से सटे खूंटी जिला और पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड की. घोर उग्रवाद प्रभावित खूंटी जिला में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से अफीम की खेती होती थी. महिलाओं ने इस तस्वीर को बदल दी है. खूंटी जिला के कई प्रखंडों में महिलाओं ने आम और फूल की खेती शुरू की। आज खूंटी में आम क्लस्टर तैयार हो गये हैं, तो गेंदा फूल की खेती भी बड़े पैमाने पर हो रही है. इसकी अगुवाई आदिवासी महिलाएं कर रही हैं।

## मशरूम से बदल रही राज्य की खेती-किसानी की तस्वीर



झारखंड में किसानों की आय बढ़ाने के लिए रसरकार मशरूम की खेती को बढ़ावा दे रही है. इसके लिए पाकुड़ में किसानों को मुफ्त में ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे मशरूम की उत्पादन में लगातार इजाफा हो रहा है. तकरीबन हर जिले के किसान अब मशरूम उगा रहे हैं। झारखंड में मशरूम की मांग अधिक है और मांग के मुकाबले में उत्पादन कम. ऐसे में झारखंड के किसानों के लिए मशरूम की खेती काफी फायदेमंद मानी जा रही है. पाकुड़ में सरकार की तरफ से किसानों को मशरूम की खेती की ट्रेनिंग दी जा रही है. यहां सरकार द्वारा ना केवल किसानों के मशरूम की खेती के गुर बताए जा रहे हैं बल्कि उनके उत्पान (मशरूम) का बाजार भी मुहैया कराया जा रहा है।

## झारखंड में हल्दी की उन्नत खेती करते हैं किसान...

हल्दी को धर्मिक कार्यों के अतरिक्त मसाला, रंग, सामग्री, औषधी तथा उप्तन के रुप में उपयोग किया जाता है। भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, उड़ीसा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मेघालय, महाराष्ट्र, असम आदि हल्दी उत्पादित करने वाले प्रमुख्य राज्य है। इनमें से आंध्रप्रदेश प्रमुख्य राज्य है। यहां कुल क्षेत्रफल का 38 से 58.5% उत्पादन होता है। खेती समुद्र टल से 1500 मीटर तक ऊँचाई वाले विभिन्न ट्रोपिकल क्षेत्रों में की जाती है। सिंचाई आधारित खेती करते समय वहां का तापमान 20 झ 35 डिग्री सेन्टीग्रेट और वार्षिक वर्षा 1500 मीटर मीटर या अधिक होनी चाहिए। इसकी खेती विभिन्न प्रकार की मिटटी जैसे रेतीली, मटियार, दुमट मिटटी में की जाती है, जिसकी पी.एच. मन 4.5 से 7.5 होना चाहिए। देश के विभिन्न भागों में हल्दी की खेती करने वाले क्षेत्रों में स्थानीय कल्टीवर्स होते है जो स्थानीय नामों से जाने जाते हैं उनमें से कुछ लोकप्रिय कल्टीवर्स जैसे दुग्गिरल, तेक्कुरपेट, सुगन्धम, अमलापुरम, स्थानीय ईरोड, आल्प्पी, मुवाट्टूपूषा, लाकडांग आदि है। हल्दी की उन्नत प्रजातियां तथा उनके विशिष्ट गन तालिका में दिए गए है।

**हल्दी के लिए खेती योग्य भूमि**

मानसून की पहली वर्षा होते ही भूमि को तैयार किया जाता है। खेत को फसल योग्य बनाने के लिए भूमि को चार बार गहराई से जोतना चाहिए। दुमट मिटटी में 500 किलोग्राम / हेक्टेयर की दर से चुने के पानी का घोल डालकर अच्छी तरह जुताई करना चाहिए। मानसून के पूर्व वर्षा होते ही तुरन्त लगभग एक मीटर चौड़ी , 15 से.मीटर ऊँचाई तथा सुविधानुसार लम्बी बीएड को तैयार कर लेते हैं। इन बड़ों के आसपास में एक दुसरे से बीच की दुरी 50 से.मीटर होनी चाहिए।

**हल्दी की बुवाई इस तरह करें**

केरल और अन्य पश्चिम तट वाले क्षेत्रों में जहाँ वर्षा मानसून से पहले होती है उन क्षेत्रों में अप्रैल और मई में मानसून के पूर्व वर्षा होते ही इस फसल की बुवाई की जाती है। कुछ क्षेत्रों में इस की बुवाई क्यारियों तथा मेढ़ बना कर भी करते हैं।

**हल्दी के बीज :** अच्छी तरह विकसित और रोग रहित सम्पूर्ण या प्रकन्द के टुकड़े को बुवाई के लिए उपयोग करते हैं। बड़ों में 25 से.मीटर .30 से.मीटर के अंतराल पर हाथ से खोदकर छोटे गड्ढे बनाए जाते हैं। इन गड्ढों में अच्छी तरह अपघटित गोबर की खाद या कम्पोस्ट भरकर उसमें बीज प्रकन्द को रखकर ऊपर से मिटटी डाल देते हैं। जबकि बड़ों में बुवाई पंक्तियों में करना चाहिए। इन पंक्तियों में एक दुसरे से बीच की दुरी 45 झ 60 से.मीटर तथा पौधों के बीच की दुरी 25 से.मीटर रखना चाहिए। हल्दी की बुवाई करने के लिए 2,500 किलोग्राम / हेक्टेयर प्रकन्द बीज की आवश्यकता होती है।



## झारखंड में मोटे अनाज की खेती पर जोर दे रहे हैं किसान



झारखंड में मोटे अनाज की खेती को लेकर काफी संभावनाएं हैं। खास कर पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बारिश के पैटर्न में बदलाव देखा जा रहा है और बारिश में कमी आई है, ऐसे में मोटे अनाज की खेती किसानों के लिए लाभदायक साबित हो सकती है। राज्य में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार भी किसानों को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि इसका उत्पादन बढ़ाया जा सके. मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहन राशि देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से एक शर्त रखी गई है. शर्त यह है कि सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए किसान को कम से एक एकड़ जमीन में मोटे अनाज की खेती करनी होगी. अधिकतम पांच एकड़ तक में कोई किसान मोटे अनाज की खेती कर सकता है।

## बेहतरीन शहद के लिए बिहार के इन जिलों का रुख करें किसान



नए किसान नवंबर में पूर्णिया के वायसी में बक्सा डालें, उन्हें अच्छी शहद मिलेगा। एक बक्से में 10 से 12 किलो शहद मिलेगा। 14 जनवरी के बाद बांका जिले के बौंसी, बाराहाट सहित अन्य इलाकों में बक्सा डाला जा सकता है। यहां गेहूं के खेत में सरसों, खेसाड़ी, तीसी आदि की फसल लगने के कारण अच्छी शहद मिलता है। दस मार्च को बक्सा को बिहपुर व खरीक इलाके में लाया जा सकता हैं, जहां लीची का शहद मिलेगा। यह बात गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान सूबे के मुख्य प्रशिक्षण बिहपुर के संजय चौधरी ने कही। जिले में व्यवसायिक मधुमक्खी पालन और प्रसंस्करण विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका समापन शुक्रवार को होगा।

**प्रस्तुति : मिनहाज अहमद, गोविन्दा**

# जलेबी किसी फैक्ट्री का नहीं, मेरी दुकान का : मनोज गुप्ता

**एजेंसी। गोहाना**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जब राहुल गांधी सोनीपत के गोहाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तब रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें गोहाना की जलेबी खिलाई। जलेबी खाने के बाद राहुल भी इसके मुरीद हो गए और प्रियंका गांधी के लिए पैक कराकर ले गए। इसके बाद राहुल गांधी ने जलेबी की फैक्ट्री लगाने की बात कही। वहीं, गोहाना की जलेबी की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद गोहाना के मशहूर जलेबी दुकानदार 'लाला मातूराम' के संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि यह फैक्ट्री का सामान नहीं, यह हमारी दुकान का सामान है। मनोज गुप्ता





ने बताया कि हमारी दुकान में आयुर्वेदिक सामानों का इस्तेमाल होता है। यहां 100 फीसद शुद्ध घी से जलेबी बनाई जाती है। यह एक हफ्ते तक खराब नहीं होती। हम एक हफ्ते की गारंटी दे रहे हैं, लेकिन यह एक हफ्ते से ज्यादा चलेगी। जब राहुल गांधी ने इसे खाने के बाद इसकी तारीफ की, तो इसका मतलब है कि यह बढ़िया सामान है। राहुल गांधी द्वारा फैक्ट्री लगाने और विदेश में इसके प्रचार-प्रसार के बारे में उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री का सामान नहीं है, यह हमारी दुकान का सामान है। हमारे यहां दस-बारह लोग काम करते हैं। हमारी तीन दुकानें हैं। हम 10-12 हजार लोगों को रोजगार कैसे दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह दुकान मेरे जन्म से पहले से चल रही है। गौरतलब है कि गोहाना में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि मैंने गोहाना की मशहूर जलेबी का स्वाद चखा और अपनी बहन प्रियंका के लिए भी एक डिब्बा जलेबी ले गया। फिर मैंने दीपेंद्र और बजरंग पुनिया से कहा कि ये जलेबी भारत समेत पूरी दुनिया में जानी चाहिए। अगर ये जलेबी देश-विदेश में जाएगी तो शायद उनकी दुकान फैक्ट्री में बदल जाएगी और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। चुनाव नतीजों के दिन कई कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह-सुबह जलेबी बांटते नजर आए थे और जब बीजेपी चुनाव जीती, तब भी बीजेपी कार्यकर्ता जलेबी बांटते नजर आए। इस बार पूरे चुनाव में जलेबी फैक्टर ने खूब काम किया।

## अरुणाचल : भूस्खलन से चार लोगों की मौत तीन घायल

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापूम पारे जिला के कार्सिंगस में बुधवार की सुबह भारी बारिश के कारण अरुणाचल प्रदेश परिवहन सेवा (एपीएसटीएस) की केंद्रीय कार्यशाला की दीवार ढह जाने से चार लोगों की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना बुधवार तड़के करीब 1.30 बजे हुई जब दीवार विपरीत दिशा में गिर गई, जिसके चलते चार लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान उर्मिला विश्वास, विकास विश्वास, मुकीबुर रहमान और पॉल के रूप में की गई है। घायलों में आकाश विश्वास, राकेश विश्वास और अरुण अली के रूप में पहचान की गई है।

## गड्ढे में जा गिरी पर्यटकों से भरी बस आठ घायल, तीन की हालत गंभीर

**एजेंसी। पटना**

बिहार के जहानाबाद में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पटना से गया जा रही बस को एक हाइवा ट्रक ने टक्कर मार दी। बस में 23 वदिशी बौद्ध भिक्षु सवार थे। इनमें से आठ घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें पटना के पीएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ करने पर बौद्ध भिक्षुओं की भाषा भी समझ नहीं आ रही है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा एनएच-83 पर सलेमपुर गांव के पास हुआ है। टक्कर लगने से बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-31 की स्थिति ठीक नहीं है, इसे देखते लोग अन्य रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। प्रशासन भी इस रास्ते को दुरुस्त करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है। पुलिस के मुताबिक, घायलों में वियतनाम, म्यांमार और अमेरिका के पर्यटक शामिल हैं। सभी जहानाबाद के सदर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका उपचार जारी है। टूरिस्ट गाइड शिव शंकर ने बताया कि बस में 23 बौद्ध भिक्षु नेपाल से अपना वीजा रिन्यू कराने के बाद बोधगया लौट रहे थे।

# विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका महत्वपूर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब राज्य में सियासी हलचल भी तेज हो गई है। नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा नेताओं में मुलाकात का दौर शुरू हो गया है। इसी बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात प्रधानमंत्री आवास पर हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें विधानसभा चुनाव में शानदार जीत मिलने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस मुलाकात की फोटो भी शेयर की है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हरियाणा में विकास के लिए काम करने वाली डबल इंजन सरकार की जरूरत को लोगों ने पहचाना और तमाम अटकलों को झूठलाते हुए भाजपा को चुना। इधर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि इस प्रचंड जीत का



श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में ऐसी नीतियां और योजनाएं चलाई हैं जिसका लाभ गरीब व्यक्ति को भी मिल रहा है, किसान को भी मिल रहा है, युवा को भी मिल रहा है और महिला को भी मिल रहा है। यह पीएम मोदी की लोकप्रियता का परिणाम है, उन्हें देश के लोग प्यार करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से आई है। सीएम सैनी ने कहा कि मैं हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पीएम मोदी की नीतियों पर मुहर लगाई। हरियाणा भाजपा के सभी कार्यकतार्ओं का भी दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने इतनी कड़ी मेहनत की और डबल इंजन सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उनकी मेहनत के कारण ही हम तीसरी बार सत्ता में आए हैं।

# पहली कैबिनेट में पास होगा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव : उमर

**एजेंसी। श्रीनगर**


नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि एनसी-कांग्रेस सरकार अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल



करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर में सरकार सुचारू रूप से चलेगी। सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस गुरुवार को विधायक दल की बैठक बुलाएगी। उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुझे उम्मीद है कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र पर दबाव डालते हुए एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। उमर ने कहा कि हमारे और दिल्ली में एक अंतर है। दिल्ली कभी पूर्ण राज्य नहीं था और किसी ने दिल्ली को राज्य का दर्जा देने का वादा भी नहीं किया था। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर 2019 से पहले एक राज्य था, जिसे अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। उमर ने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था। यह भी कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर में तीन कदम उठाए जाएंगे जिसमें परिसीमन, चुनाव और फिर राज्य का दर्जा शामिल था। उन्होंने कहा कि परिसीमन हो चुका है, अब चुनाव भी हो चुके हैं, इसलिए केवल राज्य का दर्जा बचा है, जिसे बहाल किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि जम्मू-कश्मीर की नई सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की आवश्यकता कितनी महत्वपूर्ण है, एनसी नेता ने कहा कि नई दिल्ली के साथ टकराव से कुछ हासिल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि लोगों ने टकराव के लिए वोट नहीं दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इसलिए वोट दिया है, क्योंकि वे रोजगार चाहते हैं, वे विकास चाहते हैं, वे राज्य का दर्जा बहाल करना चाहते हैं, वे बिजली और अन्य मुद्दों का समाधान चाहते हैं। नई दिल्ली के साथ टकराव से इन मुद्दों का समाधान नहीं होगा।

### जम्मू कश्मीर के बीच मतभेदों को कम करना मकसद : फारूक

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि एनसी-कांग्रेस



सरकार का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश के दो क्षेत्रों के बीच मतभेदों को कम करना और हिंदुओं के बीच विश्वास पैदा करना होगा। फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हमें जम्मू और कश्मीर के बीच पैदा किए गए मतभेदों को कम करना होगा। हमारा प्रयास होना चाहिए कि वहां के हिंदुओं को हम पर यह भरोसा हो कि हम उनके बारे में उसी तरह सोचेंगे जैसे कश्मीर के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच अंतर नहीं करेंगे।

## मनोज सिन्हा ने लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए लोगों का आभार जताया

**एजेंसी। जम्मू**

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए लोगों का आभार जताया है। उन्होंने मतपत्र की पवित्रता को बनाए रखने और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सीईओ जम्मू-कश्मीर, चुनाव आयोग के अधिकारियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों के प्रयासों को सराहा है। उपराज्यपाल सिन्हा ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के जरिये विधानसभा में चुने गए सभी सदस्यों और चुनावों में जीत के लिए नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के नेतृत्व वाले गठबंधन को हार्दिक बधाई दी।

# जम्मू-कश्मीर में संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रदेशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने हरियाणा वासियों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है वहीं जम्मू-कश्मीर में आईएनडीआईए की जीत को संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत बताया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल



गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहेदिल से शुक्रिया। प्रदेश में आईएनडीआईए की जीत संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकतार्ओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# भाजपा का राहुल गांधी पर निशाना, बताया अहंकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आमने सामने

कांग्रेस के हरियाणा विधानसभा चुनाव हारने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने राहुल गांधी को अहंकारी चेहरा बताया। बुधवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि अगर अहंकार और शालीनता की कमी का कोई चेहरा होता, तो वह राहुल गांधी का होता। उन्होंने



कहा कि हरियाणा में हार के कई घंटे बाद भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी को न तो मतदाताओं और न ही कार्यकतार्ओं को धन्यवाद देने का समय मिला।उन्हें कश्मीर में उनके प्रदर्शन के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को बधाई देने का शिष्टाचार भी नहीं पता। कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं, कोई मीडिया बयान नहीं। अमित मालवीय ने कहा कि उस व्यक्ति से और क्या उम्मीद कर सकते हैं जिसने सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले गैरकांग्रेसी प्रधानमंत्री को बधाई तक नहीं दी, जिन्होंने अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल जीता। गांधी परिवार का यह अधिकार-बोध परेशान करने वाला है।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।



श्री दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा के दुर्गा आश्रम में देवी दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।



पटना के न्यू डाक बंगला रोड के एक पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा।

# आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक दावे करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों की अटूट आस्था का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह दुनिया को भारत का अमूल्य उपहार है। आयुर्वेद मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखते हुए समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम हमेशा से अपने आसपास के पेड़-पौधों के औषधीय महत्व के प्रति जागरूक रहे हैं और उनका उपयोग करते रहे हैं। आदिवासी समाज में जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों के ज्ञान की परंपरा और भी समृद्ध रही है लेकिन जैसे-जैसे समाज आधुनिकता को अपनाता गया और प्रकृति से दूर होता गया, हमने उस पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना बंद कर दिया। घरेलू उपचार अपनाने की तुलना में डॉक्टर से दवा लेना आसान हो गया। अब लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। आज पूरी दुनिया में इंटीग्रेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिन का विचार लोकप्रिय हो रहा है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक प्रणालियों के रूप में लोगों को स्वास्थ्य प्रदान करने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी का अटूट विश्वास है। इसी विश्वास का लाभ उठा कर कुछ लोग भोली-भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावे करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों के प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सकों की आवश्यकता है जिससे सामान्य लोगों को अशिक्षित चिकित्सकों के पास न जाना पड़े। इस संदर्भ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक महत्वपूर्ण पहल है।





### आयुर्वेद पढ़ने वालों की संख्या में हो रही वृद्धि

पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद कॉलेजों और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की उपलब्धता और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का विकास न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पशुओं और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगा। बहुत से पेड़-पौधे इसलिए विलुप्त हो रहे हैं क्योंकि हमें उनकी उपयोगिता के बारे में पता नहीं है। जब हम उनका महत्व जानेंगे तो उनका संरक्षण करेंगे।


## मप्र : मैहर में तीन दिवसीय 50वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का भव्य शुभारंभ

**सतना।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में प्रतिवर्ष होने वाले ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 50वां आयोजन मंगलवार देर शाम बड़े धूमधाम से मैहर स्टेडीयम में प्रारंभ हुआ। आगामी 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह की पहली सभा में बाबा द्वारा रचित मैहर वादय वृंद के कलाकारों द्वारा वृंद वादन से संगीत सभा की शुरूआत की गई। सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बाबा अलाउद्दीन खां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के भव्य शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव, अलाउद्दीन खां सगीत अकादमी की निदेशक वंदना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने भी उपस्थित थे।

## रिश्वत मामले में कोच फैक्टरी के सामग्री अधीक्षक समेत तीन गिफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत लेने के आरोप में रायबरेली के माडर्न कोच फैक्टरी के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि रायबरेली के मॉडर्न कोच फैक्टरी के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक रणजीत, वार्ड अधिकारी अरविंद और एक निजी व्यक्ति रिंकू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने गुगल पे के माध्यम से शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह रिश्वत मुंबई स्थित एक कंपनी के प्रमोटर से उसकी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई खेपों को मंजूरी देने के एवज में मांगी गई थी। सीबीआई के मुताबिक आरोपित अधिकारियों ने शिकायतकर्ता के मुंबई स्थित ट्रेडिंग फर्म के द्वारा आपूर्ति की गई वस्तुओं (सुरक्षा चश्मे) को मंजूरी देने के लिए फैक्टरी के ऑनलाइन टेंडर को लेकर रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता को आरोपितों ने कई कॉल किए थे, जिसमें उसकी सामग्री की मंजूरी के लिए रिश्वत की मांग की गई थी।

# प्राकृतिक रंगों से तैयार पेंटिंग की दुनिया मुरीद



## दस हजार साल पुरानी लोककला से महिलाओं की बदली तकदीर

झारखंड की सोहराई और खोवर कला की चर्चा अब पूरे देश-दुनिया में होने लगी है। करीब दस हजार साल पुरानी इस लोक कला में महिलाएं प्राकृतिक रंगों से पेंटिंग तैयार करती है, जिसकी मांग आज दुनियाभर में हो रही है। झारखंड की सोहराई कला में महिलाएं मुख्य रूप से प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करती है। प्रारंभ में सोहराई कला में झारखंड में विभिन्न जनजातीय समूहों की ओर से अपने घरों की दीवारों में आकर्षक कलाकृतियां बनाई जाती थी, लेकिन बैग, टी-शर्ट, चादर, पर्दे और अन्य वस्तुओं में भी इस कला का बेहतरीन तरीके से उपयोग हो रहा है। पद्म श्री बुलू इमाम ने दुनिया के कई देशों में प्रदर्शनी लगाकर इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं अब उनके बेटे जस्टिन इमाम और बहु अलका इमाम की ओर से इस लोक कला को बढ़ावा देने के लिए एक सेंटर की भी स्थापना की गई है। हजारीबाग स्थित सेंटर में कई महिलाओं और युवतियों को सोहराई कला की बारीकियां से अवगत कराया जाता है।



## आकर्षक कलाकृतियों और हस्तशिल्प उत्पाद की मांग बढ़ी


सदियों से चली आ रही परंपरा को आय का साधन बनाने के लिए प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। महिलाएं अब दीवारों के साथ ही कई वस्तुओं में भी आकर्षक कला का उपयोग करने लगी है। सोहराई कला में प्रशिक्षित महिलाएं अब टी-शर्ट, बैग, खिलौनों और अन्य वस्तुओं में कलाकृतियां बना रही है। जिसके कारण क्षेत्र में आने वाले पर्यटक उनके हस्तशिल्प उत्पाद की खरीदारी कर रहे है।

## शैलचित्रों के अध्ययन से प्राचीनता का लगता है अंदाजा

इसकी प्राचीनता के बारे में 1991 में बड़कागांव के निकट इस्को जंगल स्थित एक गुफा से मिली। पत्थरों में बने शैलचित्र का अध्ययन करने के पता चलता है कि यह करीब 10 हजार साल पुरानी है। शैलचित्र भी सोहराई कला एक उदाहरण है। रॉक आर्ट को देखने से पता चलता है कि इस इलाके में सोहराई कला भी हजारों साल पुरानी रही होगी। इसकी प्राचीनता और अन्य तथ्यों की जानकारी हासिल करने के लिए अध्ययन अभी चल रहा है।

## सोहराई कला में मुख्य रूप से चार रंग की मिट्टी का उपयोग

सोहराई कला मुख्य रूप से लाल, काली, पीली और दूधी मिट्टी को मिलाकर बनाई जाती है, यह पूरी तरह से प्राकृतिक रंग है। झारखंड के विभिन्न इलाकों में ये मिट्टी आसानी से मिल जाती है। हालांकि इस कला में ऐसा नहीं होता है कि जो मन में आए, कुछ भी बना दिया जाए। बल्कि क्षेत्र में रहने वाले अलग-अलग समुदाय के लोग अपने तरीके से कलाकृतियां बनाते है। हजारीबाग और आसपास के इलाके में 13 समुदाय के लोग अलग-अलग स्टाइल में पेंटिंग करते है। क्षेत्र में आज भी घर की महिलाएं पर्व-त्योहार और शादी में अपने घरों में कलाकृतियां बनाती है।



## विवाह, पर्व-त्योहार, वंश और फसल वृद्धि के लिए अलग-अलग कलाकृतियां

इस कला को किसी के घर में विवाह के बाद वंश वृद्धि के लिए और दीपावली के बाद फसल वृद्धि के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर की दीवार पर कोहबर और सोहराई की पेंटिंग होती है, उनके घर में वंश और फसल वृद्धि होती है। फसल वृद्धि के लिए लोग प्राकृतिक वस्तुओं के चित्र बनाते हैं। जबकि वंश वृद्धि के लिए दिल, राजा-रानी का चित्र बनाए जाते हैं। इस कला के प्रति अब युवाओं की भी रूचि बढ़ी है। महिलाएं पेंटिंग बनाकर अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है। इस पेंटिंग की मांग अब देश-दुनिया में होने लगी है।

## दिल्ली का न्यू झारखंड भवन भी सोहराई पेंटिंग से है सजा

दिल्ली का न्यू झारखंड भवन सोहराई पेंटिंग से सजा है। इस भवन के सजावट में झारखंड के चित्रकला की प्रसिद्ध शैली सोहराई पेंटिंग का उपयोग किया गया है। सोहराई पेंटिंग, जो झारखंड की पारंपरिक चित्रकला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में की जाती है और इसमें प्राकृतिक दृश्य, आदिवासी जीवन और संस्कृति को दर्शाया जाता है। यह पेंटिंग झारखंड भवन की दीवारों और अन्य सतहों पर सजावट के रूप में इस्तेमाल की गई है, जिससे भवन को एक अनूठा और सांस्कृतिक रूप मिला है। इस भवन का 110 फीट को ऊंचाई पर 7044 फीट बड़ी सोहराई पेंटिंग है सबसे खास।

इस भवन के बाहरी पेंटिंग को बनने में उन्हें 20 दिन का समय लगा था । यह पेंटिंग 110 फीट की ऊंचाई पर है और इस पेंटिंग को दूर से भी देखी जा सकती है ।वही इस भवन के अंदर लगभग 200 से अधिक पेंटिंग लगाई गई है और इस सबको बनने में करीब डेढ़ महीने का समय लगा है।और इसमें 40 कलाकार शामिल है।

यह पेंटिग झारखंड हाई कोर्ट, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजकीय म्यूजियम और भी कई जगह पर लगी है। सोहराई पेंटिंग की विशेषता इसकी सुंदरता, रंगों की जीवंतता, और आदिवासी जीवन की कहानियों को चित्रित करने की क्षमता में है।

यह पेंटिंग झारखंड भवन की दीवारों और अन्य सतहों पर सजावट के रूप में इस्तेमाल की गई है, जिससे भवन को एक अनूठा और सांस्कृतिक रूप मिला है। सोहराई पेंटिंग की विशेषता इसकी सुंदरता, रंगों की जीवंतता, और आदिवासी जीवन की कहानियों को चित्रित करने की क्षमता में है।



## झारखंड की जीआई टैग प्राप्त है सोहराई कला को

झारखंड की एक मात्र जीआई टैग प्राप्त सोहराई कला अब फैशनेबल युवाओं को आकर्षित करने लगी है। साड़ियों के साथ कई अन्य कपड़ों पर तैयार किए जा रहे हैंडमेड पेंटिंग को अमेरिका और ब्रिटेन तक कद्रदान मिलने लगे हैं। पटना के निफ्ट, पुणे के सिम्बायोसिस के अलावा दूसरे कॉलेजों की फैशन टेक्नोलॉजी की छात्राएं अब इस कला को सीख रही हैं। सोहराई झारखंड की एक पारंपरिक कला है जो म्यूरल आर्ट से लेकर घरों की दीवारों तक पर की जाती है। इसमें बनने वाले डिजाइनों में पेड़-पौधे, पत्ते, जीव-जंतु आदि के चित्र होते हैं। इसकी बारीकी इतनी है कि हर पत्ते और डिजायन का अपना एक खास मतलब होता है। इस कला को पारंपरिक तौर पर जिंदा रखना आर्टिजन के लिए एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। सिर्फ दीवार, लेदरा-केंदरा पर यह कला आगे नहीं बढ़ पा रही थी। ऐसे में इसे फैब्रिक्स कपड़ों पर लाना जरूरी समझा जा रहा था। राज्य में पहले भी इसके लिए बहुत कोशिश हुई है। एक साल से हजारीबाग के दीपूगढ़ा में इस कला को कपड़ों पर उतारने के लिए अलग से वर्कशॉप चलाया जा रहा है। इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आने लगे हैं। दीपूगढ़ा में सोहराई सीखने वाले विद्यार्थियों के माध्यम से इस कला को कपड़ों पर उतारा जा रहा है। साड़ी, स्टॉल, स्कॉर्फ, दुपट्टा पर सोहराई की पेंटिंग की जा रही है। इसके कई कद्रदान मिलने लगे हैं। विदेशों से इसकी डिमांड आने लगी है। एक साड़ी में पूरी तरह से सोहराई की डिजाइन बनाने में पांच से छह दिन और कभी-कभी तो 10 दिन तक तक का समय लग जाता है।

### आदिवासी लड़कियों और छात्राओं का सोहराई साड़ी पर कैटवॉक

सोहराई साड़ी पहनकर आदिवासी लड़कियां कैटवॉक करती हैं। वहीं फैशन टेक्नॉलोजी से जुड़ी छात्राएं भी इसमें मदद करती हैं। युवाओं में धीरे-धीरे क्रेज बढ़ाने में इन मॉडलों का बहुत हाथ है। इसमें मुख्य रूप से जेसिका जस्टिन और अलका इमाम की बेटी हैं। उनके पुत्र एडम इमाम इसकी पूरी पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। डिजाइन कैसा होगा उसका पूरा खाका तैयार करते हैं। सोहराई आर्ट के क्यूरेटर जस्टिन इमाम कहते हैं कि यहव्यापक कला है। इसको सिर्फ दीवार पर जिंदा नहीं रखा जा सकता। हमलोगों का मकसद है जैसे बिहार की मधुबनी पेंटिंग आर्ट पूरे देश में प्रचलित है, वैसे ही सोहराई की कला भी देश और विश्वस्तर पर प्रचलित हो।



प्रस्तुति : मनोज कुमार सिंह, शिवम श्रीवास्तव

# भारत जीता, सीरीज में 2-0 से आगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने बांग्लादेश से टी20 सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ग्वालियर के बाद अब दिल्ली में हुआ टी20 मुकाबला टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 86 रन से जीत लिया है। भारत के लिए यह मैच इसलिए भी खास रहा क्योंकि पहले खेलते हुए एक समय स्कोर 41 रन पर तीन विकेट था। ऐसे समय में नितीश रेड्डी और रिंकू सिंह ने फिफ्टी लगाकर स्कोर 221 तक पहुंचा दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना पाई। भारतीय स्पिनर्स वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा किफायती रहे। भारत ने 86 रन से मुकाबला जीतते ही तीन टी20 मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत :** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), नितीश रेड्डी, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव

**बांग्लादेश :** परवेज हुसैन इमोन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जेकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तंजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान

### टीम इंडिया : 221/9 (20 ओवर)

टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। 41 रन पर ही भारत ने संजू सैमसन 10, अभिषेक शर्मा 14 और कप्तान सूर्यकुमार यादव के विकेट गंवा लिए थे। लेकिन इसके बाद भारतीय टीम को नितीश रेड्डी और रिंकू सिंह का सहारा मिला। आईपीएल स्टार ने अपने टैलेंट को दिल्ली के मैदान पर दिखाया और 108 रन की साझेदारी की। रेड्डी ने जहां 34 गेंदों पर 4 चौके और 7 छक्कों की मदद से 74 रन बनाए तो वहीं, रिंकू सिंह ने 29 गेंदों पर 5 चौके और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। इस दौरान हार्दिक पांड्या भी रंग में दिखे। उन्होंने 19 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। रियान पराग ने 6 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 15 रनों का सहयोग दिया और भारत को 221 रनों तक पहुंचने में मदद की।

### बांग्लादेश : 135-9 (20 ओवर)

सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन और लिटन दास ने पहले ही ओवर में अर्शदीप को निशाना बनाया और 16 रन खींच लिए। लेकिन तीसरे ही ओवर में अर्शदीप ने वापसी करते हुए परवेज हुसैन को 16 रन पर बोल्ड करदिया। पांचवें ओवर में गेंदबाजी करने आए वरुण चक्रवर्ती ने लिटन दास (14) को बोल्ड कर बांग्लादेश को झटका दे दिया। इसके बाद कप्तान शान्तो महज 7 गेंदों पर 11 रन बनाकर वाशिंगटन सुंदर का शिकार हो गए। तौहीद 2 तो मेहंदी हसन मिराज 16 रन बनाकर आऊट हुए। तौहीद को अभिषेक तो मेहदी को रियान पराग ने आऊट किया। इसके बाद जेकर अली 1 रन बनाकर मयंक यादव का शिकार हो गए। बांग्लादेश के लिए महमदुल्लाह ने एक छोर संभाला और कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन उनकी टीम टारगेट से बेहद दूर रह गई।

## महिला टी20 : भारत ने श्रीलंका को दिया 173 रन का टारगेट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप में भारत और श्रीलंका के बीच ग्रुप ए का मैच दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। भारत के लिए यह मैच बड़े अंतर से जीतना जरूरी है। बहरहाल, टीम इंडिया ने शैफाली वर्मा के 43, स्मृति मंधाना के 50, हरमनप्रीत कौर के 52 रनों की बदौलत 172 रन बना लिए हैं।

**टीम इंडिया :** 172-3 (20 ओवर) न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में सधी हुई शुरूआत की। भारतीय ओपनर्स शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। स्मृति ने 38 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। उन्हें कंचना और चमारी ने रन आऊट किया। इसी ओवर की अगली गेंद पर शैफाली भी आऊट हो गई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौन ने एक छोर संभाला और रन बनाए। इस दौरान जेमिमा 10 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 16 रन बनाकर आऊट हुई। हरमनप्रीत ने 27 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार 9 अक्तूबर को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम टूनार्मेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले।

शंघाई मास्टर्स 2024

## जननिक सिनर, अल्कराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी



**शंघाई।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर का शंघाई मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में डेनियल मेदवेदेव से मुकाबला होगा, दोनों ने बुधवार को सीधे सेटों में जीत हासिल कर अंतिम 8 में प्रवेश किया। सिनर ने अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-4, 7-6(1) से हराया, जबकि मेदवेदेव ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को 7-6(3), 6-3 से हराया। 16वीं रैंकिंग वाले शेल्टन ने पिछले साल इसी चरण में सिनर को हराया था, लेकिन बुधवार को इटालियन खिलाड़ी शुरू से ही आत्मविश्वास में दिखे और 88 मिनट में जीत दर्ज की। सिनर ने कहा, "यह बहुत कठिन था, जब आप उनके खिलाफ खेलते हैं तो आपके पास इतना नियंत्रण नहीं होता... मैंने बस मानसिक रूप से मजबूत रहने की कोशिश की। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव और सितसिपास 14वीं बार आमने-सामने थे।

सितसिपास ने दूसरे सेट की शुरूआत जोरदार तरीके से की, पहले गेम में ब्रेक किया, लेकिन मेदवेदेव ने चौथे और आठवें गेम में ब्रेक करके आगे बढ़ गए। मेदवेदेव और सिनर इस साल टूनार्मेंट के अंतिम चरण में चार बार भिड़ चुके हैं। सिनर ने मियामी में सेमीफाइनल, यूएस ओपन में क्वार्टर फाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में मेदवेदेव को हराया था, लेकिन रूसी खिलाड़ी ने विंबलडन में अंतिम आठ में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में इतालवी खिलाड़ी की उम्मीदों को खत्म कर दिया था। क्वार्टर फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज भी पहुंच गए हैं, जिन्होंने एक सप्ताह पहले चाइना ओपन के फाइनल में सिनर को हराया था। 21 वर्षीय अल्कराज ने अनुभवी गेल मोनफिल्स को 6-4, 7-5 से शिकस्त देकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की।

## भारतीय महिला टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। एशियाई टेबल टेनिस संघ द्वारा 1972 में प्रतियोगिता आयोजित करने के बाद से यह भारत के लिए महिला टीम स्पर्धा में पहला पदक है। सेमीफाइनल में भारत जापान से 1-3 से हार गया जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चीन ने हांगकांग को 3-0 से हराया। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्ट को कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है। अयहिका मुखर्जी को पहले एकल मुकाबले में मिवा हरिमोटो से 2-3 (8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा। मनिका बत्रा ने सतसुकी ओडो पर 3-0 (11-6, 11-5, 11-8) की जीत के साथ स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, मीमा इटो ने सुतिर्था मुखर्जी को 3-0 (11-9, 11-4, 15-13) से हराया और हरिमोटो ने बत्रा को 3-1 (11-3, 6-11, 11-2, 11-3) से हराकर जापान के लिए मुकाबला पक्का कर दिया।

## मुझे खुशी है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार हैं: पीटी उषा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को दिल्ली में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के बाद 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने की उत्तराखंड की क्षमता पर विश्वास जताया। पीटी उषा ने कहा, "मुझे खुशी है कि उत्तराखंड के सीएम राष्ट्रीय खेलों और शीतकालीन खेलों की अच्छी मेजबानी के लिए तैयार और आश्वस्त हैं। 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित किए जाएंगे। इसका पूरा कार्यक्रम 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ शीतकालीन राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी उत्तराखंड में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है, जिसके लिए उन्होंने पीटी ऊषा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखंड पूरी तरह तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में काफी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर राज्य में खेलों को और बेहतर तरीके से आयोजित करने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल अब तक हुए राष्ट्रीय खेलों से भी बेहतर हों। खेलों की अच्छी व्यवस्था के साथ ही उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में देश भर से आने वाले खिलाड़ियों और लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की 16 सदस्यीय टीम में शामिल हुए तनुश कोटियन

एजेंसी

**मुंबई।** ईरानी कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद तनुश कोटियन को 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 के पहले दो राउंड के लिए 16 सदस्यीय मुंबई टीम में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए में, मुंबई शुक्रवार को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में बड़ौदा से भिड़ेगी। रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप ए की अन्य टीमें जम्मू और कश्मीर, सर्विसेज, मेघालय, त्रिपुरा और ओडिशा हैं। मुंबई 18 अक्टूबर से शरद पवार क्रिकेट अकादमी में महाराष्ट्र की मेजबानी करेगी। दलीप ट्रॉफी जीतने के बाद, इस ऑलराउंडर ने मुंबई को 27 साल बाद ईरानी कप जीतने में मदद की। उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक बनाया और दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर अपनी टीम को खतरनाक स्थिति से उबारा।

## टेस्ट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने जो रूट, कुक को छोड़ा पीछे

एजेंसी

**मुल्तान।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने बुधवार को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, वह टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। रूट ने मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर 71 रन का आंकड़ा छूते ही पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रूट अब तक इंग्लैंड के लिए लंबे प्रारूप में 12513 रन बना चुके हैं, समाचार लिखे जाने तक रूट 111 रन बनाकर नाबाद हैं। कुक ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए 12472 रन बनाए थे। रूट ने 43वें ओवर में पाकिस्तान के अबरार अहमद के खिलाफ सिर्फ एक सिंगल लेकर यह रिकॉर्ड हासिल किया।



# वित्तीय अनुशासन को लेकर आरबीआई गंभीर

## रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का जताया अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के अनुरूप लगातार 10वीं बार नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। माना जा रहा है कि आरबीआई ब्याज दरों में बदलाव या कमी करने के पहले सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों की भी समीक्षा करेगा। इन दोनों महीनो में भी अगर महंगाई के आंकड़े अनुकूल रहे, तो दिसंबर के महीने में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने पिछले महीने ही ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। यूएस फेड ने इस साल ब्याज दरों में और 50 बेसिस पॉइंट्स तक की कटौती करने का भी संकेत दिया है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के बाद दुनिया के कई देशों में ब्याज दरों में कटौती की गई या राहत पैकेज का ऐलान किया गया। चीन ने हाल में ही राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसी तरह न्यूजीलैंड में कल ही ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करके उनको 5.25 प्रतिशत से 4.75 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है। न्यूजीलैंड में अगस्त के महीने में भी ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में भी 5-1 के बहुमत से इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव कर नहीं करने का फैसला लिया गया। इसके पहले अगस्त के महीने में भी आरबीआई ने अपनी मॉनेटरी पॉलिसी में ये स्पष्ट कर दिया था कि ब्याज दरों में कमी का उसका कोई भी फैसला घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति पर निर्भर करेगा।

*माना जा रहा है कि आरबीआई ब्याज दरों में बदलाव या कमी करने के पहले सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों की भी समीक्षा करेगा।*



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई गवर्नर ने 7 अक्टूबर से शुरू तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। शक्तिकांत दास ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 6.7 फीसदी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग में सुधार, कच्चे माल की कम लागत और सरकारी नीतियों से विनिर्माण क्षेत्र में आ रही तेजी की वजह से चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने ब्याज दर को यथावत रखने के पक्ष में 5:1 के बहुमत से फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी। दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी किया गया है, जबकि तीसरी तिमाही के लिए अनुमान को 7.3 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी किया गया है। इसके अलावा चौथी तिमाही के लिए 7.4 फीसदी और अगले वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए 7.3 फीसदी कर दिया गया है।

### अब यूपीआई लाइट के जरिए एक बार में होगा एक हजार रुपये का भुगतान

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की बढ़ती लोकप्रियता को बढ़ावा देने के मकसद से यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक हजार रुपये और वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया है। फिलहाल यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा 500 रुपये और 2 हजार रुपये है। आरबीआई इस बारे में जल्दी ही दिशा-निर्देश जारी करेगा।

## दिसंबर में हो सकता है ब्याज दरों में कटौती का फैसला | सितंबर-अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगा फैसला

## हुंडई का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा प्राइस बैंड 1865-1960 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी




**मुंबई/नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी हुंडई की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा। हुंडई ने इसका मूल्?य का दायरा (प्राइस बैंड) 1865-1960 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एचएमआईएल का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा जो 17 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी के मुताबिक एंकर निवेशक 14 अक्टूबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी की योजना इसके जरिए का 27,870 करोड़ रुपये (लगभग 3.3 अरब डॉलर) जुटाने की है।

## पतंजलि फूड्स को पतंजलि होम व पर्सनल केयर डिवीजन के अधिग्रहण की मंजूरी

एजेंसी

PATANJALI

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के होम और पर्सनल केयर (एचपीसी) डिवीजन के अधिग्रहण करने को अपनी मंजूरी दे दी है। इस संबंध में आयोग का विस्तृत आदेश बाद में आएगा। सीसीआई ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि प्रस्तावित इस सौदे में पतंजलि फूड्स लिमिटेड (पीएफएल) के द्वारा पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के गैर-खाद्य होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) कारोबार का अधिग्रहण शामिल है।

## एक नजर

### अंचलाधिकारी को मिला बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

**नीलांबर पीतांबरपुर।** अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। बीडीओ सुकेशनी करकटिया के अवकाश में जाने के कारण यह पद कई महीनों से खाली था, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रभार संभालने के बाद, अंचलाधिकारी ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की और सभी विकास योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता के साथ निपटाया जाएगा। मनरेगा कर्मियों ने हड़ताल खत्म कर दी है, जिससे विकास योजनाओं में तेजी आएगी। बैठक में कई प्रखंडकर्मी भी उपस्थित थे।

### दुकान से नकदी सहित हजारों के सामानों की चोरी, मामला दर्ज

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी गांव में स्थित विनोद राम चंद्रवंशी की किराना दुकान में मंगलवार की रात्रि चोरी की घटना घटी है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने थाना को लिखित शिकायत की है। जिसमें 6 हजार 50 रुपया नकदी सहित हजारों रुपये के सामान के चोरी होने की बात कही है। इस सबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। पुलिस इस मामले की छानबीन व अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### तीन पंचायत सचिवों का तबादला

**हैदरनगर।** पलामू जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के तहत हैदरनगर प्रखंड के तीन पंचायत सचिवों का स्थानांतरण जबकि इस प्रखंड के लिये चार पंचायत सचिवों का पदस्थापन किया गया है। इस संबध में उपायुक्त के जारी अधिसूचना के मुताबिक इस प्रखंड में कार्यरत नन्देव उरांव, युगेश्वर यादव व जयकृष्ण सिंह का अन्यत्र स्थानांतरण किया गया है। वहीं अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारी, उमाकांत सिंह व शिवकुमार यादव को क्रमशः नौडीहा बाजार, सतबरवा, छत्तरपुर व नावाबाजार से हैदरनगर प्रखंड में योगदान देने का आदेश दिया गया है। बैठक में तीन वर्ष या इससे अधिक समय से प्रखंड में कार्यरत कर्मियों का तबादला किया गया है।

# महासप्तमी को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाई बैरिकेडिंग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। बुधवार को महासप्तमी के बाद लगभग तमाम पूजा पंडाल में दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं नवरात्रि को लेकर खरीदारी करते नजर आई। बाजार खुलने के तुरंत बाद बाद ही खरीदारों की भीड़ भी उमड़ रही है। शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी खरीदारी करने आ रहे है। शहरी क्षेत्र के प्रमुख बाटा रोड, पंचमुहान चौक,गणपति धर्मशाला रोड,लाल कोठा रोड,सब्जी बाजार की दुकानों में अत्यधिक भीड़ जुट रही है। दोपहर तक इन ग्रामीण क्षेत्र के खरीदार की भीड़ रहती है। जबकि दोपहर के बाद देर शाम तक शहरी क्षेत्र के लोगों की भीड़ बाजारों में लगी रहती है। भीड़ के कारण बाजार की रौनक बढ़ गई है। सबसे अधिक खरीदारी की भीड़ कपड़े की दुकान पर देखी जा रही है. साथ ही पूजा की सामग्रियों की दुकान पर भी अच्छी भीड़ बनी रही रहती है। लोग व्रत के कारण फल व ड्राई फ्रूट भी खरीदते नजर आ रहे हैं। त्योहार को लेकर नए कपड़े,जूते और चप्पल की दुकानों पर भी लोगों को देखा जा रहा है। बढ़ी मांग को देखते हुए काफी ऊंची दरों पर बिक रही है।




**पुलिस ने भीड़ को संभालने के लिए की बैरीकेडिंग :** दूसरी तरफ बाजारों भीड़ होने के कारण उसे नियंत्रित करने हेतु पुलिस ने जगह जगह पर बैरिकेडिंग लगाया हुआ है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक बैरिकेडिंग के पास दो जवानों को सुरक्षार्थ तैनात किया गया है। हालांकि बैरिकेडिंग होने के कारण लोगों को जहां-तहां बाइक पार्क करना पड़ रहा है। जिस कारण जगह-जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

**फलों एवं ड्राई फ्रूट के दाम में बढ़ोतरी :** फलों की कीमतों में इजाफा नवरात्र शुरू होने के साथ ही फलों के भाव बढ़ गये है। सेब 100 से 120 रुपये प्रतिकिलो से बढ़ कर 120 से 160 रुपये हो गया है. केला 60 से 70 रुपये प्रति दर्जन, अनार 180 से 200 रुपये किग्रा, नारियल 35-40 रुपये प्रति पीस हो गया है। थोक बाजार में पेटी पर ही भाव बढ़ा है। इसी से खुदरा भाव भी बढ़ा है।

## अफीम तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कचरवा डैम रोड स्थित संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास अफीम बेचने आए दो युवकों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक जूता में छुपा कर अफीम की बिक्री करने पहुंचा था। एक युवक खरीदार को ढूंढने के लिए निकला था। मौके पर मौजूदगी नहीं रहने कारण वह पकड़ में नहीं आ सका। उसकी पहचान हो गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है। बुधवार को एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद ने शहर थाना में पत्रकारों को बताया कि पुलिस कप्तान से प्राप्त सूचना के आलोक कचरवा डैम रोड स्थित संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से अफिम की बिक्री करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद उनके नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए कचरवा डैम रोड संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास पुलिस पहुंची। तब पुलिस को देखकर, वहां से एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए युवक को पकड़ा गया। नाम पता पूछते हुए उससे भागने का कारण पूछा तो उसके के द्वारा अपना नाम इजराईल आलम उर्फ गोल्डेन आलम पिता कलीम मियां, जमुना, थाना तरहसी बताते हुए भागने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसके पास मादक पदार्थ पाये जाने की संभावना देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा तलाशी ली गई। युवक के बांये पैर के जूता के अन्दर सफेद प्लास्टिक में पैक हुआ 260.36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम) की बरामदगी हुई। आरोपी ने बताया कि उसी के गांव का कलाम मियां के साथ यहां अफीम बेचने आये था। वह ग्राहक को लाने गया था। कलाम मियां की तलाश की जा रही है। अफीम के अलावा उसके पास से मोबाइल बरामद किया गया है।



## जो सबको साथ लेकर चलें वहीं जनता का सच्चा प्रतिनिधि : कमलेश सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को स्व. रामविलास पासवान स्मृति भवन व शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। स्व. रामविलास पासवान स्मृति भवन के उद्घाटन के मौके पर कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने रजवार भाईयों को महाराजा सुहेलदेव रजवार भवन बनवाने का काम किया। अल्पसंख्यक भाईयों के लिए निकाह भवन बनवाया, पासवान भाइयों की मांग पर स्व. रामविलास पासवान स्मृति भवन बनाया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सड़क नाली समेत विवाह मंडप का भी उन्होंने निर्माण कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में अतिरिक्त बड़ा भवन का निर्माण कराया। अब छात्रों को पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि किसी जात का नहीं होता, सम्पूर्ण क्षेत्र का होता है। उन्होंने कहा कि जो सबको साथ लेकर चले, वहीं सच्चा प्रतिनिधि होता है। उन्होंने स्व. रामबिलास पासवान स्मृति भवन के उद्घाटन के मौके पर सभी को नवरात्र व दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में गम्हारिया में विवाह भवन भी बनवाया जायेगा। जिससे सभी जाति धर्म के लोगों के बच्चे बच्चियों की शादी ब्याह में किसी तरह की परेशानी नहीं उठाना पड़े। इस मौके पर भाजपा नेता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम ने विधायक के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद का विकास इन्होंने ही पिछले कार्यकाल में किया था, बीच में किसी ने कुछ नहीं किया।

## पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**रमना।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एक दिन पूर्व ही मंगलवार की शाम दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी के नेतृत्व में रमना में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया था, जो थाना परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए भगत सिंह चौक (पीपल तर) से वापस थाना परिसर मे पहुंच कर समाप्त हुआ। इस क्रम में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए पूजा आयोजन समिति को सुरक्षा संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने जनता से अपील की कि इस पूजा के दौरान भ्रामक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से बचे। इस प्रकार भ्रामक सूचना फैला कर विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। आपसी सौहार्द खराब करने वालों पर कार्रवाई होगी।

## राम सीता विवाह कथा से श्रोता हुए भाव विभोर

**हैदरनगर।** हैदरनगर के श्री दुर्गा पूजा समिति बाजार के तत्वावधान में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के छठे दिन देवी स्वाति जी द्वारा राम कथा का अनुपम वर्णन किया गया। कथा के इस विशेष सत्र में देवी स्वाति जी ने श्रोताओं को संसार के प्रति उदासीनता और स्वभाव में परोपकारिता के महत्व का उपदेश दिया। उन्होंने भगवान राम और माता सीता के पुष्प वाटिका में प्रथम मिलन और उनके विवाह की कथा सुनाई जिसने भक्तों के मन में आस्था और श्रद्धा का संचार किया। श्री राम कथा में देवी स्वाति जी ने बताया कि भगवान राम का जीवन हमें त्याग, प्रेम और परोपकार का संदेश देता है। संसार में रहते हुए भी व्यक्ति को स्वार्थ और मोह से ऊपर उठकर दूसरों के भले के लिए परोपकार का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम-लक्ष्मण अपने गुरू विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर में भाग लेने के लिये जनकपुर पहुंचे। यहां भगवान राम की माता सीता से पुष्प वाटिका में भेंट होती है।

### राष्ट्रिय नवीन मेल की खबर के बाद एक्शन में अंचल प्रशासन, 24 घंटे में जवाब तलब

# आदिवासी खाते की भूमि का गलत म्यूटेशन मामला: सीओ ने प्रभारी सीआई को पद से हटाया, स्पष्टीकरण मांगा

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार में नगर ऊंटारी अंचल में आदिवासी खाते की जमीन का म्यूटेशन किये जाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अंचल प्रशासन हरकत में आ गया है। सीओ विकास कुमार सिंह ने उक्त मामले में एक्शन लेते हुए आरएसआई सह प्रभारी सीआई राजकुमार साहू को प्रभारी सीआई के प्रभार से मुक्त कर दिया है। उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ल्लेखनीय है कि गत 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार में नगर ऊंटारी अंचल में आदिवासी खाते की जमीन का म्यूटेशन किये जाने की खबर प्रमुखता से लगातार प्रकाशित की गई थी। सीओ ने आरएसआई सह प्रभारी सीआई राजकुमार साहू से पूछे गये स्पष्टीकरण में लिखा है कि जब उक्त म्यूटेशन पिटीशन को अंचल कार्यालय से दो बार एवं डीसीएलआर की कोर्ट से एक बार रिजेक्ट किया जा चुका था, तो किस परिस्थिति में तथ्य छिपाते हुए गलत नामांतरण के लिए रिपोर्ट दी गई। यह कार्य घोर लापरवाही को दशार्ता है। सीओ ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि यह कार्य व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण किया गया है, जो सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रतिकूल है। उन्होंने आरएसआई सह प्रभारी सीआई से 24 घंटों के भीतर जवाब मांगा है। समय पर जवाब न देने पर नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रपत्र क गठित कर उच्च अधिकारियों को भेजने की चेतावनी दी गई है। साथ ही, आरएसआई नागेश्वर राम को प्रभारी सीआई नियुक्त किया गया है।



**क्या था मामला**

नगर ऊंटारी अंचल कार्यालय के आरएसआई सह प्रभारी सीआई राजकुमार साहू ने 13 अगस्त को नगर ऊंटारी प्रखंड के बीडब्लूओ सोशलिस्ट राम की पत्नी नीलम देवी के जंगीपुर में स्थित 3 डिसमिल जमीन का म्यूटेशन करा दिया था। जबकि उक्त जमीन का म्यूटेशन पिटीशन पूर्व में दो बार अंचल कार्यालय और एक बार डीसीएलआर की कोर्ट से रिजेक्ट हो चुका था। इसके बावजूद आरएसआई सह प्रभारी सीआई ने गलत तरीके से रिपोर्ट कर म्यूटेशन करा दिया था। जमीन आदिवासी खाते की होने के कारण म्यूटेशन पिटीशन पहले ही रिजेक्ट हुआ था।

### सिलिदाग पूजा समिति ने कलश यात्रा निकाली

**रमना।** प्रखंड में सभी पूजा पंडालों के पट सप्तमी की पूजा के बाद खुल गए। जय भवानी संघ सिलीदाग, नव युवक संघ, मानस मंदिर, रमना, भागोडीह दुर्गा पूजा समिति,कर्णपुरा दुर्गा मंदिर, रमना सूर्या क्लब दुर्गा पूजा समिति, रमना बाजार दुर्गा मंदिर, रमना नीचे बाजार, दुर्गा पूजा समिति, बुलका दुर्गा पूजा, गम्हरिया दुर्गा पूजा क्लब, सहित सभी जगहों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गे के स्थापित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। सिलिदाग पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई यह यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई और मुख्य सड़क होते हुए झुरहा गड़गड़वा नदी कनवाह से वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद कलश में जल भरा और कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर में पहुंचा। कलश यात्रा में युवक-युवतियों के साथ बच्चे व समिति के लोग शामिल थे। कलश यात्रा में पंडित बब्लू पांडय, पुजारी मुकेश ठाकुर, कमेटी सदस्य सचिन, मनोज, संजय, गोलू एवं पंचायत के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

## आस्था

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल

## पूजा के बाद पंडालों के खुले पट, भक्तों की लगी भीड़

- भक्ति गानों से क्षेत्र का वातावरण हुआ भक्तिमय

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूजा को लेकर केतार बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। शारदीय नवरात्र के महासप्तमी को पूजा पंडालों में विशेष अनुष्ठान हुआ। मुकुन्दपुर, परती कुशवानी, छाताकुड़, पाचाडुमर, मेरौनी सहित कई जगह कलशयात्रा निकाली गई। मुकुन्दपुर गांव गांव में सर्व प्रथम श्रद्धालु जय माता दी के जयघोष करते और डीजे के धुन पर थिरकते हुए नारायण वन पहुंचे। वहां विधि विधान के साथ पूजा करने के बाद पंडा नदी पहुंचकर श्रद्धालु कलश में जल भरकर पुनः पूजा पंडाल पहुंचकर कलश स्थापना किए। पूजा अनुष्ठान के बाद पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। पंडाल के पट खुलते ही माता रानी का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्ति गानों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। कई पूजा पंडालों में विशेष भंडारा का आयोजन किया गया।



### विधि पूर्वक की गई मां की पूजा-अर्चना

**डंडई।** नवरात्र के सप्तमी तीथी को प्रखंड के विभिन्न गांव में स्थापित मां दुर्गे की पट को खोल दिया गया। वहीं मां का पट खुलते ही उनके दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ गई। उड़हुल से लेकर अन्य तरह के फूलों के साथ मां का दर्शन को लेकर श्रद्धालु पंडालों में पहुंच रहे हैं। इससे पहले विधि विधान के साथ पंडितों द्वारा हर गांव में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा का पूजा-अर्चना किया गया। डंडई गांव के देवी धाम स्थल पर स्थापित मां दुर्गे की पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई।

## हड़ताल के बाद मनरेगा कर्मी लौटे काम पर

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के मनरेगा कर्मी सरकार से वार्ता के बाद बुधवार को हड़ताल से वापस लौट आए। मनरेगा कर्मियों में ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता का नाम शामिल है। प्रखंड कार्यालय पहुंचे उक्त कर्मियों ने संयुक्त रूप से उस बाबत प्रधान लिपिक वीरेंद्र मांझी को लिखित आवेदन सौंपा। कर्मियों की ओर से सौंपे गए आवेदन पत्र में मुख्य रूप से हड़ताल से वापस लौटने की बातें लिखी गई थी। इससे दो दिन पूर्व कनीय अभियंता नंदकिशोर प्रसाद और कुमार विशाल ने प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया था। कर्मियों को हड़ताल से वापस लौटते ही बीपीओ रंजन कुमार ने उनके साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उनके द्वारा कर्मियों को कई तरह का आवश्यक निर्देश दिया गया। बीपीओ ने कहा कि हड़ताल पर चले जाने के कारण प्रखंड की मनरेगा योजना पूरी तरह शिथिल पड़ गया है। क्षेत्र में संचालित कई तरह के कार्य अब तक यथावत पड़ा है। उन्होंने कहा कि उक्त योजनाओं में गति लाने के लिए बैठक आयोजित कर कर्मियों को निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें योजना से संचालित अभिलेख, मास्टर रोल, मापी पुस्तिका का भौतिक सत्यापन कर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। वही बैठक में बीपीओ ने मनरेगा से जुड़े कार्यों को लेकर सभी कर्मियों से अपेक्षित सहयोग की अपील भी की। रोजगार सेवक प्रेमचंद वर्मा ने कहा कि हम सभी अपनी मांगों के समर्थन में पिछले कई दिनों से हड़ताल पर थे। हम लोगों को हड़ताल पर रहे लगभग 77 दिन का समय बीत गया।



## न्यूज बॉक्स

### मोहम्मदगंज में बन रही रेलवे की 130 मीटर लंबी तीसरी सुरंग

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन स्थल भीमचूल्हा के पास पूर्व के दो के समानांतर अब थर्ड रेल लाइन के विस्तार को लेकर तीसरे सुरंग का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। जो अन्य दो की अपेक्षा ज्यादा लंबी होगी। बताया गया कि इसकी लंबाई 130 मीटर होगी। करीब आधे से अधिक हिस्से का निर्माण पूरा कर दिया गया है। इसके कार्य को पूरा करने के लिए 6 माह का अवधि विस्तार मिला है। मसलन, मार्च 2025 में इसका निर्माण पूरा होने के साथ ही थर्ड रेल लाइन से माल ढुलाई के कार्य को निर्बाध गति मिलेगी। झारखंड से गुड्स ट्रेनों के परिचालन की संख्या में भी वृद्धि होगी। इसका निर्माण पूरा नहीं होने से ही थर्ड रेल लाइन के विस्तार का काम अबतक अधूरा रह गया है। इस सुरंग की खुदाई विशालकाय शिलाखंड को मशीनों से तोड़कर की गई है। बता दें कि सबसे पहले सुरंग का निर्माण अंग्रेज सरकार के समय रेल लाइन के विस्तार के दौरान किया गया था। जानकार बताते हैं कि तब डालमियानगर (बिहार) में कागज की फैक्ट्री के लिए बांस और सलई की लकड़ियों की जरूरत को पूरी करने के लिए छिपादोहर तक ही रेल लाइन बिछाया गया था। इसी से राजहरा कोलियरी से भी कोयले की ढुलाई होनी शुरू हो गई थी। बाद में पलामू और कैमूर के जंगलों के केंदू पत्तियों व किसानों के ईंख की ढुलाई किया जाने लगा था। केंदु पत्तियों के कारोबार के लिए मोहम्मदगंज के अलावा ऊंटारी रोड और रेहला (गढवा रोड) में गुजराती व्यापारियों के कई बड़े-बड़े गोदाम थे। हालांकि अब न तो डालमिया फैक्ट्री रही न केंदु पत्तियों के कारोबारी ही। तब सिंगल रेल लाइन की वजह से अप-डाउन दोनों रूट से माल और यात्री गाडियों का परिचालन होने लगा था। बाद में दुसरा सुरंग रेल लाइन के दोहरीकरण के दौरान 90 के दशक में बनाया गया। इस प्रकार ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान को लेकर दो अलग अलग रेल लाइन हो गए। जबकि अब तीसरे सुरंग के निर्माण पूरा होने के साथ केवल माल ढुलाई होगी। यहां अलग-अलग तीन समानांतर सुरंग भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर पहुंचने वाले सैलानियों के भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बह रही है भक्ति की बयार,मंगल भवन अमंगल हारी से गूंज रहा हैं क्षेत्र

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्ति की बयार बह रही है। कई जगहों पर रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ से मंगल भवन अमंगल हारी की ध्वनि से क्षेत्र गुलजार हो रहा है। पोलडीह गांव में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान व नवाह्न परायण जारी है। यज्ञाचार्य व कथावाचक वेदप्रकाशाचार्य महाराज के नेतृत्व में आयोजित देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व रामचरितमानस नवाह्न परायण अनुष्ठानजारी है।पाठकर्ता के रूप में कमलेश सिंह,कुंदन कुमार सिंह, राजा सिंह, अभिषेक सिंह, गोलू, अमरेश, दुदुन, गुड्ड, शोनु, छोटू, अमोल, मोहित शामिल हैं।

## पंडालों में मां का दर्शन के लिए खुला पट

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** शारदीय नवरात्रि के षष्टमी के दिन पंडालों का पट खुलते ही मां दुर्गा की प्रतिमा दर्शन के लिए पूजा मंडलों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धुरकी प्रखंड के चौक बाजार रोड स्थिति पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया। वहीं गांव के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दुर्गा पंडाल का पट खुला। पंडालों में मां दुर्गा का एक झलक देखने के लिए श्रद्धालु भक्ति भाव से पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक भीड़ धुरकी चौक एवं खाला मंदिर में रही। पूजा समिति द्वारा देवी दर्शन एवं पूजा के लिए महिला एवं पुरूषों के लिए अलग अलग लाईन की व्यवस्था किया गया। देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सहयोग किया जा रहा है। लोगों को पूजा स्थल की हर गतिविधियों की सूचना दी जा रही है। पंडाल घुमने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए पुलिस के जवानों को चौक-चौराहों व पंडालों के पास मौजूद रहने को कहा गया है। षष्टमी के दिन मां दुर्गा के कात्यायनी रूप की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए फल-फूल थाल में सजा कर पूजा पंडाल पहुंचे। उपवास रह कर पूजा अर्चना किया। नवरात्र को लेकर लोगों में भक्ति और उत्साह देखा जा रहा है। लोग पूजा के साथ साथ मेला घुमने का आनंद ले रहे है। पूजा को लेकर बच्चों एवं युवाओं में काफी उत्साह है। षष्टमी पर माता के मंदिरों में विशेष आरती, भजन कीर्तन एवं भक्ति संगीत का दौर जारी रहा। बुधवार सप्तमी को मां दुर्गा के कालरात्रि रूप की पूजा की जाएगी। वही नव युवक कल्ब दुर्गा पूजा समिति धुरकी चौक में बुधवार की सुबह को भक्तों के लिए पंडाल के पट खोल दिये गये। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने पूजा पंडाल का अनावरण किया। उन्होंने माता के सामने मत्था टेका और सबकी खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

## पेज एक के शेष

### तीन निर्दलीय विधायकों...

देवेंद्र को गन्नौर सीट पर कुल 77 हजार 248 वोट मिले वहीं कुलदीप शर्मा 42 हजार 39 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। इस तरह देवेंद्र ने 35209 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बहादुरगढ़ से कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर राजेश जून ने बागी होकर चुनाव लड़ा और वह कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र जून को हराकर विधानसभा में पहुंचे हैं। हिसार में भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाली सावित्री जिंदल ने भी जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। सावित्री जिंदल के बेटे नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं। सावित्री जिंदल ने कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास राड़ा को 18 हजार 941 वोटों के अंतर से हराया है।

### कांग्रेस ने ईवीएम...

जब कांग्रेस जीतती है, तो ईवीएम ह्यउत्कृष्ट वोटिंग मशीनह्ण होती हैं, लेकिन जब वे हारते हैं, तो ईवीएम ह्यदुष्ट वोटिंग मशीनह्ण नहीं बन जाती हैं। यह लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस हर संवैधानिक प्राधिकरण की विश्वसनीयता को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, जिस पर वे हमला कर सकते हैं। हरियाणा के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया देखकर हम सभी हैरान हैं। उनका कहना है कि नतीजे अप्रत्याशित हैं। जम्मू-कश्मीर में जहां इंडी गठबंधन है, वह कहते हैं कि यह हमारे लोकतंत्र की जीत है। ये दोहरे मानदंड और पाखंड क्यों हैं? उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दी कि विपक्ष के नेता के रूप में, पूरे देश को शर्मिंदा न करें, जिम्मेदार बनें और हार स्वीकार करें।


### बेकर, हसाबिस और...

और जम्पर गूगल डीपमाइंड में वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक हैं। वहीं, बेकर ने ह्यप्रोटीन संरचनाह्ण बनाने में असंभव उपलब्धि हासिल की है। हसबिस और जम्पर ने प्रोटीन की जटिल संरचनाओं की भविष्यवाणी करने की 50 साल पुरानी समस्या को हल करने के लिए एक एआई मॉडल विकसित किया है। नोबेल कमेटी फॉर केमिस्ट्री के अध्यक्ष हेनर लिंके ने कहा, इस वर्ष मान्यता प्राप्त एक खोज शानदार प्रोटीन के निर्माण से संबंधित है। दूसरा 50 साल पुराने सपने को पूरा करने के बारे में है। इन दोनों खोजों से व्यापक संभावनाएं हैं। बेकर ने एक नए प्रोटीन को डिजाइन करने के लिए 20 अमीनो एसिड का उपयोग करने में सफलता प्राप्त की। उसके बाद से उनकी शोध टीम ने एक के बाद एक कल्पनाशील प्रोटीन का निर्माण किया है, इनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल फार्मास्यूटिकल्स, वैक्सीन, नैनो मटेरियल और छोटे सेंसर के रूप में किया जा सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# कोलकाता हवाई अड्डे पर पहली बार उतरा विशाल बेलुगा एक्सएल विमान




एजेंसी

**कोलकाता ।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली बार एयरबस बेलुगा एक्सएल विमान उतरा। हवाई अड्डा प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। बेलुगा एक्सएल एयरबस का सबसे बड़ा विमान है, जो बेलुगा एसटी का उन्नत और बड़ा संस्करण है। इस विमान ने 2018 में अपनी पहली उड़ान भरी थी और नवंबर 2019 में यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी से प्रमाणन प्राप्त किया, जिसके बाद यह जनवरी 2020 में सेवा में प्रवेश कर गया। कोलकाता हवाई अड्डा पहले भी बेलुगा एसटी सीरीज के विमान को संभाल चुका है, लेकिन मंगलवार रात 10:43 बजे पहली बार बेलुगा एक्सएल विमान यहां उतरा। यह विमान बहरीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आया था और इसे पानी की सलामी दी गई। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह विमान पूर्वी भारत में बेलुगा एक्सएल जैसे बड़े विमानों को संभालने की सुविधा रखने वाले एकमात्र हवाई अड्डे पर उतरा। यह उड़ान चालक दल के आराम, उड़ान ड्यूटी समय सीमा और ईंधन भरने के लिए कोलकाता में रुकी। प्रवक्ता ने बताया कि यह विमान टूलूस स्थित एयरबस फैक्टरी से उड़ान भरकर तियानजिन, चीन के एयरबस यूनिट में कुछ उपकरण और कलपुर्जे ले जा रहा था। इसमें तीन पायलट और एक इंजीनियर मौजूद हैं। बेलुगा एक्सएल एक बड़ा परिवहन विमान है, जिसे मुख्य रूप से हवाई जहाज के बड़े घटकों जैसे पंख और धड़ को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस विमान को बुधवार शाम को फिर से ईंधन भरकर इसके प्रस्थान के निर्धारित 5:50 बजे रवाना किया गया है। यह विमान कोलकाता हवाई अड्डे के जे-1 बे पर खड़ा था।

# महराष्ट्र में एक साथ दस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन

**7600** करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया

**900** मेडिकल सीटें राज्य में और जोड़ेंगे 10 नए मेडिकल कॉलेज, बढ़ेगी सुविधा

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में नागपुर के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का शिलान्यास शामिल है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान, मुंबई और महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए कल आए विधानसभा चुनाव परिणाम ने देश के लोगों के मूड को स्पष्ट रूप से प्रकट कर दिया है। उन्होंने कहा कि दो कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद लगातार तीसरी बार हरियाणा में जीत ऐतिहासिक है।

## 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने का है संकल्प



लाल किले से 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने के अपने संकल्प को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के युवाओं के लिए नए रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के अधिक से अधिक बच्चे डॉक्टर बनें और उनके सपने पूरे हों। पीएम मोदी ने कहा कि एक समय में ऐसी विशिष्ट पढ़ाई के लिए मातृभाषा में किताबें उपलब्ध न होना एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस भेदभाव को खत्म किया और महाराष्ट्र के युवा मराठी भाषा में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे।

## स्वस्थ और समृद्ध महाराष्ट्र की नींव

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने राष्ट्र के विकास के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण का महायज्ञ शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम सिर्फ इमारतें नहीं बना रहे हैं, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध महाराष्ट्र की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाणे, अंबरनाथ, मुंबई, नासिक, जालना, बुलढाणा, हिंगोली, वाशिम, अमरावती, भंडारा और गढ़चिरौली जिले लाखों लोगों की सेवा के केंद्र बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 10 नए मेडिकल कॉलेज महाराष्ट्र में 900 मेडिकल सीटें और जोड़ेंगे, जिससे राज्य में मेडिकल सीटों की कुल संख्या लगभग 6000 हो जाएगी।

## इजरायल में चाकू से हमला, 6 लोग घायल हमलावर गिरफ्तार

**यरूशलम।** इजरायली पुलिस ने बताया कि बुधवार को उत्तरी इजरायल में चाकू से किए गए हमले में छह लोग घायल हो गए। संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि चाकूबाजी की घटनाएं तेल अवीव और हाइफा के बीच स्थित शहर हदेरा में चार अलग-अलग स्थानों पर हुईं। हमलावर की पहचान 36 वर्षीय इजरायली अरब नागरिक के रूप में हुई। हमलावर हदेरा के उत्तर में उम्म अल-फहम का रहने वाला है। वह स्कूटर पर सवार होकर मौके पर पहुंचा और हमला कर दिया। इजराइल की मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सेवा ने कहा कि पीड़ितों में से 5 की हालत गंभीर है और एक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध को पैर में गोली लगी है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले रविवार को इजरायल के शहर बीरशेबा में एक बंदूकधारी ने बस स्टेशन पर गोलीबारी की। गोलीबारी में महिला पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हो गए। हमलावर, जिसे आईडीएफ सैनिकों द्वारा घटनास्थल पर ही मार गिराया गया, की पहचान अहमद अल-उकबी, (29) के रूप में हुई।

# हर छह में से एक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की मेंटल हेल्थ समस्या

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** बढ़ती मानसिक बीमारी से तमाम देश, समाज, परिवारों पर कई तरह के कुप्रभाव पड़ने लगे हैं।जो वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंता का कारण बनने लगे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में दुनियाभर में 97 लाख से ज्यादा लोग मानसिक स्वास्थ्य विकारों से पीड़ित थे, जिनमें चिंता व अवसाद जैसी बीमारियां सबसे प्रमुख रही हैं। 2024 में यह संख्या बढ़कर करोड़ पार कर गई है। आंकड़ों के मुताबिक हर 6 में से एक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की मेंटल हेल्थ की समस्या हो सकती है। ये स्थितियां सामान्य आबादी की तुलना में पीड़ितों की आयु 10 साल तक कम कर सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर होने का जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऑफिस में काम करने वाले लोगों में मानसिक स्वास्थ्य विकारों के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ हालिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर इसी वजह से मौत के मामले भी सामने आए थे। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने



के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम है- इट्स टाइम टू प्रायरिटाइज मेंटल हेल्थ एट वर्कप्लेस यानी कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दिया जाना जरूरी है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लगभग 50% से ज्यादा आबादी को अपने जीवनकाल में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है। एक तिहाई अमेरिकियों का कहना है कि काम का दबाव व वर्कप्लेस से संबंधित समस्याएं उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। 80% का कहना है कि वे काम के दौरान अक्सर तनाव महसूस करते हैं। अमेरिकन साइकोलाजी एसोसिएशन ने इस समस्याओं को लेकर किए गए एक सर्वे में पुष्टि की है कि मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना कर्मचारियों के लिए उच्च प्राथमिकता होनी चाहिए है।

## बर्नआउट व तनाव से कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर प्रभाव

रिपोर्ट में महिला कर्मचारियों में बर्नआउट की चिंताजनक दर का खुलासा किया गया है, जिसके मुताबिक एक तिहाई से ज्यादा महिलाएं बर्नआउट की शिकायत करती हैं। बर्नआउट, तनाव से अलग स्थिति है जिसमें कर्मचारी अपने सामान्य स्तर पर काम करने में असमर्थ होते हैं, जिसके कारण कार्य की गुणवत्ता तो प्रभावित होती ही है, साथ ही ये स्थिति मानसिक दबाव को भी बढ़ाने वाली मानी जाती है। साल 2022 में किए गए एक सर्वे में 44% नियोक्ताओं ने कर्मचारियों में कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ते हुए देखा। रिपोर्ट से पता चलता है कि लंबे या अनियमित समय पर काम करने, वर्क-लाइफ बैलेंस प्रभावित होने, कर्मचारियों पर अत्यधिक काम का भार होने जैसी स्थितियां मेंटल हेल्थ की समस्याओं को बढ़ा रही हैं। इसके अलावा ज्यादातर कर्मचारियों को नौकरी जाने की चिंता बनी रहती है, इसका भी मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। इस बारे में मनोचिकित्सकों का कहना है कि कर्मचारियों में बढ़ रही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए सरकार व संबंधित विभागों को यह देखना चाहिए कि सभी नियोक्ता अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। इससे कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ेगी जो सीधे तौर पर उस कंपनी के विकास से जुड़ी होती है। इसके साथ जिस तरह से नियमित रूप से कार्यालयों में हेल्थ चेकअप किए जाएं , मेंटल हेल्थ स्क्रीनिंग हों। ताकि बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को कंट्रोल किया जा सके।इस बारे में संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच के साथ ही , इस प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। ताकि लोग खुद ही जांच के लिए आगे आएं और कलंक की भावना दूर हों। जैसे कि किसी कर्मचारी को डिप्रेशन है, तो उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी स्थिति का कंपनी पर असर पड़ सकता है, इस कारण वह कर्मचारी निदान के लिए आगे ही नहीं ये। ऐसा अक्सर होता है। इसलिए इस मामले में पेशेवर रवैया व स्क्रीनिंग का सरलीकरण करके कर्मचारियों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का पता लगाना व उपचार करना आसान बनाया जा सकता है। जिसका लाभ कर्मचारियों को तो होगा ही , उनके परिजन , कंपनी , समाज व देश को भी होगा।

## एजुकेशन/करियर

अर्थशास्त्र विषय की पढ़ाई कर के अपने करियर को बना सकते है। अर्थशास्त्र की पढ़ाई के बाद कई सारे रोजगार के अवसर मिलाता है। रोजगार का अवसर केवल भारत ही नहीं बलकी विश्व के हर देश में मिलता है। इस विषय की अर्थशास्त्र की पढ़ाई के लिए भारत में अनेको स्थान या विश्वविद्यालय है। वर्तमान समय में युवाओ के बीच काफी लोकप्रिय विषय भी है। अर्थशास्त्र की पढ़ाई के करने के बाद केवल शिक्षक हीं नहीं वलती कई अलगअलग संस्थानो पर नौकरी मिलती है। अर्थशास्त्र में आर्थिक विषयों की पढ़ीई होती है। अर्थशास्त्र को दो भागो में बाटा गया पहला व्यष्टी दूसरा समष्टी अर्थशास्त्र है। व्यष्टी का मतलब होता इकाई या छोटा वहीं समष्टी का मतलब होता है संपूर्ण या बडा। इन दो भागो में अर्थशास्त्र के विषय वस्तु को बांटा गया है।

# अर्थशास्त्र की पढ़ाई कर इन पदों पर बना सकते है अपना करियर

**शिक्षक और प्रोफेसर :** अगर आपका एकेडमिक फील्डक में रुझान है तो आपके लिए टीचिंग का पेशा बेहतरीन करियर स्कोप में से एक हो सकता है। इकोनॉमिक्सच स्नातक के रूप में, आप सीटीईटी या अन्य राज्य स्तरीय शिक्षण परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं और शिक्षक बन सकते हैं। अगर आपके पास एमए की डिग्री है, तो राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर या किसी शोध संस्थान में जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त कर सकते हैं। बेशर्त आपने एमए 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया हो।

**भारतीय आर्थिक सेवाएं :** इकोनॉमिक्स. में यह एक सर्वश्रेष्ठ करियर स्कोप में से एक है। आईईएस बनने के लिए आपको भारतीय आर्थिक सेवा परीक्षा में उपस्थित होना होगा, इसके लिए एमएससी या एमए में कम से कम 55% अंकों के साथ पास करना होगा। चयन के बाद, देश के लिए योजना आयोगों में आर्थिक योजना और विश्लेषण जैसे कार्य करने का अवसर मिलता है। योजना बोर्ड, आर्थिक मामलों के मंत्रालय, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण और अन्य विभागों में भी रखा जा सकता है। आईईएस परीक्षा यूपीएससी द्वारा आयोजित कराया जाता है।



**सांख्यिकीविद :** एक सांख्यिकीविद व्यावसायिक समस्याओं का सबसे उपयुक्त समाधान खोजने के लिए कठिन तथ्यों और संख्याओं का अध्ययन करते हैं। संक्षेप में, इनका काम मात्रात्मक डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने, व्याख्या करने और प्रस्तुत करने से संबंधित होता हैं।

**वित्तीय विश्लेषक :** भारत में वित्तीय विश्लेषकों को शानदार सैलरी मिलती है। एक वित्तीय विश्लेषक किसी कंपनी को स्मार्ट निवेश निर्णय लेने में मदद करने के लिए बाजार के रुझान, जनसांख्यिकी और सूक्ष्म आर्थिक कारकों का अध्ययन करता है।

**बाजार अनुसंधान विश्लेषक :** इनका कार्य अपने ज्ञान, विश्लेषणात्मक और सांख्यिकीय स्किल्स का उपयोग कर मार्केट के उतार चढ़ाव का पता लगाते हें। ये डेटा का इस्तेमाल कर कंपनी के मुनाफे को महत्व पूर्ण सुझाव देते हैं, जिससे जोखिम कम हो सके। भारत में आज एक मार्केट रिसर्च एनालिस्ट की बहुत डिमांड है।

**क्रेडिट विश्लेषक :** एक क्रेडिट एनालिस्ट ऐसा विशेषज्ञ होते है, जो किसी भी व्यक्ति या व्यवसाय की साख का निर्धारण करता है। वे संभावित ग्राहकों का सूक्ष्म आर्थिक विश्लेषण करते हैं, ताकि उन्हें ऋण देने से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन और पहचान की जा सके।

**बीमांकक और डेटा विश्लेषण :** बीमांकिक विज्ञान के तहत व्यवसायों और संगठनों को प्रभावित करने वाले जोखिमों और अनिश्चितताओं को मापने और प्रबंधित करने पर रिसर्च किया जाता है। ऐसे जोखिमों की भविष्यवाणी करने और उनके प्रबंध के लिए परिसंपत्ति प्रबंधन, देयता प्रबंधन, गणित और संभाव्यता, डेटा विश्लेषण और मूल्यांकन सहित कई स्किल्स और ज्ञान की जरुरत होती है, जिसके लिए अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति की जाती है।

**अनुसंधान और परामर्श :** इकोनॉमिक्स् के ग्रेजुएड इकोनॉमिक्स रिसर्च में करियर का विकल्प चुन सकते हैं, जिसमें उन्हें कई तरह के काम जैसे कि डेटा एकत्र करना, बाजार के रुझान का पूर्वानुमान, आर्थिक और सांख्यिकीय डेटा का अध्ययन करना होता है। उम्मीदवार परामर्श फर्मों में भी शामिल हो सकते हैं या स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। आम तौर पर, आर्थिक सलाहकार वित्तीय सेवाओं, श्रम, बाजार विश्लेषण, दूरसंचार आदि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञ के रूप में काम करते हैं।

**अर्थशास्त्री :** इनका कार्य डेटा इकट्ठा करने का होता है। इसके लिए ये डेटा नमूनाकरण और सर्वेक्षण तकनीकों की मदद से पूर्वानुमान लगाते हैं और वर्तमान और ऐतिहासिक दोनों प्रवृत्तियों का मूल्यांकन करते हैं। इनका यह कार्य व्यवसायों और संगठनों के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**बीएफएसआई :** बीएफएसआई इकोनॉमिक्स में सबसे लोकप्रिय करियर स्कोप है। बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए, आप ईबीपीएस और स्टेट बैंक भर्ती परीक्षा जैसी परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, अर्थशास्त्र की बड़ी कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में भी काम के अवसर मिल सकते हैं। सार्वजनिक, निजी या विदेशी बैंकों में क्लर्क, विकास अधिकारी, शाखा प्रबंधक, आर्थिक सलाहकार आदि के रूप में भी काम कर सकते हैं।